आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ. रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 58 अंक 341 | उज्जैन, बुधवार 24 दिसम्बर, 2025 | पौष शुक्ल 4 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### श्रीमद्भगवदगीता धर्म ग्रंथ नहीं, नैतिक विज्ञान है, केंद्र की दलील खारिज

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में स्पष्ट किया है कि विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम के संदर्भ में श्रीमद्भगवदगीता को धार्मिक ग्रंथ नहीं माना जा सकता। अदालत ने कहा कि केवल गीता और योग की शिक्षा देने के आधार पर किसी ट्रस्ट को एफसीआरए पंजीकरण से वंचित नहीं किया जा सकता। इसी आधार पर कोर्ट ने अर्शा विद्या परंपरा ट्रस्ट को एफसीआरए पंजीकरण देने से इनकार करने के केंद्रीय गृह मंत्रालय के फैसले को खारिज कर दिया। यह मामला तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित एक ट्रस्ट से जुड़ा है, जो श्रीमद्भगवदगीता के अध्ययन और शिक्षण का कार्य करता है। केंद्र सरकार ने यह कहते हुए ट्रस्ट का एफसीआरए आवेदन खारिज कर दिया था कि उसकी गतिविधियां धार्मिक प्रकृति की हैं, इसलिए उसे विदेशी फंडिंग की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### उन्नाव रेप केस में पूर्व भाजपा विधायक को जमानत

**उन्नाव।** उन्नाव रेप केस में उम्रकैद की सजा काट रहे भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट ने बेल दे दी है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद और हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच ने सेंगर की सजा को अपील पर सुनवाई पूरी होने तक सस्पेंड कर दिया। सेंगर ने सजा के खिलाफ अपील की है। अदालत ने कुलदीप सिंह सेंगर को 15 लाख रुपए के निजी मुचलके पर सशर्त रिहा करने का आदेश दिया है। साथ ही 4 शर्तें भी लगाईं– हर सोमवार को पुलिस को रिपोर्ट करना होगा। पासपोर्ट संबंधित प्राधिकरण के पास जमा कराना होगा, ताकि देश छोड़कर न जा सकें। एक भी शर्त तोड़ी तो बेल रद्द कर दी जाएगी।

### कपिल शर्मा के शो

### नेटफ्लिक्स पर कॉपीराइट उल्लंघन के आरोप




**बिना परमिशन 3 गाने इस्तेमाल किए, बॉम्बे हाईकोर्ट में दर्ज हुई याचिका**

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स के पॉपुलर शो द कपिल शर्मा शो के खिलाफ पीपीएल (पीपल परफॉर्मेंस लिमिटेड) ने बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया है। आरोप हैं कि कपिल शर्मा के शो में 3 गानों का इस्तेमाल किया गया है, जिसके लिए उनसे प्रोड्यूसर्स या मेकर्स ने किसी तरह की परमिशन नहीं ली है। मिड डे की रिपोर्ट के अनुसार, पीपीएल द्वारा 12 दिसंबर को बॉम्बे हाईकोर्ट में कपिल शर्मा के शो के खिलाफ कमर्शियल याचिका दायर की गई है। कॉपीराइट नियमों का उल्लंघन का आरोप लगाते हुए याचिका में कहा गया है कि जून से सितंबर के बीच 3 लाइसेंसी गानों का इस्तेमाल बिना इजाजत किया गया है। इन गानों का कॉपीराइट पीपीएल इंडिया के पास है। बिना इजाजत इन गानों का इस्तेमाल कमर्शियल तौर पर करना कॉपीराइट कानून का उल्लंघन है। इन गानों का इस्तेमाल सिर्फ लाइसेंस होल्डर ही कर सकते हैं। पीपीएल ने याचिका में मांग की है कि जल्द से जल्द कॉपीराइट वाले गानों का बिना लाइसेंस इस्तेमाल होने पर रोक लगाई जाए। इसके गैरकानूनी इस्तेमाल से हुई कमाई का खुलासा किया जाए और उल्लंघन से जुड़ी सामग्री जब्त की जाए। 12 दिसंबर को याचिका दायर करने से पहले नवंबर की शुरूआत में पीपीएल इंडिया ने नेटफ्लिक्स और कपिल शर्मा शो के मेकर्स को एक सीज एंड डिसिस्ट नोटिस जारी किया था, लेकिन उन्हें महज टालने वाले जवाब ही मिलें और साउंड रिकॉर्डिंग को अब भी एपिसोड्स में दिखाया जा रहा है।

### रात में बनी 6 करोड़ की सड़क सुबह उखड़ी

**सरगुजा।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में नेशनल हाईवे 43 पर 6 करोड़ की लागत से सड़क मरम्मत का काम किया जा रहा है। 20 दिसंबर की रात 600 मीटर बीटी पैच रिपेयरिंग का काम किया गया था। इसमें 7 मीटर हिस्सा अगले दिन सुबह ही उखड़ गया। सुबह नगर निगमकर्मी मटेरियल कचरा गाड़ी में भरकर ले गए। इस घटिया निर्माण का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद नेशनल हाईवे चीफ इंजीनियर ने सब इंजीनियर नवीन सिन्हा को सस्पेंड कर दिया है। वहीं नेशनल हाईवे के अधिकारियों ने बताया कि सदर रोड बहुत व्यस्त सड़क है, इसलिए यहां दिन में काम करना संभव नहीं होता।

### मंदिर से एक करोड़ की कीमत वाले दो चंदन के पेड़ को काट कर ले भागे चोर

**पटना।** बिहार प्रदेश के बक्सर में प्रसिद्ध नाथ बाबा मंदिर परिसर से चोरों ने दो बेशकीमती सफेद चंदन के पेड़ चोरी कर पुलिस और प्रशासन को खुली चुनौती दी है। दरअसल यह वारदात रविवार की देर रात में मंदिर से सटे एसडीएम आवास की चहारदीवारी फांदकर अंजाम दी गई। इस घटना से एसडीएम आवास के पास सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। रविवार को मध्य रात्रि शातिर चोरों ने मंदिर में स्थित दोनों सफेद चंदन के पेड़ों की कटाई कर फरार हो गए। चोरी किए गए इन दोनों पेड़ों की अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। इस घटना के बाद मामले की जांच में स्थानीय पुलिस प्रशासन जुट गया है।

---

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार पर साधा निशाना, ठेका और सरकारी अस्पताल में 100 मरीजों को मुफ्त इलाज का उठाया मुद्दा

# मध्य प्रदेश में ठेके पर चलेगा मंत्रालय! जीतू पटवारी का बड़ा दावा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और सीएम डॉ. मोहन यादव धार और बैतूल में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने जिला अस्पतालों को निजी संस्थाओं को देने का विरोध किया है।

जीतू पटवारी ने भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि अगर यही प्रोसेस रहा तो अभी मप्र में करीब 3 हजार पंचायतें ठेके पर चली गई हैं। सरपंच चुना जाता है एक संस्था आती है वो उससे कहती है कि हम आपको साल भर में 25 लाख रुपए दे देंगे, लेकिन पूरी पंचायत हम अपने हिसाब से चलाएंगे। कई जगह इसकी रिसर्च करेंगे तो वास्तविकता समझ आ जाएगी।



जीतू पटवारी ने कहा- अगर पंचायतें ठेके पर हैं ऐसे ही जिला अस्पताल ठेके पर जा रहे हैं। उसके बाद किसी दिन पता चला कि मंत्रालय ठेके पर चलने लग गए। एक दिन ऐसा न हो जाए कि मुख्यमंत्री मोहन यादव बन जाएं और कह दें मुझे पीपीपी मॉडल पर ठेके पर ले लो।

### प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में सौ बेड पर फ्री इलाज हो

पटवारी ने कहा– आज मप्र में जितने प्राइवेट सेक्टर के मेडिकल कॉलेज हैं उनमें सौ बेड पर फ्री इलाज होना चाहिए, ये नियम है। लेकिन मप्र में एक मेडिकल कॉलेज बता दो जहां सौ बेड पर फ्री इलाज होता हो। हम पूरे मप्र में आठ दिन का अभियान चलाकर अपने कार्यकर्ताओं नेताओं को मेडिकल कॉलेजों में भेजेंगे जो यह देखेंगे कि सौ बेड पर फ्री इलाज मिलता है कि नहीं। एक भी मेडिकल कॉलेज ऐसा नहीं जहां सौ बेड पर फ्री इलाज मिल रहा हो। अब सरकारी हॉस्पिटल बेच रहे हो, जेपी नड्डा आएंगे और आप कर्ज का उत्सव मनाओगे और हमारी ही संपत्ति बेचोगे। सीरप से हमारे बच्चों की मौतें हो गई। मप्र वासियों को यह समझना पड़ेगा। **स्वास्थ्य सेवाएं आपात काल में चली गईं-** पटवारी ने कहा– मप्र स्वास्थ्य सेवाएं आपात काल में चली गई हैं। मप्र के सीएम स्वागत और अभिनंदन में लगे हैं। अगर आपने कर्ज लिया और उसका उत्सव मनाया तो दो साल बाद हमारी कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी वो कर्ज हमें चुकाना पड़ेगा।

### दो संस्थाओं को 4 जिला अस्पताल देने पर उठाए सवाल

जीतू पटवारी ने कहा 4 जिला अस्पताल निजी संस्था को दे दिए। जैसे पर्ची से मुख्यमंत्री आए वैसे ऊपर से पर्ची आती है कि इनको चार हॉस्पिटल दे दो और मुख्यमंत्री ने हॉस्पिटल दे दिए। आप बखान करते हो कि अपना क्या जा रहा है अपना हॉस्पिटल सरकारी, आएंगे दूसरे अपने लोगों का फ्री इलाज होगा। काम वो करेंगे और इलाज अपना होगा। करो अभिनंदन, बजाओ ताली....

### स्वास्थ्य सेवाएं कांग्रेस पार्टी ने खड़ी की

जीतू ने कहा– ये मेडिकल सेवाएं कांग्रेस पार्टी ने खड़ी की। बीजेपी ने एक भी व्यवस्था नहीं की। बीजेपी ने जो मेडिकल कॉलेज बनाए उनमें मशीनें नहीं हैं। एक भी मेडिकल कॉलेज में पूरे उपकरण नहीं हैं। जेपी नड्डा को यह बताना पड़ेगा कि साइंस हाउस ने सरकारी पैसे से फ्री में जांच की बात हुई थी। हमारे मप्र की साढ़े सात करोड़ जनता है और 14 करोड़ से ज्यादा जांचें एक साल में हो गईं। यानी साइंस हाउस ने एक साल में एक व्यक्ति की दो बार जांच कर दी? ये सरकार ने विधानसभा में जयवर्धन सिंह के प्रश्न के उत्तर में बताया है। हमारे देश के स्वास्थ्य मंत्री हमारी पोषित संपत्तियां दान में दे रहे हैं ये कैसे संभव है? एक ही समूह से जुड़ी दो संस्थाओं को 4 जिला अस्पतालों को मोहन सरकार ने बेच दिया।

---

माता वैष्णोदेवी दर्शनों से नया साल शुरू करने वाले श्रद्धालुओं के लिए जानना जरूरी


# श्रद्धालुओं को पंजीयन के 24 घंटे में दर्शन कर लौटना होगा

## श्राईन बोर्ड ने नए साल पर आने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था को लेकर बदलाव किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगर आप नए साल में माता वैष्णोदेवी के दर्शन करने जा रहे हैं तो इस बात के लिए तैयार रहें कि पंजीयन के 24 घंटे में आपको माता के दर्शनों की यात्रा पुरी करनी होगी। भैरो घाटी क्षेत्र में 2 घंटे से ज्यादा नहीं रह सकेंगे। रिफ्ड कार्ड लेने के बाद 10 घंटे में यात्रा शुरू करनी होगी, अन्यथा फिर से पंजीयन करवाना होगा। वैष्णोदेवी श्राईन बोर्ड ने नए साल में आने वाले श्रद्धालुओं के भीड़ प्रबंधन के लिए कई सारे निर्णय लिए हैं।

नए साल में उज्जैन से माता वैष्णोदेवी के दर्शन के लिए जमकर श्रद्धालु जाते हैं। माता के दर्शनों के साथ ही कई श्रद्धालु अपने नए साल की शुरूआत करते हैं। उज्जैन के श्रद्धालुओं के लिए यह जानना जरूरी है कि माता वैष्णोदेवी श्राईन बोर्ड ने श्रद्धालुओं की बेहतर व्यवस्था एवं भीड प्रबंधन का दावा करते हुए नए साल में कुछ नए निर्णय लागू किए हैं। श्राईन बोर्ड ने इसके लिए कटरा से लेकर माता मंदिर परिसर एवं भैरो घाटी क्षेत्र में कंट्रोल रूम बनाए हैं। सैंकड़ों कैमरों से यात्रियों पर नजर रखी जाएगी।



### ये बदलाव किए

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड में यात्रा को लेकर कुछ बदलाव किए हैं। नई पाबंदी के तहत श्रद्धालुओं को पंजीकरण करवाने के बाद माता वैष्णो देवी की यात्रा को 24 घंटे में पूरी करना होगी। इस बदलाव से कटरा से माता वैष्णो देवी के मंदिर परिसर तक भक्तों की भीड़ को नियंत्रित किया जा सकेगा। अब श्रद्धालु रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटी कार्ड यानी रिफ्ड कार्ड लेता है तो उसे यह कार्ड लेने के 10 घंटे के भीतर अपनी यात्रा शुरू करनी होगी। ऐसा नहीं करने वाले श्रद्धालु को यह कार्ड दोबारा बनवाना पड़ेगा। जो भी श्रद्धालु अपनी यात्रा बाणगंगा से पैदल शुरू करता है उसे 24 घंटे के भीतर वापस बाणगंगा रिपोर्ट करना होगा।

**2 घंटे में भैरव घाटी की यात्रा पूरी करनी होगी-** श्राइन बोर्ड ने माता वैष्णो देवी मंदिर परिसर से लेकर भैरों घाटी तक जाने वाले रोपवे के लिए जारी की जा रही टिकटों के लिए भी समय निर्धारित किया है। अब जो भी श्रद्धालु यह टिकट लेता है उसे 2 घंटे के भीतर अपनी भैरों घाटी की यात्रा पूरी करनी होगी।

---

कांग्रेस नेता गोलू के खिलाफ ईडी का चालान

## अवैध डब्बा व्यापार और ऑनलाइन सट्टेबाजी से कमाए 404 करोड़ रुपए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर कांग्रेस नेता विशाल उर्फ गोलू अग्निहोत्री के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इंदौर कोर्ट में मंगलवार को चालान पेश कर दिया है। उनके करीबी तरुण श्रीवास्तव के खिलाफ भी चालान दाखिल किया है। यह चालान इंदौर स्थित ईडी की स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में पेश हुआ है। मामला अवैध डब्बा व्यापार और ऑनलाइन सट्टेबाजी के गिरोह से जुड़ा है, जिसकी गतिविधियां इंदौर, मुंबई, अहमदाबाद, चेन्नई और दुबई तक फैली थीं। इस पूरे नेटवर्क से करीब 404 करोड़ रुपए की कमाई की गई थी।

ईडी की जांच में सामने आया कि विशाल उर्फ गोलू अग्निहोत्री इस नेटवर्क का मुख्य संचालक था, जबकि तरुण श्रीवास्तव उसकी मदद करता था। तरुण दिन-प्रतिदिन के वित्तीय संचालन और फर्जी खातों को संभालता था। नेटवर्क में श्रीनिवासन रामासामी ने फर्जी ट्रेडिंग और एमटी5 सर्वरों को कॉन्फिगर किया था। समानांतर सट्टेबाजी नेटवर्क में धवल देवराज जैन ने भूमिगत प्लेटफॉर्म



लोटसबुक247 का संचालन किया। धर्मेश रजनीकांत त्रिवेदी ने ऑफशोर इकाई आईबूल का प्रबंधन किया, जबकि निधि चंदनानी ने दुबई स्थित संरचनाओं के माध्यम से कैश फ्लो और हेर-फेर में सहायता की। जांच में पाया कि ग्राहकों को नकली ट्रेड दिखाए गए थे। वी मनी और 8 स्टॉक हाइट जैसे प्लेटफॉर्म पर ट्रेड किसी मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज से नहीं किए गए थे। वहीं, लोटसबुक247 और 11 स्टोर्स जैसे सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म गुमनाम खातों और एन्क्रिप्टेड संचार के जरिए संचालित किए जा रहे थे। हेरफेर किए गए ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटों और अनियमित व्हाइट-लेबल एप्लिकेशन से 404.46 करोड़ रुपए की आपराधिक आय का पता चला है।

---

चुनाव आयोग ने एसआईआर की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की

## प्रदेश में 42.74 लाख नाम कटे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने मंगलवार को मध्य प्रदेश में एसआईआर की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की है। इसके मुताबिक राज्य की वोटर लिस्ट में से 42.74 लाख नाम हटाए गए हैं। इनमें 19.19 लाख पुरुष और 23.64 लाख महिलाएं हैं। इसके अलावा 8.40 लाख नाम ऐसे हैं, जिनकी मैपिंग नहीं हुई है। आज केरल, छत्तीसगढ़ और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की ड्राफ्ट लिस्ट भी पब्लिश हुई। इससे पहले चुनाव आयोग 7 राज्यों पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, गोवा, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी कर चुकी है।

इन राज्यों में अलग-अलग कारणों से कुल 2 करोड़ 70 लाख से ज्यादा नाम ड्राफ्ट रोल से हटाए गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 97 लाख तमिलनाडु से फिर गुजरात से 73 लाख और बंगाल से 58 लाख नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में से बाहर किए गए हैं। 2025 की स्थानीय निकाय चुनावों के लिए तैयार वोटर लिस्ट के मुताबिक केरल में 2.86 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड वोटर हैं। एसआईआर के तहत मतदाता सूची का 99% से अधिक डिजिटलीकरण पूरा हो गया है और लगभग 25 लाख नाम हटाए जा सकते हैं। केरल विधानसभा की सभी 140 सीटों पर 2026 में चुनाव होना है।

---

बांग्लादेश में हिंदू युवक की जघन्य हत्या का भारत में विरोध

## विश्व हिंदू परिषद का 6 शहरों में प्रदर्शन

### ढाका में भारतीय उच्चायुक्त तलब

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद देशभर में प्रदर्शन कर रही है। मंगलवार सुबह वीएचपी के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर प्रदर्शन किया।

दिल्ली के अलावा वीएचपी ने



मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, भोपाल और जम्मू में रैली निकालकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। बांग्लादेश में 18 दिसंबर की रात हिंदू युवक दीपू चंद्र की हत्या कर दी गई थी। पहले यह दावा किया जा रहा था कि दीपू ने फेसबुक पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी की थी, लेकिन शुरूआती जांच में इसका कोई सबूत नहीं मिला। इस बीच बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया है। यह 10 दिन में दूसरी बार है, जब भारतीय उच्चायुक्त को बुलाया गया है। बांग्लादेशी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद भारत विरोधी प्रदर्शनों और फिर मैमन सिंह जिले में दीपू की मॉब लिंचिंग को लेकर दोनों देशों के रिश्ते काफी बिगड़ गए हैं।

---

# ट्रम्प ने सालभर में 18 हजार करोड़ का चंदा लिया

## बदले में करोड़ों के फायदे दिए, लिस्ट में सुंदर पिचाई और सत्या नडेला जैसे 6 भारतवंशी भी शामिल

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी टीम ने बड़े पैमाने पर चंदा जुटाया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की जांच में सामने आया है कि चुनाव के बाद ट्रम्प और उनके करीबियों ने करीब 2 अरब डॉलर (18 हजार करोड़ रुपए) अलग-अलग फंड और योजनाओं के लिए इकट्ठा किए। यह रकम उनके इलेक्शन कैंपेन के लिए जुटाई गई राशि से भी ज्यादा है।

रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी कागजात, फंडिंग रिकॉर्ड और कई लोगों से बातचीत करके पता लगा कि कम से कम 346 बड़े दानदाता ऐसे हैं, जिनमें से हर एक ने 2.5 लाख डॉलर या उससे ज्यादा का चंदा दिया।

इन लोगों से ही करीब 50 करोड़ डॉलर से ज्यादा की रकम आई। इनमें से लगभग 200 दानदाता ऐसे हैं,



जिन्हें या जिनके कारोबार को ट्रम्प सरकार के फैसलों से फायदा मिला। इनमें सुंदर पिचाई और सत्या नडेला जैसे 6 भारतवंशी बिजनेसमैन शामिल हैं। इन फायदों में कई बातें शामिल हैं। किसी को राष्ट्रपति की तरफ से माफी मिली, किसी के खिलाफ चल रहे केस खत्म हो गए, किसी कंपनी को बड़े सरकारी ठेके मिल गए तो किसी को सीधे व्हाइट हाउस तक पहुंच मिली या सरकार में बड़ा पद दिया गया। हालांकि रिपोर्ट यह भी कहती है कि यह साबित करना मुश्किल है कि किसी ने पैसा दिया और बदले में सीधा फायदा मिला, लेकिन इतना जरूर है कि पैसे और फायदों का यह रिश्ता सवाल खड़े करता है।

### अब जानिए, ट्रम्प की टीम ने फंड कैसे जुटाया

- ट्रम्प की टीम ने पैसे जुटाने के लिए कई अलग-अलग रास्ते बनाए। इनमें सबसे बड़ा है मेगा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) आईएनसी जो एक सुपर पीएसी है। पीएसी एक ऐसा संगठन होता है, जो राजनीति के लिए पैसा इकट्ठा करता है और उस पैसे से किसी उम्मीदवार या पार्टी का समर्थन करता है।
- इसने नवंबर 2024 से जून 2025 के बीच करीब 200 मिलियन डॉलर जुटाए। इसके अलावा ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह के लिए बनी कमेटी ने करीब 240 मिलियन डॉलर जुटाए, जो अमेरिका के इतिहास में सबसे ज्यादा है।
- इतना ही नहीं, व्हाइट हाउस में एक शानदार बॉलरूम बनाने के लिए भी चंदा लिया जा रहा है। ट्रम्प का कहना है कि इसके लिए करीब 350 मिलियन डॉलर जुट चुके हैं, हालांकि टाइम्स को करीब 100 मिलियन डॉलर के दानदाताओं की पुष्टि मिली है। यह पैसा 'ट्रस्ट फॉर दे नेशनल मॉल' नाम के संगठन के जरिए लिया जा रहा है।

---

## यमुना एक्सप्रेसवे पर 6 जिलों की महापंचायत में टिकैत ने भरी हुंकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जमीन अधिग्रहण को लेकर लंबे समय से नाराज चल रहे किसानों का गुस्सा खुलकर सामने आया। यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो प्वाइंट पर बड़ी संख्या में किसान एकजुट हुए और अधिकारियों को साफ कहा कि अब वादों से काम नहीं चलेगा, अब हमें ठोस फैसला चाहिए।

भारतीय किसान यूनियन की इस महापंचायत में छह जिलों से किसान शामिल हुए। सभी किसानों ने एक सुर में मुआवजे और रोजगार से जुड़े मुद्दे उठाए। वहीं इस महापंचायत में राकेश टिकैत की मौजूदगी ने माहौल को और गर्मा दिया। इसी दौरान राकेश टिकैत ने सरकार को समाधान के लिए 14 जनवरी तक का अल्टीमेटम दिया है और अरावली विवाद पर भी बयान देते हुए चेतावनी दी है।



### पांच घंटे तक चली महापंचायत

सोमवार सुबह यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो प्वाइंट पर गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा और आगरा जिले के किसान बड़ी संख्या में एकत्र हुए। किसानों की यह महापंचायत पांच घंटे तक चली, जिसमें एकत्र हुए सभी किसानों ने अपनी मांगें खुलकर रखीं। किसानों का कहना था कि अधिकारियों ने विकास के नाम पर उनसे जमीन तो ले ली, लेकिन उसके बदले उन्हें जो हक मिलना चाहिए था, वह अभी तक अधूरे हैं। इसी नाराजगी की वजह से किसानों ने प्रशासन और प्राधिकरणों के खिलाफ आवाज उठाई।

## मंगलवार का महाकाल श्रृंगार



## ...तो क्या ग्रामीण आगे लडते रहेंगे...

हाल ही के दिनों में जिले के एक नगर परिषद क्षेत्र से एक खबर सामने आई थी जिसमें दो गांवों के बीच पानी को लेकर लडाई का मामला सामने आया था। एक गांव के लोंगों ने डेम में पानी कम होने की स्थिति में अपना हक जताते हुए दुसरे गांव की मोटर,पाईप में तोडफोड की थी। इसके विरूद्ध दुसरे गांव ने दुसरे दिन चक्काजाम किया और वर्दी के पास अर्जी लेकर पहुंचे थे। वर्दी ने जब अर्जी सूनी तो एक गांव वाले वर्दी केंद्र पर खिलाफ हुई कार्रवाई के विरोध में धरना देने बैठ गए थे। ये मामला सीधे तौर पर देखा जाए तो क्षेत्र में पानी के संकट एवं उसके लिए योजना का अभाव एवं भविष्य को लेकर चिंतन के अभाव से जुडा हुआ है। इसमें ग्रामीणों को लडाया जा रहा है। सीधे तौर पर जब यहां नगर पंचायत परिषद का गठन किया गया तो क्षेत्र में आने वाले डेम के विकास एवं उसे विकसित करने की और ध्यान दिया जाना मूल रूप से संबंधित विभागों की जिम्मेदारी थी। डेम की गहराई को बढाया जाना चाहिए था साथ ही उसकी भरण क्षमता को भी विकसित किया जाना चाहिए था। इसके लिए क्षेत्रीय स्तर पर माननीयों को भी इस काम के लिए योजना बनवाना था और उस पर सरकार से स्वीकृति लाकर काम करवाना चाहिए था। जल संरक्षण से संबंधित विभाग को इसके लिए बराबर ध्यान देना चाहिए था। जिले में ऐसे कई तालाब एवं डेम हैं जिनके पानी को लेकर विवाद की स्थिति बनती है वहां पर ऐसे जल स्त्रोंतों के विकास की स्थिति की योजनाओं पर काम किया जाना चाहिए था। इस पूरे प्रकरण में यह भी सामने आया कि ग्रामीणों के बीच यह विवाद पिछले 6 सालों से है और उसका निदान ही नहीं हो रहा है। यह भी अपने आप में आश्चर्यजनक ही कहा जाएगा। माननीयों के साथ जिम्मेदारों की अनदेखी की इसे हद ही कहा जाएगा। खुसूर-फुसूर है कि वर्तमान में जनता के हितों के कामों को जिम्मेदार कम ही तवज्जों देते हैं। इसकी अपेक्षा माननीयों की खुशी के लिए काम ज्यादा किया जाता है। ग्रामीणों के बीच विवाद के बाद भी इस जल स्त्रोत के विकास को लेकर कोई पहल न होना अपने आप में लडाई देखते हुए चप्पल औंधी कर मजे लेने जैसा ही कहा जाएगा।




## तरणताल पर स्वीमिंग पूल का निर्माण जल्द करें

**उज्जैन।** देवास रोड स्थित नगर निगम के तरणताल परिसर में हो रहे निर्माण कार्यों को सोमवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने अवलोकन किया। उन्होंने शेष बने काम को जल्द निपटाने के निर्देश दिए। काम में गति के लिए संबंधित ठेकेदार से संसाधन एवं मैनपॉवर बढ़ाने के निर्देश भी दिए। मौजूद साइड कर्मचारियों ने बताया कि करीब 6 करोड़ रुपए से हो रहे निर्माण कार्य में स्वीमिंग पूल का काम कुछ शेष है। पूल का 90 प्रतिशत काम हो चुका है। बचे हुए काम भी अंतिम चरण के फिनिशिंग वर्क है। फिल्टर प्लांट की टेस्टिंग भी करा ली गई है। पूल के बाहरी साइड का काम चल रहा है।

### कडे नियमों को धता बता कर योजना के मजे लेने वाले आएंगे घेरे में, अपात्र की स्थिति सामने आने पर सरेंडर करवाए जाएंगे कनेक्शन

# अब उज्जवला का लाभ ले रहे अपात्रों पर होगी तिरछी नजर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जवला योजना के कडे नियमों को धता बताकर योजना के मजे लेने वाले लोगों के दिन लदने वाले हैं। बहुत जल्द योजना का लाभ ले रहे अपात्रों पर खाद्य विभाग की तिरछी नजर पडने वाली है। अपात्र की स्थिति सामने आने पर कनेक्शन सरेंडर करवाए जाने की कार्रवाई होना बताया जा रहा है। इस मामले में जिला आपूर्ति अधिकारी के मोबाईल रिसिव नहीं करने से उनका पक्ष सामने नहीं आ सका है।

उज्जवला 3.0 योजना में कड़ी शर्तें लागू की गई है। सबसे माहत्वपूर्ण यह है कि जिस भी व्यक्ति की मासिक आय 10 हजार रुपए से अधिक है वह योजना के लिए पात्र नहीं होगा। इसके साथ ही 12 अन्य बिंदू भी योजना की पात्रता के लिए तय किए गए है। कार व कृषि यंत्र का उपयोग करने वाले जिन लोगों ने भी उज्वला 3.0 योजना में गैस कनेक्शन लिए हैं वे अब जांच के दायरे में आएंगे।इसे लेकर जिला आपूर्ति अधिकारी शालू वर्मा से उनके मोबाईल नंबर पर संपर्क का प्रयास किया गया लेकिन उनके मोबाईल रिसिव नहीं करने के कारण उनका पक्ष सामने नहीं आ सका है।




### ये हैं योजना में अपात्र

परिवार के किसी भी सदस्य की मासिक आय 10 हजार रुपए से अधिक । आयकर का भुगतान करता हो, परिवार का सदस्य सरकारी नौकरी करता हो। सरकार के पास पंजीकृत गैर-कृषि उद्यमों वाला परिवारा 50 हजार से अधिक की क्रेडिट सीमा वाला किसान क्रेडिट कार्ड धारी। एक सिंचाई उपकरण के साथ 25 एकड से अधिक सिंचित भूमि स्वामी । दो या अधिक फसल मौसमों के लिए 5 एकड या इससे अधिक सिंचित भूमि का स्वामी । कम से कम एक सिंचाई उपकरण केसाथ 7.5 एकड या इससे अधिक का भू स्वामी ।

### गैस कनेक्शन नि :शुल्क,सब्सिडी रू .478 की

योजना में गैस कनेक्शन भी नि:शुल्क दिया जा रहा है। इसमें एक सिलेंडर, चूल्हा, रेग्यूलेटर, नली आदि शामिल है। इसके लिए लोग अपात्र होने के बाद भी उज्वला 3.0 योजना का लाभ ले रहे हैं। हितग्राहियों को केंद्र सरकार की ओर से रूपए 354 और राज्य शासन की से रूपए 124 इस प्रकार कुल 478 रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। ऐसे में एक सिलेंडर मात्र 452 रुपए का पड रहा हैं। यह अब उनके लिए परेशानी का कारण बन सकता है।

### सब मापदंड पूर्ण करने वाले ही पात्र

उज्वला योजना के वास्तविक पात्र लोगों के पास मोबाइल कहां से आएगा। यह उनके लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। उज्जवला 3.0 योजना में वे ही पात्र हितग्राही माने जाएंगे जो सब मापदंड पूर्ण करते हैं। ऐसे में जिन लोगों ने तय मापदंड के बाद भी उज्वला गैस कनेक्शन ले रखे है, उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश शासन की ओर से जारी किए गए है। इसके लिए जिला स्तर पर मॉनिटरिंग करने के लिए एक कमेटी का गठन भी किया गया है।

सामान्य कनेक्शन का भी 31 दिसंबर तक केवायसी करना अनिवार्य किया गया है। इसके बाद कनेक्शन विच्छेद करने के आदेश कम्पनी की ओर से जारी किए गए है।एजेंसी संचालकों के सामने बड़ी समस्या यह खड़ी हो रही है कि वे ग्राहक द्वारा भरकर दिए गए फार्म को प्रमाणित कैसे करें। जो भी ग्राहक ने भरकर दिया है उसे स्वीकार करने के सिवाए कोई दूसरा विकल्प नहीं है। इसके याद भी यदि उज्जवला कनेक्शन की जांच के दौरान अपात्र को कनेक्शन जारी करना पाया जाता है तो एजेंसी संचालक पर कार्रवाई का प्रावधान किया गया है।

### सरकारी नौकरियां का साल रहेगा 2026

# उज्जैन के बेरोजगार युवाओं के लिए खुशखबरी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन के उन बेरोजगार युवाओं के लिए यह खुशखबरी ही होगी कि उन्हें नये वर्ष में नौकरी करने के लिए अवसर प्राप्त होने वाले है क्योंकि वर्ष 2026 में कई नौकरियों के लिए भर्ती परीक्षाएं होने वाली है। कुल मिलाकर साल 2026 सरकारी नौकरियां का साल रहेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मप्र लोक सेवा आयोग और मप्र कर्मचारी चयन मंडल ने भर्ती परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी है। कर्मचारी चयन मंडल और मप्र लोक सेवा आयोग ने भर्तियों का संभावित परीक्षा कैलेंडर भी जारी कर दिया है।



इसके मुताबिक एमपी-पीएससी अगले साल 10 भर्ती परीक्षा कराने जा रहा है। इनमें सबसे अधिक भर्तियां सहायक प्राध्यापक के पद पर होंगी। वहीं कर्मचारी चयन मंडल 11 भर्ती परीक्षाएं कराएगा। इन परीक्षाओं से 1 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां मिलेंगी। गौरतलब है कि मप्र सरकार ने ढाई लाख पदों को भरने का टारगेट सभी विभागों को दिया है। इसके तहत प्रदेश के सभी विभागों के खाली पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। कर्मचारी चयन मंडल और मप्र लोक सेवा आयोग ने साल 2025 की शुरूआत से भर्ती परीक्षा कराने की तैयारी शुरू की थी। पिछले परीक्षा कैलेंडर की कई परीक्षाएं साल के अंत तक नहीं हो पाई हैं। इसको देखते हुए अगले साल कर्मचारी चयन मंडल और मप्र लोक सेवा आयोग सभी परीक्षाओं को समय पर कराने की तैयारी कर रहा है। पिछले साल की बची भर्ती परीक्षाओं के साथ ही अन्य भर्ती परीक्षाओं को जोडकर आगामी साल का परीक्षा कैलेंडर जारी किया गया है। 2025 की लंबित परीक्षाओं की तिथियां भी घोषितः कैलेंडर में वर्ष 2025 की कुछ परीक्षाओं की तिथियां भी शामिल की गई हैं। सहायक प्राध्यापक (कंप्यूटर साइंस) परीक्षा- 2025 का आयोजन 4 जनवरी 2026 को किया जाएगा। वहीं उप संचालक प्राचार्य (वर्ग 2) एवं सहायक संचालक (तकनीकी) परीक्षा 2025 22 फरवरी 2026 को तथा राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा 22 मार्च 2026 को प्रस्तावित है। आयोग द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार अगले साल राज्य सेवा, राज्य वन सेवा, राज्य अभियांत्रिकी सेवा सहित सहायक प्राध्यापक की कई परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इससे लाखों अभ्यर्थियों को परीक्षा की तैयारी का स्पष्ट रोडमैप मिल गया है। आयोग के अनुसार राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का आयोजन 26 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। इसके बाद राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2026 का आयोजन 7 सितंबर से 12 सितंबर 2026 के बीच प्रस्तावित है, जबकि राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा 2026 27 सितंबर 2026 को आयोजित होगी। मप्र कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) अगले साल 18 परीक्षाएं कराएगा। इनमें 11 भर्ती परीक्षा होगी। फरवरी 2026 में ग्रुप-1 सब-ग्रुप-2 भर्ती परीक्षा (10 फरवरी), तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारी भर्ती परीक्षा 18 फरवरी तथा ग्रुप-5 स्टाफ नर्स संयुक्त भर्ती परीक्षा प्रस्तावित है।

# पहली बार बांस से तैयार किया क्रिकेट बैट

### पेटेंट के लिए आवेदन किया



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन जिले के तराना तहसील के रहने वाले घनश्याम पाटीदार ने एक अनोखा नवाचार किया है। उन्होंने बांस से क्रिकेट बैट तैयार कर यह साबित कर दिया है कि देसी संसाधनों से भी बेहतरीन खेल उपकरण बनाए जा सकते हैं। यह नवाचार बल्लेबाजों के गेंदबाजों का सामना करने के तरीके को बदल सकता है, खासकर टी 20 फॉर्मेट में।

घनश्याम पाटीदार ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग के उद्देश्य से उन्होंने यह प्रयोग किया। पारंपरिक लकड़ी के मुकाबले बांस हल्का, मजबूत और टिकाऊ होता है, जिससे यह क्रिकेट बैट खेलने के लिए उपयुक्त साबित हो सकता है। घनश्याम के बेटे परीक्षित इसका इस्तेमाल नेट प्रैक्टिस में कर रहे हैं।

परीक्षित के अनुसार, बांस का बल्ला इंग्लिश या कश्मीर विलो के बल्ले की तरह न केवल किफायती और टिकाऊ है, बल्कि मरम्मत योग्य भी होता है। उन्होंने कहा कि इससे शॉट खेलना आसान हो जाता है और गेंद बाउंड्री के पार चली जाती है।

# 300 किलोमीटर में बिछेगी फाइबर लाइन

### रेलवे और टेलीकॉम कंपनियों के अधिकारियों के साथ सिंहस्थ तैयारियों को लेकर बैठक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और मेला अधिकारी आशीष सिंह ने रेलवे और टेलीकॉम कंपनियों के अधिकारियों के साथ सिंहस्थ तैयारियों को लेकर बैठक की। सिंहस्थ के मद्देनजर रेल्वे ओवरब्रिज प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में बताया कि रेल्वे ओवर ब्रिज एलसी नं 23 उज्जैन नागदा रेल सेक्शन का निर्माण पूर्ण हो चुका है। रेलवे ओवर ब्रिज एलसी नं 7 इंदौर-देवास-उज्जैन रेल सेक्शन विक्रम नगर प्रगतिरत है। फ्रीगंज आरओबी में केबल शिफ्टिंग और पाइप लाइन शिफ्टिंग कार्य तेज गति से पूरे करने का कहा। कुल स्वीकृत 13 रेल्वे ब्रिज में से 7 ब्रिज पर काम प्रारंभ हो गया है। मेला अधिकारी ने सेतु निगम को रेलवे अधिकारियों के साथ समन्वय कर समय सीमा में कार्य पूरे करने के निर्देश दिए।

टेलीकॉम कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक में सिंहस्थ अंतर्गत नेटवर्क प्लान पर चर्चा की गई। इनमें सिंहस्थ के दौरान वर्तमान की टॉवर साइट को अपग्रेड करने, नए टॉवर लगाने पर चर्चा हुई। टेलीकॉम कंपनी अधिकारियों ने बताया कि उनकी कार्ययोजना में सिंहस्थ के दौरान मेला क्षेत्र में 300 किमी क्षेत्र का फाइबर डाला जाएंगा। पहले से मौजूद इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करना होगा। जो क्षेत्र अधिक के आवागमन का होगा। उसे कवर करने के लिए 100 के लगभग पोल साईट लागी जाएंगे।

मेला क्षेत्र, महाकालेश्वर व अन्य प्रमुख मंदिर और उज्जैन आने वाले मुख्य मार्गो पर फोकस किया जाएगा। इसके लिए हार्ड पाईप डाले जाने पर चर्चा की गई। मेला अधिकारी ने कहा, जहां भी अस्थाई लोकेशन स्थापित करने हैं, उनकी जानकारी उपलब्ध कराएं। बैठक में लोक निर्माण विभाग के सेतु निगम अंतर्गत बनाए जाने वाले ब्रिज की समीक्षा की गई। बताया कि कमेड ब्रिज, कर्कराज पार्किंग से भूखी माता, तपोभूमि से हामूखेड़ी मार्ग, नर्सिंग घाट पर ब्रिज का काम चल रहा है। सिद्धवट से अंगारेश्वर सब मर्सिबल ब्रिज की डिजाइन की स्वीकृति होना शेष है। इसे शीघ्र स्वीकृत करवाकर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

मेला अधिकारी ने हरिफाटक से लालपुल के सड़क निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने का कहा। कलेक्टर ने भूमि अधिग्रहण से संबंधित समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

## शोक बैठक



वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व पार्षद वार्ड क्र. 20
श्रीमती काशीबाई पंवार
(सेवानिवृत्त शासकीय ANM, सख्याराजे प्रसूति गृह, उज्जैन)
दि. 22 दिसंबर 2025, सोमवार को स्वर्णसीढ़ी से आरोहित, शतायु होकर स्वर्गवासी हो गई हैं, जिनकी शोक बैठक प्रतिदिन शाम 5 से 7 बजे निज निवास-11/2, श्रीकाशी धाम, निकास चौराहा के समीप, उज्जैन पर रखी गई है।
शोकाकुल : मगनसिंह पंवार, विजयसिंह पंवार, अशोकसिंह पंवार, शैलेन्द्रसिंह पंवार एवं समस्त पंवार परिवार, उज्जैन

### पुल्कित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे ने फिल्म को लेकर अपने अनुभवों के बारे में खुलकर मीडिया से बातचीत की, 'राहु केतु' का नया गाना 'किस्मत की चाबी' हुआ लॉन्च




# 'राहु केतु' फिल्म के प्रमोशन के लिए उज्जैन पहुँचे कलाकार, मीडिया से हुए रूबरू

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

दर्शकों के बीच फिल्म 'राहु केतु' को लेकर खासा उत्साह है। इसके प्रमोशन के सिलसिले में पुल्कित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे उज्जैन पहुँचे। सभी कलाकार मंगलवार को मीडिया से रूबरू हुए और फिल्म को लेकर अपने अनुभवों के बारे में सभी ने खुलकर बातचीत की।

उज्जैन में फिल्म का नया गाना 'किस्मत की चाबी' भी रिलीज किया गया और अब यह सभी प्लेटफॉर्म्स पर धूम मचा रहा है। पॉप स्टार राजा कुमारी और अभिनव शेखर की आवाज में और संगीत व बोल भी अभिनव शेखर के हैं। यह ट्रैक जबरदस्त एनर्जी, जोश और दमदार सोशल मैसेज का परफेक्ट कॉम्बिनेशन है, जहाँ संगीत सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि सोच बदलने का जरिया बनता है।

यह गाना मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव की मौजूदगी में लॉन्च किया गया और सीधे जुड़ता है राज्य के नशा मुक्ति अभियान से, जो समाज, परिवार और युवाओं पर नशे के असर से लड़ने का मिशन है। 'किस्मत की चाबी' इस सोच को ताकत देता है कि जागरूकता, सही समय पर कदम और मिलकर जिम्मेदारी निभाने से सच में बदलाव आ सकता है।

पुल्कित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे पर फिल्माया गया यह गाना 'राहु केतु' की कहानी से एकदम घुल-मिल जाता है और एडिक्शन जैसे गंभीर मुद्दे को भावुक, समझने लायक और रिलेट करने जैसा बनाता है। यह गाना याद दिलाता है कि बदलाव की शुरूआत सोच से होती है और सही सपोर्ट, समझ और हौसला सब कुछ बदल सकता है।

विपुल गर्ग द्वारा निर्देशित और जी स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत 'राहु केतु' जी स्टूडियोज और बीलाइव प्रोडक्शंस की फिल्म है, जो किस्मतों की टक्कर, ग्रहों की गड़बड़ी और मस्तीभरे हाहाकार के बीच जबरदस्त एंटरटेनमेंट का वादा करती है। 'राहु केतु' 16 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

म.प्र. स्तरीय नागर ब्राह्मण प्रतिभाशाली छात्र प्रोत्साहन समिति उज्जैन द्वारा
## 48 वां पुरस्कार वितरण समारोह
(नागर रत्न स्व. श्री विष्णुप्रसादजी नागर की स्मृति में)
समस्त छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं सम्मानित अतिथियों का
हार्दिक अभिनन्दन
सांस्कृतिक संध्या
स्व. श्री रमेशचंद्रजी रावल की स्मृति में आयोजित
श्रीमती भागवंती रावल, श्री राकेश रावल और श्री शैलेंद्र रावल माकड़ौन डेलची द्वारा
दिनांक 24/12/2025, वार- बुधवार
सायं 5 से 7 नागर डायनामिक सिंगर ग्रुप की प्रस्तुति एवं सायं 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम
स्थान- पं. सूर्यनारायण व्यास सभागृह कालिदास अकादमी, कोठी रोड, उज्जैन


स्व. श्री गोवर्धनलाल मेहता
संस्थापक, दैनिक अवन्तिका

समाज के सभी सम्माननीय परिवार सहित सादर आमंत्रित हैं।
सौजन्य से
दैनिक अवन्तिका


स्व. श्री विष्णुप्रसाद नागर
समिति संस्थापक

### पिता-पुत्र ने 17 वर्षीय भतीजे के पेट में घोंपा चाकू, परिजन बड़ोद से उज्जैन लाए थे

# डॉक्टर चाकू निकाल पाते उससे पहले युवक की हुई मौत

## मृतक नाबालिग को पोस्टमार्टम के लिए चरक अस्पताल लाया गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



जमीन को लेकर हुए विवाद में पिता पुत्र ने 17 वर्षीय भतीजे के पेट में घोंपे दिया। गहराई में लगा चाकू पेट में ही फंस गया। घायल हालत उसे बड़ोद से उज्जैन लेकर पहुचे। डॉक्टर चाकू निकाल पाते उससे पहले ही घायल की मौत हो गई।

आगर मालवा के बड़ोद स्थित ग्राम गिरोली से बहादुर पिता बालूसिंह सिसोदिया 17 साल को आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज उज्जैन लाया गया था। उसके पेट की गहराई में चाकू फंसा हुआ था। डॉक्टर चाकू निकालने का प्रयास शुरू करते उससे पहले ही बहादुर की मौत हो गई। मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को मिलते ही मेडिकल कॉलेज पहुंची और मृतक नाबालिग को पोस्टमार्टम के लिए चरक अस्पताल लाया गया। घटनाक्रम बड़ोद से जुडा होने पर संबंधित थाना पुलिस को सूचना दी गई और मर्ग कायम किया गया। सोमवार सुबह बड़ोद पुलिस उज्जैन पहुंची। जिनकी मौजूदगी में चिमनगंज थाना पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि बहादुर को चाकू बड़े पापा कनीराम और उसके पुत्र सुजान सिंह ने मिलकर घोंपा था। कनीराम और मृतक बहादुर के पिता बालूसिंह के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। बालूसिंह ने जमीन का सौदा कर लिया था लेकिन कनीराम उसे पर अपना कब्जा बनाकर रखना चाहता था।





### दोनों पिता पुत्र फरार हैं जिनकी तलाश जारी है

सोमवार को भी दोनों भाइयों के बीच विवाद हुआ था। इस दौरान बीच बचाव में बालू सिंह का पुत्र बहादुर पहुंचा था लेकिन बड़े पापा कनीराम और उसके पुत्र सुजान सिंह ने मारपीट शुरू कर दी। बहादुर विवाद के बाद घर लौट रहा था तभी बड़े पापा उसका पुत्र बाइक से पीछा करते हुए आए और चाकू घोंप दिया था। चिमनगंज थाना पुलिस के अनुसार मामला हत्या का होना सामने आया है। बड़ोद पुलिस उज्जैन पहुंच गई थी जिन्हें पोस्टमार्टम के बाद मर्ग डायरी जांच के लिए सौपी गई है। बड़ोद पुलिस के अनुसार घटनाक्रम सोमवार को ही सामने आ गया था घायल को आगर अस्पताल भेजा गया था, जहां से उज्जैन रेफर किया गया था। मृतक बहादुर पर चाकू से हमला करने वाले दोनों पिता पुत्र फरार हैं जिनकी तलाश जारी है।

## प्रदेश की खबरें

### भागवत कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीला सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**उज्जैन।** क्षीरसागर स्थित नीमा धर्मशाला में आयोजित सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा में सोमवार को कथावाचक गोस्वामी गोवर्धनेश महाराज ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। वेणु गीत और गोवर्धन लीला का संगीतमय रसपान कराया। गोवर्धन एम. नीमा ने बताया कथा के दौरान परिषद द्वारा प्रकाशित पुस्तक गोपी गीत का विमोचन किया गया। इसमें कृष्ण और गोपियों की कथा का वर्णन है। पूर्व कार्यक्रम में श्रीकृष्ण शरणम्‌ ममहः जाप के लिए कॉपियां वितरित की गई थीं। सबसे अधिक जाप लिखने पर कृष्णा नीमा को प्रथम, बालकृष्ण मेहता को द्वितीय और श्रीमती सुशीला बेन दिसावल को तृतीय पुरस्कार मिला। कथा के बाद ठाकुरजी को 56 भोग लगाकर भक्तों को अन्नकूट दर्शन कराए गए। वल्लभ साकी का संगीतमय पाठ मयूर शर्मा और साथियों ने किया।

### योजनांतर्गत नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**उज्जैन।** म.प्र. जन अभियान परिषद जिला उज्जैन में संवाद योजनांतर्गत जिला स्तरीय नवांकुर संस्थाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन संभाग समन्वयक शिव प्रसाद मालवीय की अध्यक्षता में जिला कार्यालय ऋषिनगर में किया गया। बैठक में जिला समन्वयक जय दीक्षित द्वारा विकासखंडवार संस्थाओं के कार्यवृत लिए एवं पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की । संभाग समन्वयक द्वारा नवांकुर संस्थाओं की समीक्षा कर चयनित संस्थाओं का समितियों से संपर्क, एम आई एस पर अपडेशन- रिपोर्ट मीटिंग, मीडिया इन्फारमेशन अभियान में समय पर एंट्री करना, सेक्टर बैठक का आयोजन, समिति के दस्तावेजीकरण, संभाग समन्वयक के प्रवास पर विकासखंड स्तरीय बैठक का आयोजन, सहयोगी संस्था के साथ संयुक्त कार्यक्रम करना, आदर्श ग्राम पर कार्य, संस्कार केन्द्र, जन सूचना केन्द्र ,गौशाला, दीवार लेखन आदि विषयों पर चर्चा करना शामिल है। नवांकुर सखी कार्यक्रम के लिए नर्सरी तैयार करना, नवांकुर संस्थाओं को परामर्शदाताओं के साथ समन्वय करना, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठयक्रम के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में विकासखंड समन्वयक संदीप मालवीय, मोहन सिंह परिहार, रेणुका श्रोत्रिय, नम्रता तिवारी, इंद्रेश पंवार चयनित नवांकुर संस्थाओं के पदाधिकारीउपस्थित रहे। बैठक का संचालन संदीप मालवीय एवं आभार मोहनसिंह परिहार द्वारा माना गया।

### जेपी नड्डा और सीएम यादव पहुंचे महाकाल की शरण में

# अन्न क्षेत्र में श्रद्धालुओं के साथ प्रसादी ग्रहण की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा सीएम डॉ. मोहन यादव सोमवार रात उज्जैन पहुंचे। रात में जेपी नड्?डा ने भगवान महाकाल के दर्शन किए और शयन आरती में शामिल हुए। इसके बाद मंगलवार सुबह सीएम डॉ. मोहन यादव के साथ मिलकर नंदी हाल में 20 मिनट तक पूजन किया औ गर्भगृह में भी भगवान का पूजन-अर्चन किया।

गर्भगृह में दोनों ने महाकाल का अभिषेक किया और पुजारी आकाश ने 20 मिनट तक षोडशोपचार पूजन कराया। यह पूजन यश-कीर्ति के लिए किया जाता है। इसके बाद मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री, मध्य प्रदेश के प्रभारी महेंद्र सिंह ने महाकाल मंदिर अन्न क्षेत्र में श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण की और खुद भी ग्रहण की। प्रसादी में पोहे खाने के बाद वे खुद ही अपनी थाली उठाकर रखने गए। नड्डा और सीएम सिंहस्थ में होने वाले कार्यों का निरीक्षण करने भी गए।



### नड्डा ने देखे निमार्णाधीन घाट

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिप्रा नदी पर सिंहस्थ 2028 के लिए बनाए जा रहे 29 किलोमीटर लंबे घाटों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने घाटों की संरचना और सुविधाओं की विशेषताएं बताईं। इस दौरान उज्जैन कलेक्टर रोशन सिंह ने बताया कि घाटों का निर्माण इस तरह किया जा रहा है कि सिंहस्थ के दौरान 24 घंटे में तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालु सुरक्षित और सुगमता से स्नान कर सकें।



### भक्ति पूजन के साथ स्वछता का संदेश



प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छता अभियान का संदेश देते हुए मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री ने महाकाल अन्न क्षेत्र में प्रसादी ग्रहण करने के बाद डिस्पोजल को डस्टबिन में डाला। स्वच्छता अभियान मे सभी की सहभागिता निभाते हुए सभी श्रद्धालुओं को भी संदेश दिया कि महाकाल क्षेत्र में सभी श्रद्धालु एक समान है। उन्होंने सबके साथ बैठकर प्रसादी ग्रहण की और उसके उपरांत नाश्ते की प्लेट को डस्टबिन में स्वयं ले जाकर डाला। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिप्रा नदी पर सिंहस्थ 2028 के लिए बना रहे 29 किलोमीटर लंबे घाटों के संबंध में जानकारी दी और घाटों की विशेषताओं के बारे में बताया। इस दौरान उज्जैन कलेक्टर रौशन सिंह ने जानकारी दी कि कुम्भ के दौरान 24 घंटे मे 3 करोड़ से अधिक श्रद्धालु स्नान कर सकें, इस तरह से घाटों का निर्माण किया जा रहा है।

## फिल्म राहु-केतु के गीत किस्मत की चाबी की लॉंचिंग




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में सोमवार रात को फिल्म राहु-केतु के गीत किस्मत की चाबी का भव्य लॉन्च कार्यक्रम शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के मैदान में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि आज उज्जैन नगरी में फिल्म राहु-केतु के गीत की लॉंचिंग हुई है। उन्होंने राहु-केतु फिल्म की सफलता की कामना करते हुए कहा कि इस फिल्म के गीत के माध्यम से देश के युवाओं, समाज और परिवारों पर होने वाले नशे के दुष्प्रभावों और इस बुराई को जड से खत्म करने का संदेश को जन-जन तक पहुंचेगा।

## संविधान दिवस मनाने की जिम्मेदारी हम सभी की है

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बाबा भीमराव आंबेडकर की जयंती परिनिर्वाण दिवस और संविधान दिवस मनाने की जिम्मेदारी सिर्फ अनुसूचित जाति मोर्चा की नहीं है, हम सब की भी है। हम सभी को इन कार्यक्रमों में भागीदारी करना चाहिए।

ये बात भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष ने कही। वे शहर व जिला इकाई के पदाधिकारियों की संगठनात्मक बैठक में समरसता को लेकर संबोधित कर रहे थे। संगठन भाव को लेकर उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी परिवार भाव से चलती है। पद एक व्यक्ति को मिलता है, दावेदार कई रहते हैं। संगठन किसी एक को जिम्मेदारी दे देता है तो बाकी के सभी दावेदार संगठन भाव से काम में लगते हैं, यही परिवार भाव है। महिला आरक्षण पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने तय किया है कि 50 फीसदी महिला आरक्षण रहेगा।

संगठन और सत्ता में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। बैठक को प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने भी संबोधित किया। इस दौरान लता वानखेड़े, प्रभुलाल जाटवा, संजय अग्रवाल, अनिल फिरोजिया, अनिल जैन कालुहेड़ा, जितेंद्र सिंह पंड्या, तेज बहादुर सिंह चौहान, सतीश मालवीय, मुकेश टटवाल, कलावती यादव व राजेश धाकड़ आदि मौजूद रहे।

### नव आरक्षकों के लिए जंगल कैंप लगाया

**उज्जैन।** पुलिस ट्रेनिंग स्कूल के नव आरक्षकों के लिए ध्यान दिवस पर जंगल कैंप लगाया गया, ताकि पुलिस जवानों को हर परिस्थिति में काम करने का अनुभव रहे। पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण राजाबाबू का वीडियो मैसेज सुनाया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुलिस बल के सदस्यों के लिए मानसिक दृढ़ता, तनाव प्रबंधन और एकाग्रता अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

**तरणताल पर स्वीमिंग पूल का निर्माण जल्द करें-** देवास रोड स्थित नगर निगम के तरणताल परिसर में हो रहे निर्माण कार्यों को सोमवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने अवलोकन किया। उन्होंने शेष बने काम को जल्द निपटाने के निर्देश दिए। काम में गति के लिए संबंधित ठेकेदार से संसाधन एवं मैनपॉवर बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

# सार्थक एप से डिजिटल उपस्थिति जरूरी, घर बैठे नहीं कर सकेंगे दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत अधिकारी औप कर्मचारियों की उपस्थिति को डिजिटल, सटीक एवं पारदर्शी रूप से दर्ज किए जाने के लिए सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति प्रणाली लागू की गई है।

सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि जिले के सभी अधिकारी और कर्मचारियों को स्वयं की उपस्थिति सार्थक एप से दर्ज करना अनिवार्य है। किसी भी कर्मचारी अथवा आरओ द्वारा उपस्थिति दर्ज न किए जाने की स्थिति में संबंधित दिवस को अनुपस्थित माना जाएगा, अन्य किसी माध्यम से दर्ज उपस्थिति मान्य नहीं होगी। अधिकारी, कर्मचारी का वेतन भुगतान केवल उस स्थिति में किया जाएगा, जब उसकी उपस्थिति सार्थक एप पर दर्ज पाई गई हो। यदि किसी भी कर्मचारी द्वारा जानबुझकर, प्रॉक्सी उपस्थिति देना, किसी और माध्यम से चेक-इन कराना, गैर-कार्यस्थल से उपस्थिति दर्ज करना, सेवा अनुशासन का उल्लंघन माना जाएगा। इसी प्रकार यदि कोई कर्मचारी जानबूझकर चेहरे को ढंककर या अंधेरे में अस्पष्ट फोटो खींचकर उपस्थिति दर्ज करता है जिससे सत्यापन बाधित होता है, तो ऐसी प्रविष्टि को भी अवैध मानते हुए अनुपस्थित की श्रेणी में लिया जाएगा।



**अन्य किसी भी माध्यम से दर्ज उपस्थिति मान्य नहीं होगी**

### उज्जैन में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महाधिवेशन आयोजित

# लव-जिहाद पर शनि-चंद्रमा और केतु का प्रभाव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लव जिहाद कैंसर के समान है। इसमें सभी व्यक्तियों को और भारतीयों को इस पर चिंतन करना चाहिए। ऐसा नहीं कि मैं करूं या आप करो। जिस प्रकार जब ज्योतिष के पास कोई जजमान आता है, तो कुंडली से पता लगाया जा सकता है कि कौन सा लड़का या लड़की लव जिहाद के केस में फंसेंगे। अभी तक हम देखते थे कि सिर्फ लड़कियां ही फंसती थीं।

उन्होंने कहा कि आज लड़के भी लव जिहाद के केस में फंस रहे हैं। उनको उलझाकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है, जो देशहित में नहीं है। जब देशहित में नहीं है और जब भारत के युवा लड़के और लड़की कमजोर होंगे, तो हम सनातन धर्म को नहीं बचा पाएंगे। जब सनातन धर्म नहीं बचेगा तो भारत भी नहीं बचेगा। हम कहेंगे




भगवान देख रहा है तो यह बात झूठी है। हर व्यक्ति भगवान है। हर व्यक्ति के आत्मा में भगवान निवास करता है, तो हम सभी को इस क्षेत्र में काम करना चाहिए। यह बात कालिदास अकादमी परिसर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महाधिवेशन में ज्योतिषाचार्य डॉ. बसंत सोनी ने कही।

उज्जैन में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महाधिवेशन आयोजित किया गया था, जिसमें नेपाल से तंत्र विद्या के जानकार चुरामणि पांडेय, इंदौर से ज्योतिष शिव मेहता, राजस्थान से जयंत कीर्ति, खरगोन से बसंत सोनी, उज्जैन से कीर्ति व्यास, दिल्ली से एस एच रावत, दिल्ली से राजेश शर्मा मानवेन्द्र रावत मुख्य रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान ज्योतिर्विज्ञान के विद्यार्थियों ने अपना-अपना शोध पढ़ा, लेकिन यह पहली बार था जब ज्योतिष सम्मेलन में लव जिहाद को लेकर यह बात उठी और ज्योतिषियों ने इससे बचने के उपाय भी बताए।

### हम धर्म से दूर हो रहे इसीलिए लव जिहाद में फंस रहे

दुर्भाग्य कि बात यह है कि हम कहेंगे कि लव जिहाद में अभी जो काम हो रहा है, वह पढ़े लिखे लड़के लड़कियों में ही ज्यादा हो रहा है, क्योंकि वह शिक्षा से क्षेत्र में आगे बढ़ जाते हैं, लेकिन धर्म से बहुत दूर हो जाते हैं और फिर उनके माता पिता को डॉक्टर, इंजीनियर और बड़े-बड़े पद पर इंजीनियर बनाने के प्रयास करते हैं। लेकिन वह उनको अच्छा इंसान बनाने के लिए और धर्म के प्रति कोई भी बात बताने के लिए तैयार नहीं होते हैं। अब उसका बुरा प्रभाव पड़ता है। अभी हम देख रहे हैं जिस व्यक्ति की लड़की घर में अकेली होती है, उसका भाई नहीं है। उसके ऊपर लव जिहादी लोग बहुत मेहनत करके पीछे पड़ रहे हैं और माता-पिता के हाथ टिक जाते हैं और असहाय हो जाते हैं। उसकी प्रॉपर्टी भी उनकी हो जाती है और यह बहुत बड़ा अभियान चल रहा है। इस पर हमको विचार करना चाहिए।

### आंखों में सुरमा लगाए लड़कों के चक्रव्यूह से बचने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ करें



ज्योतिषाचार्य बसंत सोनी ने कहा कि रिसर्च में सामने आया है की 1500 लड़कियों को रोजाना लव जिहाद में फंसाया जाता है। पढ़ी लिखी लड़कियां ज्यादा फंस रही हैं। इनकी कुंडलियों पर रिसर्च किया, जिनकी कुंडली के अंदर शुक्र-चंद्रमा के साथ बैठा हो, शुक्र छठें, आठवें या बारहवें स्थान पर हो उसके साथ शनि-चंद्रमा और केतु ग्रह बैठा हो तो लव जिहाद का काल बनता है। जिससे लड़की कम समय में लोगों की बातों में आ जाती है। माता-पिता को अपने बच्चो की कुंडली दिखाकर पूछना चाहिए कि ये किसी लव जिहाद में तो नहीं फंस रहे हैं। इससे बचने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ रोजाना कराएं। आंखों में सुरमा लगाए लड़कों के चक्रव्यूह से बचने के लिए एक मात्र हनुमान चालीसा का पाठ और धर्म शास्त्र के अध्ययन कर बचा जा सकता है अलग-अलग छात्रों ने अपना शोध पड़ा।

न्यूज-कॉलम



## सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर परिसर में संगोष्ठी आयोजित

**मंडलेश्वर।** भारतीय महान गणितीय श्रीनिवास रामानुजन अय्यंगार के जन्मदिवस पर आयोजित भारतीय ज्ञान परंपरा का अवदान विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। महाविद्यालय संचालक बीएम पाटीदार ने सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय गणित दिवस की शुभकामना दी। भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार ने 30 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में 'रामानुजनः एक महान गणितज्ञ की यात्रा' नामक पुस्तक का विमोचन भी किया। अकादमिक संचालक संजय गर्ग ने बताया कि भारतीय वैदिक परम्परा के महान विरासत भारतीय जनमानस को अपने महान आचार्यों से प्राप्त हुई है। ऐसे ही एक महान आचार्य हुए जिनको हम श्रीनिवास रामानुजन के नाम से जानते है। संगोष्ठी के संयोजक प्रो. हरिवल्लभ शास्त्री और प्रो. पवन झोनवाल ने गणित विषय में रुचि जागृत करने हेतु आवश्यक सुझाव विद्यार्थियों से साझा किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी ऊजार्वान विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नि :शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 26 दिसंबर को सुवासरा में होगा

**सुवासरा।** जनसेवा समिति सेवा विभाग सुवासरा तथा जिला अंधत्व निवारण के तत्वावधान में लाभ मुनि नेत्र चिकित्सालय मंदसौर द्वारा स्वर्गीय पूरणमल जी धनोतिया की स्मृति में एक दिवसीय विशाल नि शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन आगामी 26 दिसंबर 2025 शुक्रवार को सुबह 10 बजे से स्थानीय शासकीय चिकित्सालय में आयोजित किया जाएगा जिसमें मरीज को नेत्र चिकित्सकों द्वारा अत्यधिक कंप्यूटराइज मशीन से मोतियाबिंद की जांच की जाएगी च,यनित रोगियों को मंदसौर निशुल्क ले जाकर ऑपरेशन किया जाएगा रोगियों को मंदसौर ले जाने की व्यवस्था एवं आवास भोजन दवाइयां चश्मा निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे मरीज को अपने साथ आयुष्मान कार्ड की फोटो कॉपी लाना आवश्यक है ।

## भीम सेना जिला अध्यक्ष ने स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया



**बुरहानपुर।** भीम सेना जिला अध्यक्ष ने स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने हाथ पर काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज किया। उनका आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग बुरहानपुर में झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध पैथोलॉजी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। सचिन गाढ़े ने बताया कि कई महीनों से स्वास्थ्य विभाग को पत्रक के माध्यम से शिकायत की जा रही है, लेकिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी बुरहानपुर द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपने आलीशान कमरे में बैठकर केवल जांच दल गठित कर खानापूर्ति कर रहे हैं। भीम सेना बुरहानपुर ने स्वास्थ्य विभाग मंत्रालय में पत्र भेजकर मांग की है कि ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई कर उनकी जवाबदेही तय की जाए।

## श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन भारत के अशोक पॅवार राष्ट्रीय सलाहकार बने



**बाग धार।** श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन भारत के चिकित्सा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री डा.महेश विश्वकर्मा , सह संगठन महामंत्री चम्पालाल गोराणा की सहमति व प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द विश्वकर्मा की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष व विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड के म.प्र.शासन के कैबिनेट दर्जा मंत्री श्री प्रेमनारायण विश्वकर्मा ने अधिमान्य पत्रकार म. प्र.शासन श्री अशोक पॅवार बाग धार को विश्वकर्मा महापंचायत संगठन भारत के राष्ट्रीय सलाहकार मनोनीत कर नियुक्ति पत्र सम्मान समारोह मे दिया। उक्त जानकारी राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री रामराज विश्वकर्मा ने दी इस अवसर पर अनेक राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों ने बधाई दी व राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

## 29 दिसम्बर को स्थानीय निर्वाचन के मद्दनेजर शराब की बिक्री रहेगी बंद

**बड़वानी।** राज्य निर्वाचन आयोग ने उप निर्वाचन के तहत जिले की नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में होने वाले स्थानीय निर्वाचन के मद्देनजर मतदान समाप्त होने के 48 घंटे पूर्व शराब की दुकाने बंद रखने के निर्देश जारी किये है। नगर परिषद पानसेमल के वार्ड क्रमांक 2 में पार्षद का, विकासखण्ड ठीकरी के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3 में जनपद सदस्य का, विकासखण्ड पानसेमल के ग्राम पंचायत वांगरा में सरपंच पद का तथा विकासखण्ड राजपुर की ग्राम पंचायत बकवाड़ी, देवनली, घुसगांव, लिम्बई, साली में पंच के पद का निर्वाचन 29 दिसम्बर को होना है। राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्देशित किया है कि स्थानीय उप निर्वाचन के दौरान 29 दिसम्बर को मतदान होना है, अतः दुकानो, प्रतिष्ठानो, संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों के मताधिकार के प्रयोग हेतु साप्ताहिक अवकाश घोषित किया जाये।

# सांदीपनी के चार दिवसीय 24वें वार्षिकोत्सव वसुधैव कुटुम्बकम का तीसरा दिन रंगारंग प्रस्तुतियों से सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मण्डलेश्वर



स्थानीय संस्था सांदीपनी एकेडमी, मण्डलेश्वर के चार दिवसीय 24वें वार्षिकोत्सव वसुधैव कुटुम्बकम के तीसरे दिन का शुभारंभ भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ।कार्यक्रम के तृतीय दिवस के मुख्य अतिथि महेश्वर विधायक राजकुमार जी मेव रहे। विशेष अतिथि के रूप में विद्यालय के भूतपूर्व छात्र श्री मेघांशु जैन मैनेजर, लक्जरी विभाग, नो-ब्रोकर, मुंबई उपस्थित रहे।

विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलेश सी. जोशी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को प्राकृतिक धर्म सिखाने की अत्यंत आवश्यकता है। ब्रह्मांड कितना विशाल है और यहॉ सब कुछ सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो रहा है, इससे यह स्पष्ट होता है कि इस सृष्टि को संचालित करने वाला ही सृष्टा है। उस विराट शक्ति के दर्शन हमें पर्यावरण के सुंदर स्वरूप–मिट्टी, हवा, पानी, पर्वत, सूर्य, चंद्र, आकाश से प्रतिदिन करना चाहिए है। तीसरे दिवस विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में देश की विविध संस्कृतियों और परंपराओं को दशार्ते हुए एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें प्रमुख इस प्रकार है- वर दे माँ, हर जगह है उसी का नूर, रुत आ गई रे, जून का महीना, ले चल शिमले बाबू, घोड़े जैसी चाल, ओ सावन राजा, आवारा भँवरे, क्या मौसम आया है, डोला रे डोला, ढाक बाजल (बंगाली), धोलिदा धोल रे वाघो, काइपोचे, हम दिल दे चुके सनम, असन अमचा बिहार (छठ पूजा), धन्य-धन्य हमारो निमाड़, महुआ गले (आदिवासी नृत्य), गणपति बप्पा, छत्रपति शिवाजी गीत, लावणी, गोंधल, होली गीत, झूम बराबर झूम, लोहड़ी गीत, माही वे, एक ओंकार, पंजाब लोकनृत्य, म्हारो प्यारो राजस्थान, कालबेलिया, घूमर, ये तो कश्मीर है, बुमरो, सात समंदर पार, वसुधैव कुटुम्बकम, पूरब से जब सूरज निकले, प्रभु कितनी सुंदर रचना, हर-हर गंगे, बम बोले, नमो-नमो शिवशंकरा,ये धरती, ये आकाश, मोहे रंग दो लाल, मैं शेरनी, माँ मेरी माँ, मेरा रब मेरी माँ, हम साथ-साथ हैं आदि प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन एवं सांस्कृतिक चेतना की प्रशंसा की।



## दरियापुर संकुल में सांसद खेल महोत्सव का भव्य आयोजन

**नेपानगर।** नेपानगर विधानसभा अंतर्गत दरियापुर संकुल में सांसद खेल महोत्सव का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुनील वाघे, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं सांसद खेल महोत्सव नेपानगर विधानसभा प्रभारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वाघे ने बच्चों एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा विजेता खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। अपने संबोधन में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेल एवं युवा सशक्तिकरण से जुड़े विजन की जानकारी बच्चों को दी एवं सांसद ज्ञानेश्वर पाटील का संदेश भी बच्चों तक पहुँचाया। सुनील वाघे ने बच्चों को अनुशासन, परिश्रम एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा नशे से दूर रहने और खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री अनिल प्रजापति, योगेन्द्र प्रजापति सहित पार्टी कार्यकर्ता, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। सभी ने सांसद खेल महोत्सव की सराहना करते हुए इसे प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने वाला महत्वपूर्ण मंच बताया।

# वेदर इंफोर्मेशन नेटवर्क एंड डाटा सिस्टम की स्थापना को स्वीकृति मिली



## विधायक अर्चना चिटनिस ने जानकारी दी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर

बुरहानपुर की विधायक अर्चना चिटनिस ने एक ऐतिहासिक निर्णय की जानकारी दी है। मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत अनिवार्य वेदर इंफोर्मेशन नेटवर्क एंड डाटा सिस्टम की स्थापना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस निर्णय से प्रदेश में मौसम आधारित फसल बीमा योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

अर्चना चिटनिस ने बताया कि इस निर्णय से बुरहानपुर जिले के हजारों केला किसानों को विशेष एवं प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

केला एक अत्यंत मौसम-संवेदनशील उद्यानिकी फसल है, जो तेज हवा, अतिवृष्टि, तापमान में अचानक बदलाव, ओलावृष्टि एवं प्राकृतिक आपदाओं से शीघ्र प्रभावित होती है। ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन एवं च्वेदर इंफोर्मेशन नेटवर्क एंड डाटा सिस्टमच्छ प्रणाली के माध्यम से अब केले की फसल में होने वाले नुकसान का स्थानीय स्तर पर सटीक, वैज्ञानिक एवं पारदर्शी आंकलन संभव हो सकेगा।

इस निर्णय के पीछे अर्चना चिटनिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं निर्णायक रही है। उन्होंने लगातार शासन स्तर पर इस विषय को मजबूती से उठाया और किसानों की जमीनी समस्याओं को तथ्यात्मक रूप से सामने रखा।

# वर्ष 2047 तक सिकल सेल उन्मूलन में जनप्रतिनिधि और नागरिक दें अपना योगदान - राज्यपाल श्री पटेल

## राज्यपाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही के घर ग्रहण किया भोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खरगोन



राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अभियान चलाया है कि वर्ष 2047 तक एक भी बच्चा आनुवांशिक सिकल सेल रोग के साथ पैदा न हो। उन्होंने कहा कि इस रोग के विरुद्ध काम करना केवल सरकार का दायित्व नहीं है, इसमें जनप्रतिनिधियों और नागरिकों को भी किसी न किसी रूप में योगदान देना होगा। उन्होंने बताया कि सिकल सेल के रोगियों को ठंडे पानी से नहाने और तैलीय खाद्य पदार्थ से बचना चाहिए, नियमित दवाई के सेवन साथ व्यायाम करना और अधिक पानी पीना चाहिए। उन्होंने आह्वान किया कि जनप्रतिनिधि और नागरिक सिकल सेल रोगियों को यह सन्देश प्रसारित करें। राज्यपाल ने बताया कि प्रदेश की 89 पेसा समितियों के माध्यम से भी जनजागरूकता फैलाई जा रही है कि डिजिटल कार्ड का मिलान करने के बाद ही विवाह तय किए जाएं।

उन्होंने कहा कि खरगोन जिले में 10 लाख व्यक्तियों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की गई है, जो गर्व का विषय है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि समाज का सेवाभाव देखकर आनंद होता है और टीबी के मरीजों के लिए निक्षय मित्र द्वारा दान किए आहार किट इन मरीजों की उत्तम सेवा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी भी इसी संवेदना के साथ निर्धन और जनजातीय वर्ग के लिए पीएम आवास योजना, बिरसा मुंडा धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना, पीएम जनमन योजना के माध्यम से योजनाबद्ध रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि और समाजजन ऐसा काम करें कि आसपास के मरीजों और गरीबों को शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इससे पूर्व राज्यपाल श्री पटेल ने कसरावद के ग्राम पानवा में आयोजित सिकल सेल जाँच शिविर का अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया।

# महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ आलीराजपुर



कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास द्वारा संचालित योजनाओं की योजनावार समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्टर सभाकक्ष में किया गया।

इस दौरान कलेक्टर श्रीमती माथुर ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना लाडली लक्ष्मी योजना के तहत कम पंजीयन होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिला चिकित्सालय से समन्वय स्थापित कर जानकारी एकत्रित कर सभी वंचित बालिकाओं के पंजीयन कराना सुनिश्चित करें , उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले में संचालित समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों पर हर दिवस 70 प्रतिशत से अधिक बच?चों की उपस्थिति होना चाहिए,उपस्थिति कम होने पर संबंधित सहायिका के विरुद्ध प्रस्ताव भेजे और उचित कार्रवाई करें। इस दौरान उन्होंने अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करें अन्यथा लापरवाही बरतने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही प्रचलित की जाएगी ।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं सीडीपीओ को निर्देशित करते हुए कहा समस्त आंगनवाडी केन्द्र पर नियमित भ्रमण करें । बच्चों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जाँच करें एवं मेन्यू अनुसार भोजन नाश्ता देना सुनिश्चित करें। भ्रमण एवं निरीक्षण की जानकारी मुख्यालय को अवगत कराए साथ ही जो समूह मेन्यु अनुसार भोजन या नाश्ता नहीं दे रहा है उसके विरूद्ध कडी कार्यवाही करें साथ ही बच्चों का नियमित स्वास्थ्य जॉच परीक्षण करें उसके शारीरिक एवं भौतिक विकास की जानकारी एक निश्चित फार्मेट में एकत्रित करें ।

जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य जिले को कुपोषित मुक्त करना है। इस दौरान समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व , महिला बाल विकास अधिकारी , मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित समस्त सीडीपीओ उपस्थित थे।

# तेज रफ्तार वाहन का कहर,शाम को टहलने निकली महिला को मारी टक्कर, मौके पर मौत

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ टांडा( धार )

सोमवार शाम को तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने टांडा में एक महिला को टक्कर मार दी,जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि मोके पर महिला के शव को देख लोगो की रूह कांप गई। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि उक्त वाहन की गति कितनी होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुष्पा पति कैलाश ठाकुर उम्र ६५ वर्ष ३ अन्य महिलाओ के साथ रोज की तरह शाम को टहलने निकली थी। तभी राजगढ़ रोड स्थिति ग्रिड के सामने तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने महिला को टक्कर मार दी। जिससे पुष्पा राजपूत की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुची लोगों की मदद से शव को एम्बुलेंस में रख टांडा शासकीय अस्पताल पहुचाया। जहां मंगलवार सुबह पोस्मार्टम कर शव को परिजन के सुपुर्द किया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उक्त वाहन टवेरा बताया गया है। जो टक्कर मारने के बाद रिगनोद की और गया। टांडा पुलिस ने उक्त घटना को लेकर मर्ग कायम कर जांच कर रही है।वही घटना की जानकारी लगते ही लोगो की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। लोगो का कहना था कि टक्कर मारने वाले वाहन को जल्द पकड़ा जाए एवं सख्त कार्यवाही की जाए।

**संपदा प्रबंधन म .प्र . गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र इंदौर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ई.डब्ल्यू.एस. स्टेडियम ग्राउण्ड नंदा नगर इन्दौर में श्रीमती भगवतीबाई विजयवर्गीय पति श्री रामबाबू विजयवर्गीय को भवन क्रमांक 100 ई.डब्ल्यू.एस. म.प्र. गृह निर्माण मंडल द्वारा आवंटित किया गया था। आवंटी श्रीमती भगवतीबाई विजयवर्गीय पति श्री रामबाबू विजयवर्गीय का देहांत दिनांक 30.11.2016 को हो गया था एवं आवंटी के पति श्री रामबाबू विजयवर्गीय का देहांत दिनांक 27.11.2019 को हो गया था। आवंटी के मृत्यु हो जाने से उपरान्त उक्त भवन के वैध वारीस के रुप में आवंटी के तीन पुत्र श्री सतीश विजयवर्गीय एवं श्री गिरीश विजयवर्गीय एवं श्री विनोद विजयवर्गीय तथा एक पुत्री श्रीमती सीमा श्रीमाली ही है और अन्य कोई वारीस नहीं है। उक्त सम्पत्ति के मंडल रिकार्ड में से श्रीमती भगवतीबाई विजयवर्गीय पति श्री रामबाबू विजयवर्गीय का नाम विलोपित करने एवं श्री सतीश विजयवर्गीय पिता स्व.श्री रामबाबू विजयवर्गीय के नाम से नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है जो कि विचाराधीन है। यहां यह भी उल्लेख है कि इस नामांतरण हेतु आवंटी के अन्य पुत्र श्री गिरीश विजयवर्गीय एवं श्री विनोद विजयवर्गीय तथा पुत्री श्रीमती सीमा श्रीमाली की सहमति शपथ पत्र के माध्यम से दी गई।

उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल इन्दौर**

# रातभर जमा कब्बडी का रंग,विजेता टीम को किया पुरस्कृत

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ टांडा( धार )



साई क्लब टांडा के तत्वावधान में सोमवार शाम 7 बजे से डाक बंगला परिसर में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया। ओपन कब्बडी प्रतियोगिता में लगभग 46 टीमों के द्वारा भाग लिया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार सरदारसिंह मेहड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष की ओर से 21 हजार, द्वितीय पुरस्कार अमरसिंह सोलंकी भाजपा मंडल अध्यक्ष की और से 11 हजार, तृतीय पुरस्कार सुनील नारवाली की तरफ से 5100 तथा चतुर्थ पुरुस्कार साई क्लब की ओर से 3100 रुपये रखा गया था। रात भर चली कबड्डी प्रतियोगिता दूसरे दिन मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे निर्णायक मेंच खेला गया। जिसमे बजरंग क्लब पलासी बाजी मारते हुए प्रथम पुरस्कार हासिल किया,द्वितीय स्थान पर आजाद क्लब झरालिया व तृतीय पुरस्कार आजाद क्लब ने तथा चतुर्थ स्थान बाग बी टीम ने हासिल किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आए भाजपा मंडल अध्यक्ष अमर सिंह सोलंकी,भाजपा नगर अध्यक्ष प्रदीप गादिया,युवा मोर्चा न.अध्यक्ष अनुराग सचान, रामसिंह अखाड़िया,सुनील नारवाली,किशन मेहड़ा ने विजेता टीमों के कप्तानों को पुष्पमाला पहनकर नगद राशि से पुरुस्कृत किया।

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-20**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक-श्री सुनील माहेश्वरी पिता स्व. लारेन्द्र पता- म.नं. 34 काव्य कुंज नगर इन्दौर पिन- 1000830653 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20**
**नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-18**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- सारांश कंस्ट्रक्शन तर्फे कमल पिता बुलचंद मखीजा व अन्य क्रेता- ईश्वर पिता बुलचंद माखीजा वार्ड नं. 52 पता- भूखंड क्रं. 67 सत्यम पैलेस कालोनी मूसाखेड़ी इन्दौर पिन- 1004361880 रजिस्टर्ड विक्रय पत्र अनुसार पैकी भाग संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 18 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-18**
**नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-1**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक-श्रीमती मंजुला पति संजय शर्मा वार्ड नं. 16 पता- 78 पैकी ओम आंगन इन्दौर पिन- 100084828 (रजवात शुल्क) संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 1 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-1**
**नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-1**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक-श्रीमती निधि दीक्षित पति नितिन दीक्षित वार्ड नं. 9 पता- 65-1 65-कमला नेहरु नगर इन्दौर पिन- 1000841748 (नामांतरण शुल्क) संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 1 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-1**
**नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-22**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- नारायण खोदरे पिता स्व.श्री नर्मदा खोदरे क्रेता- विपिन पिता हरिप्रसादजी शर्मा पता- 273 संस्कृति शुभ आंगन इन्दौर पिन- 1003047050 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-22**
**नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-22**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- नारायण खोदरे पिता स्व.श्री नर्मदा खोदरे क्रेता- विपिन पिता हरिप्रसादजी शर्मा पता- 272 संस्कृति शुभ आंगन इन्दौर पिन- 1003047050 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-22**
**नगरपालिका निगम इन्दौर**

खास न्यूज

## नाबालिगों को हिरासत में लेकर जप्त की गई नकली पिस्टल



**उज्जैन।** बड़नगर तहसील के ठक्कर बाबा कालोनी में रहने वाले विवेक सिरसवाल को सितंबर माह में बाइक सवार पांच बदमाश युवकों ने सरस्वती स्कूल के पास रोक नकली पिस्टल दिखाते हुए हफ्ता मांगा था। 3 माह बाद बड़नगर थाना पुलिस ने सोमवार को कोर्ट चौराहा से विष्णु भूरिया, भारत राठौर और रितिक भूरिया निवासी शक्कर मिल को गिरफ्तार किया था। तीनों ने हफ्ता वसूली की घटना को अपने 2 नाबालिगों के साथ अंजाम देना कबूल किया था। नकली पिस्टल भी नाबालिगों के पास होना बताई थी। पुलिस ने तीनों को जेल भेजने के साथ दोनों फरार नाबालिगों की तलाश शुरू की थी, मंगलवार को दोनों नाबालिग पुलिस की हिरासत में आ गये। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि दोनों नाबालिगों की निशानदेही पर नकली पिस्टल बरामद कर ली गई है। जो बिल्कुल असली जैसी दिखती है।

## राजीनामा नहीं करने की बात पर परिवार के साथ मारपीट

**उज्जैन।** ग्राम रूद्राहेड़ा में मोंगिया समाज के 2 परिवारों में काफी समय से विवाद चला आ हा है। विवाद का मामला कोर्ट में विचाराधीन भी है। जिसको को लेकर एक पक्ष से कमल, सावन, अर्जुन और मानकुंवर दूसरे पक्ष के तेजाराम पिता प्रहलाद के घर पहुंचे और राजीनामा करने का दबाव बनाने लगे। तेजाराम ने मना किया तो चारों ने मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। तेजाराम का परिवार बीच-बचाव में आया तो उनके साथ भी मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। तेजाराम की शिकायत पर घट्टिया थाना पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ पांच धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

## बड़नगर में अब नहीं चलेगें बिना नम्बर के ऑटो



**उज्जैन।** बड़नगर में बिना नम्बर और दस्तावेजों के चलने वाले आटो, ई-रिक्शा पर पुलिस ने यातायात व्यवस्था को बनाये रखने के लिये शिकंजा कंसा है। आटो चालकों के खिलाफ विशेष चैकिंग अभियान चलाकर धरपकड़ की गई और दस्तावेजों की जांच की गई। जिनके दस्तावेज पूर्ण नहीं थे उन्हे तीन दिन में पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। चैकिंग अभियान के दौरान पुलिस द्वारा यूनिक नम्बर आवंटित किये गये, जिसके क्रमानुसार अब आटो का संचालन होगा। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन, अनुविभागीय अधिकारी महेन्द्र परमार के निर्देशन में अभियान की शुरूआत की गई। सभी आटो और ई-रिक्शा चालको को हिदायत दी गई कि बिना नम्बर के आटो अब बड़नगर में नहीं चलेगें। दस्तावेज पूर्ण कराकर आवंटित यूनिक नम्बर अपने वाहनों पर चस्पा करना होगा। जिन वाहनों पर आवंटित नम्बर नहीं होगा उसका परिचालन नहीं होने पायेगा।

### गरोठ हाइवे बनने के बाद से ट्रक कटिंग की वारदातों का ग्राफ बढ़ता जा रहा

# कंटेनर का ताला तोड़कर बदमाशों ने चोरी किये घी के डिब्बे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गरोठ हाइवे बनने के बाद से ट्रक कटिंग की वारदातों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। सोमवार-मंगलवार रात बदमाशों ने चलते कंटेनर का ताला तोड़कर उसमें से हजारों रूपये कीमत के घी से भरे डिब्बे चोरी कर लिये। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

पूणे से सोनीपत के लिये कंटेनर क्रमांक एम 13 जेड सी 5283 झारड़ा थाना क्षेत्र के गरोठ हाइवे से गुजर रहा था। तभी अज्ञात बदमाशों ने गुजरते कंटेनर का ताला तोड़ा और उसमें रखे 40 हजार रूपये कीमत के घी से भरे डिब्बे चोरी कर लिये। चालक को कुछ लोगों ने कंटेनर का ताला खुला होने की जानकारी दी तो ट्रक कटिंग का पता चला। चालक ने अपना वाहन रोका और लोगों की मदद से झारड़ा थाने पहुंचा, जहां पुलिस ने जांच के बाद मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आशंका जताई गई है कि ट्रक कटिंग की वारदात को कंजर-पारदी गिरोह के बदमाशों ने अंजाम दिया है। पुलिस मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने का काम कर रही है।




### गरोठ हाइवे पर सक्रिय है बदमाशों की गैंग

गरोठ हाइवे की शुरूआत होने के बाद से मार्ग पर बदमाशों की गैंग सक्रिय दिखाई दे रही है। पूरे मार्ग पर रात के समय ट्रक कटिंग के साथ चार पहिया वाहनों को रोक बदमाश वारदातों को अंजाम दे रहे है। हाइवे कई थानों की सीमा से गुजर रहा है, जिसके चलते कई थानों पर वारदात का शिकार होने वाले शिकायत लेकर पहुंच रहे है।

ट्रक कटिंग के मामलों में खास बात यह सामने आ रही है कि वारदात के बाद पुलिस अपने थाना क्षेत्र में वारदात होने से मना कर देती है। जिसके चलते ट्रक चालकों को परेशान होना पड़ता है। कई चालक तो बिना शिकायत अपने गतंव्य की ओर रवाना हो जाते है।

# आज रात कैथोलिक चर्च में मनाया जायेगा प्रभु यीशु का जन्मोत्सव

### धर्मगुरू बोले प्रेम, शांति का संदेश देने के लिये ईश्वर मानव बनाकर आया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

क्रिसमस पर्व ईसाई समुदाय के प्रभु यीशु का जन्म उत्सव 25 दिसंबर को मनाया जायेगा। इससे पहले मंगलवार को कैथोलिक चर्च के धर्मगुरू ने कहा कि प्रभु यीशु ने प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिये जन्म लिया था। प्रभु यीशु ईश्वर का पुत्र है, जो मानव बनकर आया था।

ऋषिनगर मारिया नगर कैथोलिक चर्च के धर्मगुरू (आर्चविशप) सेबास्टियन वडक्केल ने क्रिसमस से पहले तैयारियों और आज रात मनाये जाने वाले जन्मोत्सव को लेकर प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की। इस दौरान उन्होने कहा कि प्रभु यीशु ईश्वर का पुत्र है। ईश्वर ने मानव बनकर प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश देने के लिये जन्म लिया। प्रभु यीशु मानव जाति के लिये पैदा हुआ। ईश्वर इसलिये भी मनुष्य बन गया ताकि मनुष्य के पास उसकी पूर्णता में जीवन हो। हम सभी इसी में लगे है। क्रिसमस पर्व मानवता को गौरांवित करता है। उन्होने पूरे देशवासियों को क्रिसमस की बधाई दी।



### मसीही चर्च में 25 दिसंबर को आयोजन

देवासरोड स्थित मसीही चर्च में 25 दिसंबर की सुबह क्रिसमस पर्व की आराधना होगी। समाजजनों द्वारा प्रार्थना सभा में भागीदारी की जायेगी और दोपहर में उत्सव मनाया जायेगा। मसीही चर्च को विशेष रूप से सजाया गया है। 26 दिसंबर से नववर्ष 1 जनवरी तक खेलकूद, सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन कर क्रिसमस की खुशियां मनाई जायेगी।

### रात 11.30 बजे होगी विशेष प्रार्थना सभा

क्रिसमस पर्व की विशेष प्रार्थना सभा आज रात 11.30 बजे कैथोलिक चर्च में आयोजित की जायेगी। चर्च भवन के साथ पूरा परिसर रोशनी से सजाया गया है। परिसर में प्रभु यीशु जन्म की झांकी सजाई गई है। रात 11 बजे समाजनों का चर्च में एकत्रित होना शुरू हो जायेगा। धर्मगुरू सेबास्टियन वडक्केल द्वारा प्रार्थना सभा की अगुवाई की जायेगी। रात 12 बजे चर्च परिसर में जुलूस निकाला जायेगा और प्रभु यीशु की जन्म विधि को आग प्रज्जवलित कर दोहराया जायेगा। उसके बाद जश्न की शुरूआत होगी, जो रात 3 बजे तक चलेगी। इस दौरान केक काटकर क्रिसमस की बधाई दी जायेगी।

## दूसरी मंजिल से गिरा मजदूर

**उज्जैन।** इंदौररोड फोरलेन पर इंद्रालय कालोनी में निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल से मंगलवार सुबह मजदूर गिर गया। उसे सिर और हाथ में गंभीर चोंट लगने पर चरक अस्पताल लाया गया। मजदूर लाखन पिता गेंदालाल 35 साल निवासी हाटपिपल्या का रहने वाला है। मामले की सूचना अस्पताल प्रशासन की ओर से नीलगंगा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घायल मजदूर के बयान दर्ज किये है। इस दौरान सामने आया कि वह सात माह से उज्जैन में रहकर मजदूरी का काम कर रह है। सुबह निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल पर पानी की तरी करने चढ़ा था, उसी दौरान संतुलन बिगड़ने से गिरा है।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सिकंदर पिता अब्बास, जाति नायता, निवासी नरवर दवारा श्री सौरभ परमार पिला दिलीप परमार, निवासी सुभाष मार्ग, तराना, कृषक ग्राम बीरगीद की कृषि भूमि - सर्वे कमाकः 166 कुल रकबा 1.38 हेक्टेयर मेसे. भूमिः 0.75 आरा क्रय की जाना है जो तराना-रायपुरा-खारपा मार्ग पर स्थित है का अनुबंध (एग्रीमेंट) दिनांक 20.12.2025 को किया गया है।

उक्त भूमि की सीमाए इस प्रकार है-
पूर्वः तराना-उज्जैन ( रायपुरा खारपा तराना मार्ग )
पश्चिमः सर्वे क्रमांक 165
उत्तरः सर्वे क्रमाक 122/2 दक्षिण :सर्वे क्रमांक 167- 2

उक्त भूमि का विक्रय पत्र 15 दिवस के भीतर संपादित किया जाना प्रस्तावित है। यदि उक्त भूमि के विक्रय संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति, दावा या बाद (दावा अधिकार) हो. तो वह आज दिनांक से 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में समस्त मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर लिखित आपत्ति दर्ज करावे। निर्धारित अवधि के पश्चात विक्रय पत्र संपादन हो जाने पर किसी भी प्रकार की आपति मान्य नहीं की जाएगी।

**कल्याण सिंह तोमर, सेवा प्रदाता**
**बस स्टैंड, तराना, मोबाइलः 8305207111**

### जाहिर सूचना

जाहिर सूचना एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मरे पक्षकार द्वारा विक्रतागण श्री शैलेश कोचर पिता मानमल कोचर, श्री मनीष पिता मानमल कोचर, श्री चंद्रेश पिता मानमल कोचर एवं निर्मला बाई बेवा मानमल कोचर जाति जैन निवासीगण महिदपुर तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य कि भूमि ग्राम चितावदखेड़ा तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश पर स्थित सर्वे क्र. 387 रकबा 0.7000 हेक्टेयर को क्रय करने हेतु एक क्रयानुबंध निष्पादित किया गया है, उक्त क्रयानुबंध के प्रतिफल स्वरूप बयाना पेटे राशि भी विक्रेतगणों को गवाहो के समक्ष अदा कर दी गई है। अतः इस विज्ञप्ति के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को इस संबंध में कोई आपत्ति होतो 05 दिवस कि अवधि में मुझे मेरे कार्यालय सुभाष पथ महिदपुर पर आकर संपर्क कर सकते है। समयावधि बीत जाने पश्चात अनुबंध अनुसार विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा एवं समयावधि के बाद कि गई आपत्ति अस्वीकार होकर शून्य होगी एवं निराधार मानी जावेगी। सो सूचित होवे। दिनांक :- दिसंबर 23, 2025

**पल्लव मुलिया, उच्च न्यायालय अभिभाषक**
**26, सुभाष पथ महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.) 456443**
**मो. +9188189-88189**
**ई-मेलः mukhiyapallav@gmail.com**


## गिरफ्त में आया 5 लाख की रंगदारी मांगने वाला बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रंगदारी कर पांच लाख की मांग करने और नहीं देने पर प्लाट पर कब्जा करने की धमकी देकर शहरकाजी के खिलाफ फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट कराने वाला बदमाश पुलिस की गिरफ्त में आ गया।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 10 दिसंबर को काजीपुरा में रहने वाले शेहजाद पिता कल्लू खां ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कसाई मोहल्ले में रहने वाला सालमान पिता शकुर खां घर आया था, उसने अड़ीबाजी करते हुए प्लाट पर कब्जा अपना होना बताते हुये पांच लाख की रंगदारी की और धमकी देकर चला गया। उसके द्वारा भाई शहरकाजी के खिलाफ फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट कर सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायत पर 12 दिसंबर को धारा 119(1), 296 (बी), 351 (3) का मामला दर्ज किया गया। बदमाश की गिरफ्तारी के लिये एसआई हेमंत कटारे, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, आरक्षक नितेश रायकवार, महेन्द्र मोर्य, नारायण सरा और स्वरूप हिरवे की टीम बनाई है। बदमाश कस्बा छोड़कर भाग निकला था, जिसकी लगातार तलाश जारी थी। 10 दिन बाद बदमाश की सूचना मिलने पर उसे बड़नगर से गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी सलमान खां अपराधिक प्रवृति का है, उसके खिलाफ पूर्व में कई अपराध दर्ज है।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं रायसिंह मेवाडा पिता जीतमल मेवाडा जाति गेहलोत निवासी ग्राम अख्त्यारपुर तहसील शुजालपुर जिला शाजापुर म.प्र. 465333 का निवासी हूँ। यह कि मेरे पुत्र 'के आधार कॉर्ड में उसका नाम (विजेन मेवाडा Vijen Mewada) दर्ज हो गया था, जो कि गलत है, जबकि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक दस्तावेजों आदि में मेरे पुत्र का नाम **विजेन्द्र मेवाडा (Vijendra Mewada)** नाम दर्ज है, जो कि सही है अतः राजपत्र प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र के आधारकॉर्ड में उसका सही व वास्तविक नाम **विजेन्द्र मेवाडा (Vijendra Mewada)** दर्ज किया जावे तथा मेरे पुत्र के सभी शासकीय/अशासकीय / व्यक्तिगत समस्त दस्तावेजों में सही नाम **विजेन्द्र मेवाड़ा (Vijendra Mewada)** के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा दर्ज किया जावे।

**पुराना नाम-विजेन मेवाडा (Vijen Mewada)**
**नया नाम-विजेन्द्र मेवाडा (Vijendra Mewada)**


## बोलेरो चालक की लापरवाही से कार हुई क्षतिग्रस्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंगोरिया थाना क्षेत्र की पुरानी चौपाटी पर चौधरी रेस्टोरेंट के सामने रात में तेजगति से दौड़ती बोलेरो क्रमांक एमपी 43 झेड जे 6986 के चालक ने ब्रेक लगाया और रिवर्स लिया। जिसके चलते पीछे आ रही कार टकरा गई और क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कार की रफ्तार कम थी, जिसके चलते बड़ी दुर्घटना नहीं हुई। कार में सवार रामप्रसाद पिता फकीरचंद्र पांचाल 61 साल निवासी द्वारकापुरी इंदौर की शिकायत पर इंगोरिया थाना पुलिस ने बोलेरो चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।


### जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम बरलई तहसील खाचरौद जिला उज्जैन म०प्र० में एक किता आराजी सर्वे नंबर 566 रकबा 0.49 हे० भूमि स्थित होकर उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार ने क्रय कर अपने हित में विक्रय अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है। उक्त संपत्ति के संबंध में शासकीय, अशासकीय या किसी निजी संस्था का ऋण बकाया हो या अन्य के पास रहन, बय, हिबा, दान, अनुबंध पत्र, किया हो या किसी प्रकार का कोई स्वत्व या सुखाधिकार संबंधी विवाद हो या अन्य प्रकार से कोई भी आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेज के आपत्ति पेश करें अन्यथा अवधि समाप्त होने के बाद मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति का विक्रय-पत्र अपने हित में करवा लेगे व बाद मियाद आने वाली किसी भी प्रकार की देनदारी, आपत्ति के लिए मेरा पक्षकार जवाबदार नही होगा। दिनांक-23.12.2025

**बालमुकुन्द (बालु) धाकड, एडवोकेट**
**कोर्ट परिसर चेंबर नंबर 01, खाचरौद**
**मो.न. 9009008440**

### जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम बरलई तहसील खाचरौद जिला उज्जैन म०प्र० में एक किता आराजी सर्वे नंबर 566 रकबा 0.49 हे० भूमि स्थित होकर उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार ने क्रय कर अपने हित में विक्रय अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है। उक्त संपत्ति के संबंध में शासकीय, अशासकीय या किसी निजी संस्था का ऋण बकाया हो या अन्य के पास रहन, बय, हिबा, दान, अनुबंध पत्र, किया हो या किसी प्रकार का कोई स्वत्व या सुखाधिकार संबंधी विवाद हो या अन्य प्रकार से कोई भी आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेज के आपत्ति पेश करें अन्यथा अवधि समाप्त होने के बाद मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति का विक्रय-पत्र अपने हित में करवा लेगे व बाद मियाद आने वाली किसी भी प्रकार की देनदारी, आपत्ति के लिए मेरा पक्षकार जवाबदार नही होगा। दिनांक-23.12.2025

**बालमुकुन्द (बालु) धाकड, एडवोकेट**
**कोर्ट परिसर चेंबर नंबर 01, खाचरौद**
**मो.न. 9009008440**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने विक्रेतागण मुस्तफा पिता आबिद हुसैन जाति बोहरा, रुकैया पति जैनुल आबेदीन जाति बोहरा निवासीगण डाबरी चौक बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. कृषकगण ग्राम झलारिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा कृषि भूमि सर्वे क्र. 34/1 रकबा 0.1800 हे., सर्वे क्र. 36/1 रकबा 0.6500 हे., सर्वे क्र. 38/1 रकबा 0.1600 हे., सर्वे क्र. 38/2 रकबा 0.3900 हे., कुल किता 04 कुल रकबा 1.38 में से रकबा 0.6000 हे. ग्राम झलारिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र., को क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशी भी विक्रेता को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त भूमि तथा विक्रय सौदे से सम्बंधित कोई आपत्ति हो या संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था आदि का कोई लेना देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालयीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को कोई आपत्ति हो या उक्त मूल दस्तावेज कही जमा हो बंधक हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप में मेरे कार्यालय में दर्ज करावे ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके अन्यथा बाद मियाद जाहिर सूचना के किसी भी आपत्ति पर विचार ना करते हुए मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित एवं निष्पादित करा लेवेगा तथा मियादित अवधि के पश्चात कोई आपत्ति बंधनकारक एवं मान्य नहीं रहेगी। सूचित हो । दिनांक :- 22/12/2025

**लोकेन्द्र पटेल (अभिभाषक )**
**161, राधाकृष्ण कॉलोनी बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. मो. 7999800300**


# महिला प्रधान आरक्षक 10 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाई, वूलन कोट जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

संभागीय लोकायुक्त ईकाई उज्जैन ने देवास में महिला थाना की प्रधान आरक्षक 771 शाहीन खान को मंगलवार देर शाम को 10 हजार की रिश्वत लेते पकडा है। आरोपी ने रिश्वत की राशि वूलन कोट की जेब में रख ली थी,उसे लोकायुक्त दल ने जब्त किया है। आरोपी के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया गया है।

लोकायुक्त डीएसपी दिनेश चंद्र पटेल ने बताया कि आवेदक विशाल परमार ने 19 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त आनंद यादव को शिकायत की थी। इसमें आवेदक ने बताया था कि पत्नी अर्चना के द्वारा महिला थाने में मारपीट एवं दहेज के संबंध में उसके खिलाफ शिकायत की गई है। उक्त शिकायत पर कार्रवाई नहीं करने के लिए प्रधान आरक्षक शाहीन खान महिला थाना देवास के द्वारा रूपए 15 हजार की रिश्वत की मांग की जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शिकायत का सत्यापन निरीक्षक दीपक सेजवार ने किया था। शिकायत की पुष्टि होने पर मंगलवार शाम को आवेदक विशाल को लोकायुक्त दल ने पंजीबद्ध रूपए 10 हजार रिश्वत के रूप में देने के लिए प्रधान आरक्षक शाहीन के पास महिला थाना देवास भेजा गया। फरियादी से रिश्वत की राशि लेकर महिला प्रधान आरक्षक शाहीन खान ने अपने वूलन कोट की जेब में रख ली थी। आवेदक के ईशारा मिलते ही लोकायुक्त के दल ने साथ में मौजूद पंजीबद्ध दो राजपत्रित अधिकारियों की उपस्थिति में आरोपी के वूलन कोट की जेब से रिश्वत की रकत जब्त की है।





वर्तमान के प्रति पूर्णतया सचेत होना बिल्कुल आसान नहीं होता, क्योंकि मानव मन बिना छल-छद्म के किसी तथ्य का सीधे-सीधे सामना नहीं कर सकता। विचार अतीत की उत्पत्ति है, इसलिए वह अतीत या भविष्य में ही सोच सकता है, वर्तमान के किसी तथ्य के प्रति पूर्णतया सचेत नहीं हो सकता। जब तक विचार अंतर्विरोध और उससे उत्पन्न सभी समस्याओं को दूर करने का प्रयत्न करता है, तब तक वह केवल किसी परिणाम के पीछे दौड़ रहा है, केवल एक लक्ष्य को पाना चाह रहा है। ऐसी विचार प्रक्रिया और अधिक अंतर्विरोध को जन्म देती है, अतएव हमारे भीतर, और इसलिए बाहर भी द्वंद्व, कष्ट और भ्रांति निर्मित करती है। अंतर्विरोध से मुक्त होने के लिए हमें वर्तमान के प्रति बिना किसी चुनाव के सचेत होना होगा। जब आप किसी तथ्य का सामना कर रहे होते हैं, तब चयन का प्रश्न ही कैसे उठ सकता है? निश्चय ही जब तक विचार कुछ बनने के लिए, कुछ बदलाव लाने के लिए तथ्य के साथ छेड़छाड़ करता है, तब तक वास्तविकता का बोध नहीं हो पाता। अतः अपने आपको समझना बोध की शुरूआत है। बिना अपने आपको समझे अंतर्विरोध और द्वंद्व बना रहेगा। याद रखिए, कोई विशेषज्ञ या ज्ञानी व्यक्ति हमें नहीं दिखा सकता कि हम अपने स्व की प्रक्रिया को कैसे समझें। हर किसी को इसका स्वयं अध्ययन करना होगा। इस विषय में चर्चा करके आप और मैं एक-दूसरे की सहायता कर सकते हैं। लेकिन कोई भी उसे हमारे लिए उद्घाटित नहीं कर सकता। कोई भी विशेषज्ञ या गुरु हमारे लिए उसका अन्वेषण नहीं कर सकता। हम अपने संबंधों में ही उसके प्रति सचेत हो सकते हैं। वस्तुओं, संपत्ति, लोगों या धारणाओं के साथ अपने संबंध में ही हमें इसका पता चलेगा कि अंतर्विरोध तभी पैदा होता है, जब कर्म अपने को किसी धारणा के अनुरूप बनाता है। विचार का प्रतीक के रूप में घनीभूत होना, कोई निश्चित रूप पा लेना ही धारणा है और उस प्रतीक के अनुसार जीने का प्रयास ही अंतर्विरोध लाता है। अतः जब तक विचार का कोई प्रारूप, कोई ढांचा होगा, अंतर्विरोध बना रहेगा। इस प्रारूप के अंत के लिए और इस प्रकार अंतर्विरोध के अंत की खातिर स्वबोध का होना आवश्यक है। स्व की यह समझ कोई ऐसी प्रक्रिया नहीं है, जो गिने-चुने लोगों के लिए ही सुरक्षित हो। हमें अपनी रोजाना की बातचीत में, अपने सोचने के ढंग में, दूसरे की ओर देखने के अपने नजरिये में ह्रस्वह्न को समझना होगा। यदि क्षण-प्रतिक्षण प्रत्येक विचार के प्रति, प्रत्येक भाव के प्रति हम सचेत हो सकें, तो हम संबंधों में स्व की प्रक्रिया को समझ पाएंगे। केवल तभी मन के उस मौन की संभावना होती है, जिसमें परम यथार्थ अस्तित्व में आ सके।



सम्पादकीय

## अरावली की चिंता

जलवायु परिवर्तन के दौर में प्राकृतिक संसाधनों की चिंता अगर प्राथमिकता होनी चाहिए, तो इस विषय को राजनीति से बचाना भी आज की बड़ी आवश्यकता है। पहाड़ों, जंगलों, नदियों और जल स्रोतों को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। जहां एक ओर, अरावली पर्वत शृंखला को लेकर सीकर से उदयपुर तक प्रदर्शन हुए हैं, तो वहीं दूसरी ओर, केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने उन दावों को खारिज किया है कि केंद्र ने अरावली पहाड़ियों के संरक्षण में ढील दे दी है। दरअसल, पिछले पखवाड़े से ही यह चिंता हावी है कि अरावली की सुरक्षा से समझौता किया जा रहा है। अब जब केंद्रीय मंत्री ने गलतफहमियों को दूर करने की कोशिश की है, तो भ्रम के बादल छंटने चाहिए। माना जाता है कि यह अपने देश की सबसे प्राचीन पर्वत शृंखला है और जब टेक्टोनिक प्लेटें आपस में टकराई थीं, तब इस शृंखला का जन्म हुआ था। यह एक तरह से थार रेगिस्तान को पूरे भारत में फैलने से रोकने का काम करती है। ऐसी जीवन रक्षक शृंखला की रक्षा प्राथमिकता होनी ही चाहिए और किसी भी प्रकार से इसे लेकर संशय या आशंकाओं का बाजार गर्म नहीं होना चाहिए।

कोई संदेह नहीं कि सरकारों की उपेक्षा की वजह से अरावली का काफी हिस्सा खनन का शिकार हुआ है। खनन को पूरी तरह से रोकना आज भी संभव नहीं हुआ है। आधिकारिक रूप से इसके लगभग दो प्रतिशत हिस्से में खनन जारी है, लेकिन अनधिकृत रूप से क्या-क्या हो रहा है, यह सरकारों के लिए हमेशा जांच का विषय है? यह पर्वत शृंखला चार राज्यों में फैली है, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात। इनमें से राजस्थान में सबसे ज्यादा खतरा है और उसके बाद हरियाणा का स्थान आता है। यह भी एक त्रासद पक्ष है कि अरावली के पक्ष में दायर एक याचिका पर 1985 से सुनवाई चल रही है। हालांकि, इस याचिका का ही नतीजा है कि अरावली का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा संरक्षित श्रेणी में आता है। वैसे, अब समय आ गया है कि अरावली को पूरी तरह से खनन-मुक्त रखने का फैसला किया जाए। जितना खनन हो चुका, बहुत है, अब आगे खनन से जो तात्कालिक आर्थिक लाभ होगा, उससे कई गुना ज्यादा कीमत हमें पर्यावरण के मोर्चे पर चुकानी पड़ेगी। ध्यान रहे, अरावली से वन्यजीव लगभग खत्म होने को हैं। वहां मानव गतिविधियों का विस्तार हो रहा है।

भारतीय राजनीति का अटल चहरा

# स्व.भारतरत्न अटलबिहारी वाजपेयी



भूपेन्द्र भारती
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय राजनीति का एक ऐसा चेहरा जो हमेशा सबका चहेता रहा। अजातशत्रु कहे या फिर सर्वदलीय पसंद चहरा। 24 दलों को साथ लेकर लंबे समय तक सरकार चलाना ही अटलजी के राजनीतिक कौशल का ऐतिहासिक प्रमाण है। अपनी कविता को राजनीति के साथ मिलाकर वे हमेशा के लिए भारतीय राजनीति में अमर हो गए। उन्होंने दिखा दिया किः- कवि-प्रधानमंत्री ही शांति के लिए पश्चिम तथा पूर्व दोनों दिशाओं में बस यात्रा की जोखिम उठा सकता है। अटलजी मनुष्य के जुझारूपन के कायल थे और उनका स्वयं का व्यक्तित्व कम जुझारू नहीं रहा। इसलिए ही वे अपनी एक कविता में कहते हैः-

आदमी को चाहिए कि वह जूझे
परिस्थितियों से लड़े
एक स्वप्न टूटे
तो दूसरा गढ़े।

श्री वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर, 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में रहने वाले एक विनम्र स्कूल शिक्षक के परिवार में हुआ। श्री वाजपेयी जी अपने छात्र जीवन के दौरान पहली बार राष्ट्रवादी राजनीति में तब आये जब उन्होंने वर्ष 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन जिसने ब्रिटिश उपनिवेशवाद का अंत किया, में भाग लिया। वह राजनीति विज्ञान और विधि के छात्र थे और कॉलेज के दिनों में ही उनकी रुचि विदेशी मामलों के प्रति बढ़ी।उनकी यह रुचि वर्षों तक बनी रही एवं विभिन्न बहुपक्षीय और द्विपक्षीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने अपने इस कौशल का परिचय अपने जीवन के अंतिम दशक तक दिया।

श्री वाजपेयी जी ने अपना करियर पत्रकार के रूप में शुरू किया था और 1951 से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में कार्य करते हुए भारतीय जन संघ में शामिल हुए। इसके बाद पत्रकारिता से थोड़ा दूर जरूर हुए पर वे अपनी कविताओं से अपने विचार राष्ट्र के सामने रखते रहे। जब पहली बार संसद में बलरामपुर से चुनकर पहुंचे तो पंडित जवाहर लाल नेहरू तक को अटलजी ने अपनी ओजस्वी वाणी से प्रभावित किया। ओर यह सिलसिला अटलजी के राजनीतिक जीवन के छः दशकों तक चलता रहा। आज जहां राजनीति में सुचिता व ईमानदारी दिनोंदिन घटती जा रही है ऐसे में अटलजी की कमी सबसे ज्यादा खटकती है। कहाँ अटलजी ने राजनीति में सफलता जनसेवा व आम आदमी के बीच रहकर प्राप्त की थी, वहीं वर्तमान में राजनीति धनबल व चुनावों के ही ईर्दगिर्द रह गई हैं।

निजी जीवन में प्राप्त सफलता उनके राजनीतिक कौशल और भारतीय लोकतंत्र की देन है। भारतीय राजनीति में वे एक ऐसे नेता के रूप में उभरे जो विश्व के प्रति उदारवादी सोच और लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता को महत्व देते थें। महिलाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक समानता के समर्थक श्री वाजपेयी भारत को सभी राष्ट्रों के बीच एक दूरदर्शी, विकसित, मजबूत और समृद्ध राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ते हुए देखना चाहते थे। वह ऐसे भारत का प्रतिनिधित्व करते रहे, जिस देश की सभ्यता का इतिहास 5000 साल पुराना है और जो अगले हजार वर्षों में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है।

भारतीय जनमानस के बीच प्रसिद्ध अटल बिहारी वाजपेयी अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते थे। 13 अक्टूबर 1999 को उन्होंने लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की नई गठबंधन सरकार के प्रमुख के रूप में भारत के प्रधानमंत्री का पद ग्रहण किया। वे 1996 में बहुत कम समय के लिए प्रधानमंत्री बने थे। पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद वह पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे जो लगातार दो बार प्रधानमंत्री बने।

भारतरत्न श्री वाजपेयी जी राजनीति के क्षेत्र में पाँच दशकों तक सक्रिय रहे। वह लोकसभा (लोगों का सदन) में नौ बार और राज्य सभा (राज्यों की सभा) में दो बार चुने गए जो अपने आप में ही एक कीर्तिमान है। भारत के प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री, संसद की विभिन्न महत्वपूर्ण स्थायी समितियों के अध्यक्ष और विपक्ष के नेता के रूप में उन्होंने आजादी के बाद भारत की घरेलू और विदेश नीति को आकार देने में एक सक्रिय भूमिका निभाई।

उन्हें भारत के प्रति उनके निस्वार्थ समर्पण और पचास से अधिक वर्षों तक देश और समाज की सेवा करने के लिए भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारतरत्न 2015 में दिया गया। अपने नाम के ही समान, अटलजी एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय नेता, प्रखर राजनीतिज्ञ, निःस्वार्थ सामाजिक कार्यकर्ता, सशक्त वक्ता, कवि, साहित्यकार, पत्रकार और बहुआयामी व्यक्तित्व वाले व्यक्ति थे। अटलजी जनता की बातों को ध्यान से सुनते थे और उनकी आकाँक्षाओं को पूरा करने का भरपूर प्रयास करते थे। उनके कार्य राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को दिखाते थे।

जब प्रधानमंत्री सड़क योजना शुरू हुई तो अटल जी के कारण ही गांव के लोगों को पहली बार पता चला कि पक्की सड़क भी होना इस देश में उनका अधिकार है। वहीं सर्वशिक्षा अभियान के कारण लाखों गांवों तक स्वतंत्रता के बाद पहली बार प्राथमिक शिक्षा को संवैधानिक अधिकार की तरह आम जनता ने जाना व नयी पीढ़ी का बड़ा हिस्सा प्राथमिक शिक्षा से वंचित होने से बची।

भारतीय संसदीय इतिहास में बहुत कम ऐसे सांसद रहे हैं जिन्हें दोनों सदनों में ध्यान से सुना जाता था। देश की तीन-तीन पीढ़ियों ने बढ़े होते हुए अटलजी के भाषणों से राजनीति व राष्ट्र को जाना। इन्हीं भाषणों व जनमानस के नेतृत्व के कारण वर्तमान भाजपा सत्ता के शिखर पर है। भारत के गांव गांव में आज भी अटलजी को हर नौजवान, स्त्री-पुरूष उनके ईमानदार राजनीतिक व्यक्तित्व के कारण प्रेम से याद करती हैं। भारत को सड़कों के माध्यम से जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज योजना व प्रधानमंत्री सड़क योजना अभूतपूर्व कार्य रहे हैं। सर्वशिक्षा अभियान भी अटलजी की सरकार की दूरदर्शी का ही शिक्षा के क्षेत्र में कदम रहा है। पोखरण परीक्षण का निर्णय हो या फिर कारगिल विजय उनके अदम्य साहस के ही उदाहरण है। अटलजी ने ही भारत के महान सैनिकों को शहीद होने के बाद उनकी अंतिम यात्रा से जुड़े सभी सम्मान की शुरूआत की। हिन्दी व साहित्य के प्रति भी अटलजी का गहरा संबंध था। 1977 को संयुक्त राष्ट्रसंघ के मंच से अपना ऐतिहासिक भाषण दिया।

## ईमानदारी की दुकान और नकली रसीद

नीलकंठ सहाय ईमानदार आदमी थे-कम से कम दुकान के बोर्ड पर। उनकी ईमानदारी सुबह नौ बजे खुलती थी और शाम पाँच बजे बंद हो जाती थी। बीच में लंच ब्रेक रहता था, जिसमें ईमानदारी घर चली जाती थी और व्यवहार काउंटर पर बैठ जाता था। वे कहते थे, सिस्टम ही ऐसा है। सिस्टम उनका सबसे विश्वसनीय साझेदार था।

नीलकंठ जी की दुकान कोई साधारण दुकान नहीं थी। वहाँ नमक-तेल नहीं बिकता था, वहाँ ईमानदारी, न्याय और नियम बिकते थे-रेट लिस्ट के साथ। जिनके पास पैसे थे, उनके लिए नियम नरम थे। जिनके पास नहीं थे, उनके लिए नियम सिद्धांत बन जाते थे-कठोर, भारी और कुचलने वाले।

एक दिन एक आदमी आया-सीधा-सादा, हाथ में फाइल, आँखों में उम्मीद। बोला,

साहब, मेरा काम नियमों के अनुसार है।

नीलकंठ जी मुस्कुराए। यह मुस्कान वही थी जो दुकानदार उधार माँगने वाले को देता है। बोले,

नियमों के अनुसार तो सब कुछ कठिन होता है।

फिर उन्होंने इशारे से दराज खोली-जहाँ नियमों के छोटे-छोटे रास्ते रखे थे।

धीरे-धीरे नीलकंठ जी की दुकान मशहूर हो गई। लोग कहते-काम हो जाता है।

किस तरह-यह कोई नहीं पूछता था।

ईमानदारी अब परिणाम से पहचानी जाने लगी थी, प्रक्रिया से नहीं।

एक दिन सरकार ने घोषणा की-अब सब कुछ पारदर्शी होगा।

नीलकंठ जी खुश हो गए। उन्होंने तुरंत काँच की अलमारी लगवा दी-ईमानदारी अब दिखने लगी थी। भीतर वही पुराना माल था, बस पैकिंग बदल गई थी। लोग प्रभावित हुए। बोले-अब तो सब साफ है।

उसी दिन वही सीधा आदमी फिर आया। बोला, साहब, अब तो पारदर्शिता है।

नीलकंठ जी ने रसीद काटी-ईमानदारी शुल्क।

कागज बहुत साफ था। स्याही बहुत गाढ़ी।

कुछ समय बाद जाँच बैठी। नीलकंठ जी ने वही रसीदें दिखा दीं।

जाँच संतुष्ट हो गई।

क्योंकि कागज साफ थे, इसलिए हाथ भी साफ मान लिए गए।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 24 दिसंबर 2025 बुधवार
सूर्योदय - 07:08 सूर्यास्त 17:45
पौष मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - चतुर्थी 13:12 उपरांत पंचमी
नक्षत्र - श्रवण 07:09 उपरांत धनिष्ठा
योग - हर्षण 16:02 उपरांत वज्र
करण - विष्टि
चन्द्रमा - मकर में है। 19:46 पर कुंभ में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रज्जब मास 03 तारिख

**मेष-** बुद्धि का प्रयोग करें। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। निराशा हावी रहेगी। आय में निश्चितता रहेगी।

**वृषभ-** व्यापार ठीक चलेगा। लाभ होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**मिथुन-** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में विशेषकर स्त्रियां सावधानी रखें। कार्यों की गति धीमी रहेगी।

**कर्क-** किसी पारिवारिक आनंदोत्सव में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**सिंह-** बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ के असवर हाथ आएंगे। यात्रा में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**कन्या-** आज के दिन शुभता का लाभ मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**तुला-** नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता रहेगी। नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बनेगी।

**वृश्चिक-** व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। समय अनुकूल है। प्रसन्नता रहेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। मेहनत का फल मिलेगा।

**धनु-** आय में कमी रहेगी। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मकर-** बेचैनी रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। यात्रा में जल्दबाजी न करें।

**कुंभ-** चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। स्वास्?य पर बड़ा खर्च हो सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें।

**मीन-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। धर्म-कर्म में मन लगेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

समसामयिक

## गौ हत्या पर सख्त हो प्रशासन और मौन त्यागें नागरिक



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

प्रदेश के झाबुआ जिले के मेघनगर तहसील अंतर्गत सजेली के सरकारी वन क्षेत्र में बीते दिनों बड़ी संख्या में गौ-हत्या की खबर सामने आई है । इस घटना ने जिसे भी यह समाचार देखा या सुना, उसका अंतर्मन पीड़ा से भर उठा । भारतीय धर्मग्रंथों में गाय को माता का दर्जा दिया गया है । सनातन हिंदू परंपरा में भगवान श्रीकृष्ण के युग से आज तक गाय की पूजा होती आ रही है । विशेषकर ग्रामीण अंचलों में किसान और पशुपालन आज भी गाय को माँ के रूप में सम्मान देते हैं । दुखद तथ्य यह है कि आधुनिक तकनीक से लैस सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद अवैध रूप से गौ-हत्या का कारोबार चोरी-छिपे संचालित होना प्रशासनिक चूक को दशार्ता है । किंतु यदि यह कृत्य सरकारी वन क्षेत्र, जहाँ आम नागरिकों का प्रवेश प्रतिबंधित है, वहाँ लंबे समय से चलता रहा हो तो इसे चूक नहीं बल्कि गंभीर लापरवाही कहा जाएगा ।

वन विभाग की शासकीय भूमि पर गोवध होना और जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी भनक तक न लगना हमारी सुरक्षा प्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है । यदि कुछ जागरूक नागरिकों और स्थानीय मीडिया ने साहस न दिखाया होता, तो संभवत झाबुआ जिले के लोगों को भी यह ज्ञात न हो पाता कि जिले की वन भूमि में गौ-हत्या और गौ-मांस का अवैध व्यापार संचालित हो रहा है । सजेली वन क्षेत्र में बड़ी मात्रा में गायों के अवशेष मिलने के बाद यह तथ्य सामने आया कि यहां व्यापक स्तर पर गौ वध हुआ है। कितने समय से और कितनी गायों की हत्या की गई यह तो शासन की निष्पक्ष जांच के बाद ही स्पष्ट होगा, किंतु यह सत्य अब नकारा नहीं जा सकता कि झाबुआ की पावन धरती पर गौ-हत्या हुई है ।

देश में केंद्र और राज्य सरकारें गौ-संरक्षण हेतु अनेक योजनाएं चला रही हैं। कई सामाजिक संगठन भी गो-रक्षा के नाम पर कार्यरत हैं। इसके बावजूद यदि इस प्रकार की घटनाएं हो रही हैं, तो यह दर्शाता है कि तस्कर अत्यंत शातिर तरीके से अपने कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं । विडंबना यह भी है कि इस गंभीर विषय को राज्य और राष्ट्रीय मीडिया ने अपेक्षित प्रमुखता नहीं दी । साथ ही जनहित और राष्ट्र हित के मुद्दों पर आंदोलन करने वाले राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों की चुप्पी भी अत्यंत पीड़ादायक है । यदि सभी एकजुट होकर आवाज उठाते, तो शायद प्रशासन पर समय रहते दबाव बनता ।

झाबुआ जिले की धरती पर गौ-हत्या हुई है इस सच्चाई से प्रशासन इंकार नहीं कर सकता । मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री का नाम स्वयं भगवान श्रीकृष्ण के नाम से जुड़ा हुआ है । आशा है कि वे मेघनगर के सजेली वन क्षेत्र की इस घटना को गंभीरता से लेंगे और प्रदेश में कहीं भी चाहे जंगल हो या गाँव अवैध गौ-हत्या करने वालों पर मानव-हत्या के समान कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे । अब समय आ गया है कि प्रशासन सख्ती दिखाए और नागरिक मौन त्याग कर गौ-माता की रक्षा हेतु एकजुट हों ।

# सही तरह से पीएंगे नींबू पानी तो देखते ही देखते पिघल जाएगी पेट की चर्बी

अगर आप अपने शरीर के फैट बर्निंग मोड को ऑन करना चाहते हैं तो नींबू पानी को सुबह खाली पेट पीएं। इस समय पीने से डाइजेस्टिव सिस्टम बेहतर होता है, टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं और वॉटर रिटेंशन को कम करने में मदद मिलती है। बस एक गिलास गुनगुने पानी में आधा ताजा नींबू का रस डालकर पीएं।

जब भी फैट लॉस की बात होती है तो हर कोई नींबू पानी को डाइट में शामिल करने की सलाह देता है। नींबू पानी बनाना आसान है और नींबू अक्सर फ्रिज में रखा ही होता है। महज कुछ सेकंड्स में बन जाने वाला नींबू पानी वजन घंटाने में किसी जादू की तरह काम करता है। लेकिन इसका असली फायदा तभी होता है, जब इसे सही तरह से लिया जाए। साथ ही साथ, हेल्दी डाइट व एक्सरसाइज को फॉलो किया जाए।

नींबू पानी डाइजेशन में मदद करता है, सूजन कम करता है, हाइड्रेशन बेहतर करता है, और बेवजह की क्रेविंग को कंट्रोल करने में मदद करता है, जिसकी वजह से फैट लॉस करना काफी आसान हो जाता है। बस जरूरी है कि इसे सही समय पर और सही तरह से लिया जाए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको फैट लॉस के लिए नींबू पानी पीने के सही तरीकों के बारे में



बता रहे हैं-

### खाली पेट लें नींबू पानी

अगर आप अपने शरीर के फैट बर्निंग मोड को ऑन करना चाहते हैं तो नींबू पानी को सुबह खाली पेट पीएं। इस समय पीने से डाइजेस्टिव सिस्टम बेहतर होता है, टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं और वॉटर रिटेंशन को कम करने में मदद मिलती है। बस एक गिलास गुनगुने पानी में आधा ताजा नींबू का रस डालकर पीएं।

### हमेशा गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें

अगर आप सुबह-सुबह नींबू पानी पी रहे हैं तो इस बात का खास ख्याल रखें कि हमेशा गुनगुने पानी का ही इस्तेमाल करें। ठंडा नींबू पानी सुबह-सुबह आपके डाइजेशन को शॉक दे सकता है। वहीं, गुनगुना पानी मेटाबॉलिज्म को धीरे-धीरे एक्टिवेट करने, डाइजेशन को बेहतर बनाने और पेट की ब्लोटिंग कम करने में मदद करता है।

### अगर दिन में लेना हो नींबू पानी

कुछ लोग जल्दी फैट लॉस के लिए नींबू पानी का सेवन बार-बार करते हैं। आप इसे दिन में भी ले सकते हैं, लेकिन बहुत ज्यादा ना लें। वैसे तो सुबह एक बार नींबू पानी लेना पर्याप्त है, लेकिन आप मिड मॉर्निंग या लंच से पहले भी इसे ले सकते हैं। अगर आपको एसिडिटी है तो खाली पेट नींबू पानी ना लें। साथ ही, देर रात या खाना खाने के तुरंत बाद भी नींबू पानी पीने से बचें।

धर्म-आस्था

# पतिव्रत्य की महिमाः सुलोचना का धर्म, त्याग और अमर आस्था



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

रामायण केवल युद्ध और विजय की गाथा नहीं है, वह धर्म, आस्था, मर्यादा और नारी के पातिव्रत्य की अद्भुत शक्ति का भी शाश्वत ग्रंथ है। इसी महागाथा में एक ऐसा प्रसंग आता है, जो आज भी मन को झकझोर देता है और यह समझा देता है कि सच्चा धर्म केवल वाणी में नहीं, आचरण में जीवित रहता है। यह कथा है मेघनाद की पत्नी सुलोचना की, जिनका नाम पातिव्रत्य, त्याग और दृढ़ संकल्प का पर्याय बन गया। सुलोचना नागराज वासुकी की पुत्री थीं और लंका के पराक्रमी योद्धा, रावण-पुत्र मेघनाद की पत्नी। मेघनाद, जिन्हें इंद्रजीत कहा जाता था, एकनारी व्रत के पालनकर्ता थे और सुलोचना परम पतिव्रता। रणभूमि में लक्ष्मण के हाथों मेघनाद का वध हुआ। यह वही युद्ध था, जिसमें धर्म और अधर्म आमने-सामने खड़े थे। मेघनाद का कटा हुआ मस्तक भगवान श्रीराम के शिविर में लाया गया।

पति-वध का समाचार पाकर सुलोचना का हृदय विदीर्ण हो उठा। उन्होंने अपने ससुर रावण से विनय की कि वे राम के पास जाकर उनके पति का शीश वापस ले आएँ, ताकि अंतिम संस्कार विधि-विधान से हो सके। रावण ने यह प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया। तब सुलोचना ने निर्भीक होकर कहा कि राम पुरुषोत्तम हैं, उनके पास जाने में भय कैसा। यदि आप नहीं जाएँगे तो मैं स्वयं जाऊँगी। यह कथन केवल साहस नहीं था, यह धर्म पर अटूट विश्वास का परिचायक था।

इधर रणभूमि में लक्ष्मण ने प्रतिज्ञा ली थी कि वे मेघनाद का वध करेंगे। श्रीराम ने उनसे एक विशेष बात कही थी कि मेघनाद का मस्तक पृथ्वी पर नहीं गिरना चाहिए, क्योंकि उसकी पत्नी परम पतिव्रता है। ऐसी साध्वी के पति का अंग यदि भूमि को स्पर्श करता, तो युद्ध में विजय की आशा भी क्षीण हो जाती। लक्ष्मण ने प्रभु की आज्ञा का पालन किया और मस्तक को भूमि पर गिरने नहीं दिया।

सुलोचना का पातिव्रत्य केवल व्रत नहीं, एक जीवंत शक्ति थी। युद्ध के पश्चात उन्हें आकाश में उड़ती हुई अपने पति की कटी हुई भुजा मिली। उन्होंने उसे स्पर्श नहीं किया, यह सोचकर कि पर-पुरुष का स्पर्श दोषकारी होता है। निर्णय के क्षण में उन्होंने अपने पातिव्रत्य की शक्ति का स्मरण किया और कहा कि यदि यह भुजा उनके स्वामी की है, तो युद्ध का समस्त वृत्तांत स्वयं लिख दे। तभी वह भुजा लेखनी बन गई और लिख दिया कि यह उनके पति की ही भुजा है। यह दृश्य पातिव्रत्य की अद्भुत महिमा का प्रमाण था। लंकापति रावण ने शोकाकुल सुलोचना को सांत्वना देते हुए युद्ध में प्रतिशोध की बात कही, पर सुलोचना का उत्तर अत्यंत मार्मिक था। उन्होंने कहा कि सहस्त्रों नहीं, करोड़ों शीश भी उनके पति के एक शीश की भरपाई नहीं कर सकते। तभी उन्होंने सती होने का दृढ़ निश्चय कर लिया। यह निर्णय आवेग नहीं था, यह उनके जीवन-मूल्य और आस्था की परिणति थी।

जब सुलोचना राम-शिविर पहुँचीं, तो सभी योद्धा आश्चर्यचकित रह गए। श्रीराम ने स्वयं खड़े होकर उनका सम्मान किया और उनके पातिव्रत्य की प्रशंसा की। लक्ष्मण से उन्होंने कहा कि मेघनाद का वध किसी एक योद्धा की शक्ति से नहीं, बल्कि दो पतिव्रता नारियों के भाग्य से हुआ है। एक ओर सीता, दूसरी ओर सुलोचना। सुलोचना ने विनम्रता से स्वीकार किया कि उनके पति का अधर्म यह था कि वे ऐसे पिता के लिए युद्ध में उतरे, जिसने एक पतिव्रता नारी का अपहरण किया।

जब सुलोचना ने अपने पातिव्रत्य की शुद्धता की शपथ लेकर कहा कि यदि उन्होंने मन, वचन और कर्म से अपने पति को देवता माना है, तो उनका निर्जीव मस्तक हँस उठे, तब वह कटा हुआ मस्तक सचमुच हँस पड़ा। यह दृश्य देखकर समस्त राम-शिविर स्तब्ध रह गया। सभी ने उस साध्वी को नमन किया, जिनकी आस्था मृत्यु को भी चुनौती दे गई।

अंत में सुलोचना ने श्रीराम से अपने पति के अंतिम संस्कार की अनुमति माँगी और कहा कि अब वे अपने स्वामी के साथ परलोक गमन करेंगी। इस प्रकार सुलोचना ने अपने पातिव्रत्य, धर्म और आस्था से न केवल इतिहास रचा, बल्कि यह सिद्ध कर दिया कि सच्चा धर्म बाह्य आडंबर नहीं, बल्कि अंतःकरण की निर्मल अग्नि है, जो जीवन और मृत्यु दोनों को आलोकित कर देती है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2250-2950, चना काबली- 3026-8251, चना बड़ा- 4749-5790, बटला- 2400-4150, राई- 6260, सोयाबीन- 1875-5551, राजमा- 6500, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना-स्टेण्र्ड- 1,39,200, रवा- 1,39,000 चांदी-टंच- 2,10,000 पाट- 2,09,700।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## पटेल परिवार ने सामुदायिक भवन व पंचायत को भवन निर्माण के लिए निजी जमीन दान दी

**महिदपुर रोड।** ग्राम तरनोद के क्षत्रिय समाज के पटेल परिवार के कालू सिंह और लालसिंह पटेल व उनके परिजनों ने ग्राम में सामुदायिक भवन निर्माण के लिये ग्राम पंचायत की सरपंच नीता कुशाल सिंह पंवार (सरपंच) के प्रेरणा से व ग्रामीणजनो के सहयोग से अपनी निजी भूमि सामुदायिक भवन हेतु ग्राम पंचायत को दान दी पटेल परिवार के प्रेरणा दायक सहयोग पर कुशाल सिंह पंवार, सुरेंद्रसिंह खींची, सुरेसिंह पंवार अंतरसिंह पंवार, कृष्ण पाल सिंह पंवार, सचिन रावल, आशीष व्यास आदि ने हर्ष व्यक्त किया ग्राम पंचायत द्वारा पटेल परिवार द्वारा दान से प्राप्त की गई भूमि पर शीघ्र ही सामुदायिक भवन निर्माण का कार्य किया जायेगा।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर प्रभात फेरी संगम का विराट आयोजन



**बड़नगर।** श्रीराम मंदिर अयोध्या में रामलला प्राणप्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर बड़नगर नगर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्वितीय संगम देखने को मिलेगा। प्रभात फेरी भक्त मंडल द्वारा 31 दिसंबर 2025, बुधवार, पौष शुक्ल द्वादशी को स्थानीय द्वारिकाधीश मंदिर, शिवाजी रोड पर सामूहिक प्रभात फेरी संगम समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर भावसार समाज धर्मशाला में विशेष बैठक आयोजित हुई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। आयोजन समिति के सदस्य साँवरिया शर्मा ने बताया कि अंचलों से लगभग 150 से अधिक प्रभात फेरियाँ नगर में पधारेंगी। इस अवसर पर एक विशाल प्रभात फेरी प्रातः 6:30 बजे द्वारिकाधीश मंदिर से प्रारंभ होकर गांधी चौक, आजाद चौक, गेंदाबावड़ी, शांति निकेतन चौराहा, जूना शहर, जय स्तंभ चौक होते हुए डाबरी मार्ग से पुनः शिवाजी रोड पर संपन्न होगी।इस विराट आयोजन में नगर व अंचल के भक्तों के साथ-साथ साधु-संतों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। प्रभात फेरी भक्त मंडलों को विभिन्न जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। साथ ही राम रसोई वितरण एवं प्रभात फेरी मार्ग को सुगम बनाने की रूपरेखा भी तैयार की गई है।भक्ति, उत्साह और सामूहिकता का यह अद्वितीय संगम बड़नगर नगर के धार्मिक एवं सांस्कृतिक जीवन में एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में अंकित होगा।

### शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस पर

## पुस्तको की प्रदर्शनी लगाकर संगोष्ठी का आयोजन किया



**बड़नगर।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा 22 दिसंबर सोमवार को ₹राष्ट्रीय गणित दिवस₹ के अवसर पर गणित की पुस्तको की प्रदर्शनी लगाई गई एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गणित दिवस पर भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी कविता मांडरे ने गणित दिवस के बारे में जानकारी दी एवं महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के बारे में बताया। अतिथि शैलेंद्र जैन ने विद्यार्थियों को वैदिक गणित के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो.कविता मांडरे सहित डॉ. किरण मंडलोई, डॉ. नेहा डोडिया, डॉ. शाहीन खान, डॉ. स्मिता गिरगुने, प्रो. आदित्य ठाकुर, नवीन मकवाना, दर्शित गोखरू सहित समस्त महाविद्यालय स्टॉफ एवं विद्यार्थिगण उपस्थित रहे। जानकारी प्रभारी प्रो. कविता मांडरे ने दी।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार द्वारा 1- सुमित पांचाल पिता श्री दिनेशचंद्र पांचाल, 2- पुनित पांचाल पिता श्री दिनेशचंद्र पांचाल व 3- श्रीमती प्रियंका पांचाल पति श्री पुनित पांचाल, निवासी- 2/2, अर्पिता एनक्लेव, नानाखेड़ा, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति भूखण्ड क्रमांक ए-293 जो कि पार्श्वनाथ सिटी, देवास रोड़, उज्जैन में स्थित हैं। उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 212.07 वर्गमीटर हैं, जिसके पूर्व दिशा में सड़क कालोनी की, पश्चिम दिशा में- भूखण्ड क्रमांक अ-292, उत्तर दिशा में भूखण्ड क्रमांक अ-294 एवं दक्षिण दिशा में सड़क कालोनी की हैं। उक्त संपत्ति को क्रय करने का सौदा किया जाकर सौदा चिट्ठी निष्पादित कर आशंकी राशि अदा कर दी गयी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त संपत्ति का अनुबंध पत्र या विक्रय पत्र का संपादन किया जाना शेष है। यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा अन्यथा बाद अवधि मैरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो।

ईति दिनांक 22-12-2025

**सौरभ जैन, (चौरड़िया) एडव्होकेट**
**ए-20, भरतपुरी कांप्लेक्स, देवास रोड़, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. नं 96177-77776**


राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने

# लैंक्सेस इंडिया की नागदा फैक्ट्री की आपातकालीन तैयारी एवं सुरक्षा व्यवस्था की सराहना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा



लैंक्सेस इंडिया की नागदा स्थित फैक्ट्री को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) द्वारा उसकी उत्कृष्ट आपातकालीन तैयारी एवं प्रतिक्रिया क्षमताओं के लिए विशेष मान्यता प्रदान की गई है। यह सम्मान औद्योगिक सुरक्षा, जोखिम प्रबंधन और आपदा-निवारण के प्रति लैंक्सेस इंडिया की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

नवंबर 2025 में एनडीआरएफ द्वारा लैंक्सेस की नागदा फैक्ट्री में संयुक्त रासायनिक आपातकालीन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था, जिसमें फैक्ट्री की आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम (ईआरटी) ने सक्रिय एवं प्रभावी भूमिका निभाई। इस अभ्यास का उद्देश्य संभावित औद्योगिक आपात स्थितियों में त्वरित, सुरक्षित एवं समन्वित प्रतिक्रिया की तैयारियों का परीक्षण करना था।

मॉक ड्रिल के सफल समापन के उपरांत 11वीं बटालियन, एनडीआरएफ के कमांडेंट कार्यालय द्वारा एक आधिकारिक प्रशंसा पत्र जारी किया गया। इसमें लैंक्सेस की टीम की तकनीकी दक्षता, सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता, सुव्यवस्थित योजना, समयबद्ध संचार और अनुशासित निष्पादन की विशेष रूप से सराहना की गई।

एनडीआरएफ ने यह भी उल्लेख किया कि लैंक्सेस इंडिया द्वारा अपनाई गई सुदृढ़ सुरक्षा संस्कृति, निरंतर प्रशिक्षण, नियमित आपातकालीन अभ्यास तथा कर्मचारियों, परिसंपत्तियों एवं आसपास के समुदाय की सुरक्षा को प्राथमिकता देने वाले सक्रिय उपाय अत्यंत प्रशंसनीय हैं। एनडीआरएफ के कमांडेंट ने कहा, हम लैंक्सेस इंडिया के साथ सुरक्षा जागरूकता, क्षमता निर्माण और आपातकालीन तैयारी के क्षेत्र में निरंतर सहयोग की अपेक्षा करते हैं।

इस अवसर पर सुनील गुलाटी, हेड झ नागदा साइट, लैंक्सेस इंडिया ने कहा, एनडीआरएफ के साथ किया गया यह संयुक्त अभ्यास हमारी औद्योगिक सुरक्षा और परिचालन उत्कृष्टता के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है। ऐसे अभ्यास हमारी आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं को सुदृढ़ करते हैं और सुरक्षित एवं जिम्मेदार संचालन सुनिश्चित करते हैं।

यह उपलब्धि लैंक्सेस इंडिया की नागदा फैक्ट्री को औद्योगिक सुरक्षा और आपदा-प्रबंधन के क्षेत्र में एक उदाहरणीय इकाई के रूप में स्थापित करती है।

# म.प्र.राज्य कर्मचारी संगठन की बैठक खुजनेर में सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा




राजगढ़ जिले में म.प्र. राज्य कर्मचारी संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक खुजनेर में सम्पन्न हुई। बैठक का उद्देश्य संगठन को तहसील स्तर पर सशक्त बनाना, कर्मचारियों की एकजुटता को मजबूत करना तथा उनकी सेवा-सम्बंधी समस्याओं के समाधान हेतु ठोस रणनीति तैयार करना रहा। बैठक में खुजनेर तहसील की कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें खुजनेर तहसील कार्यकारिणी हेतु जिन पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया उनमे नारायण सिंह पंवार को तहसील अध्यक्ष, गिरिश कुमार यादव को सचिव, रामस्वरूप शर्मा कोषाध्यक्ष, विनीता जैन सह सचिव, प्रीति गुप्ता उपाध्यक्ष, बाने सिंह जांगड़े संगठन मंत्री, तहसील कार्यकारिणी का गठन जिला पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर नगेन्द्र सिंह गुर्जर जिलाध्यक्ष, यशवंत यादव जिला सचिव, प्रमोद सक्सेना जिला कोषाध्यक्ष एवं फूल सिंह वर्मा जिला संगठन मंत्री प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में अशोक मेवाड़े, संजय गेहलोत, ऋषि विजयवर्गीय, रामबाबू शर्मा ने जिला उपाध्यक्ष के रूप में सहभागिता की। साथ ही हरीश शिवहरे जिला मीडिया प्रभारी सहित मंगीलाल भीलाला, रूपेन्द्र वर्मा, घासीराम मालवीय, विक्रम सिंह अहिरवार, विजय सिंह दुहेला, दोलत वर्मा, शिवचरण डांगी, रामप्रसाद वर्मा, लक्ष्मीनारायण दांगी, सुनील नामदेव, लखन यादव बैठक में उपस्थित रहे।

उक्त बैठक में संगठन के दायित्वों एवं लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि राज्य कर्मचारी संगठन कर्मचारियों के सेवा-सम्बंधी लंबित प्रकरणों, वेतन विसंगतियों, पदोन्नति, स्थानांतरण नीति, एवं क ा य ा ि ल ा य ी न समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर संघर्ष करेगा। तहसील स्तर पर सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संगठन का आगामी प्रांतीय स्तरीय अधिवेशन दतिया में दिनांक 3 जनवरी एवं 4 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। उक्त अधिवेशन के लिए समस्त कार्यकारिणियों की सूची एवं सदस्य सूची समय-सीमा में जमा करने पर सहमति बनी। बैठक का संचालन राकेश माथुरिया द्वारा किया गया। अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित खुजनेर तहसील कार्यकारिणी के नवीन पदाधिकारी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने एवं कर्मचारी हितों की रक्षा हेतु एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन म्युनिसिपल क्रमांक 14/1 का भाग, प्लाट नंबर 6, सेक्टर-ए, पार्श्वनाथ परिसर कॉलोनी, बेगमपुरा, उज्जैन जिसका क्षेत्रफल 92.96 वर्गमीटर प्राची गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, उज्जैन 22, नयापुरा, उज्जैन के द्वारा सुजानमलजी कटारिया पिता श्री केशरीमलजी कटारिया निवासी 30/1, सुरज नगर कॉलोनी, उज्जैन को पंजीकृत विक्रय पत्र दस्तावेज क्रमांक 5956 तारीखी 27/01/2011 के द्वारा विक्रय किया गया था। यह दस्तावेज कहीं गुम गया है और मिल नहीं रहा है तथा मिलने की संभावना भी नहीं है, उक्त दस्तावेज किसी के पास हो या इस दस्तावेज को सामयिक बंधक कर कोई ऋण किसी भी व्यवसायिक बैंक, वित्तीय संस्था या अन्य किसी से प्राप्त किया गया हो या इस मकान पर कोई ऋण भार हो या अन्य किसी का कोई हित हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 15 दिन की अवधि के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा इस अवधि के बाद उक्त मकान को वर्तमान स्वामी 1. मनोज मालवीय पिता श्री राजारामजी मालवीय, 2. लोकेन्द्र मालवीय पिता श्री राजारामजी मालवीय निवासीगण 14, नलिया बाखल, उज्जैन के द्वारा एल. आई. सी. हाउसींग फाईनेंस लिमिटेड़ के पास बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त कर लिया जावेगा व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो। इति दिनांक- 23/12/2025 ई., स्थान उज्जैन

**(मदनलाल दुग्गड़) अभिभाषक**
**1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन**
**फोन 2554829, 94253-80339**



In The Court Of Principal Judge, Family Court, District Court, Ujjain Presiding Officer:
**श्री राकेश कुमार गोयल**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
(RCS HM/0000267/2025)
**आकाश कसेरा------- वादी**
Vs
**श्रीमती मंगला-------प्रतिवादी**

**Process Id-/2025**
**पेशी दिनांक: 28/01/2026**

**प्रेषिती-**

(1) श्रीमती मंगला पति आकाश कसेरा, पुत्री श्री अमरसिंह कुमावत, आयु-24 वर्ष, व्यवसाय-गृहणी निवासी 367/ वार्ड नं. 02 तिल्लर कालोनी आगर (म.प्र.)

यह कि प्रार्थी आकाश कसेरा पिता श्री कृष्णकुमार कसेरा आयु-25 वर्ष, व्यवसाय-नौकरी निवासी- 4/ए मोहन नगर आगर रोड उज्जैन म०प्र० ने आपके विरूद्ध धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 19 दिसम्बर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(राकेश कुमार गोयल)**
**अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय, उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दें-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।




## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर बांग्लादेश का पुतला दहन

**महिदपुर।** हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में आज चौक बाजार पर समस्त हिंदू जनों द्वारा बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार एवं नरसंहार को लेकर बांग्लादेश का पुतला दहन किया एवं बांग्लादेश मुदार्बाद के नारे लगाते हुए जुलूस के रूप में सर्व हिंदू समाज के लोग चौक बाजार से राजेंद्र मार्ग होते हुए तहसील प्रांगण मैं पहुंचे वहां पर राष्ट्रपति जी के नाम ज्ञापन दिया गया इस अवसर पर हिंदू समाज के सुधीर मूणत, भगवान सिंह जी पवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमा पांडे, मनोहर जी आजना, गौरव दवे विष्णु मालवीय आदि ने अपने उद्बोधन में बांग्लादेश में हो रहे हिंदु अल्पसंख्यक पर अत्याचार एवं हिंदू समाज के दीपू दास की निर्मम हत्या के बारे में जानकारी देते हुए उद्बोधन दिया संचालक कैलाश राठी के द्वारा किया गया ज्ञापन का वाचन हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष संजय व्यास के द्वारा किया गया आभार अखंड हिंदू सेना के अध्यक्ष मनोज प्रजापत के द्वारा आभार प्रकट किया गया इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं सभी समाज के सनातनी हिंदू बंधु प्रमुख रूप से उपस्थित थे

## ब्राह्मण समाज से अनीता बनी माँसाहार, दहेज मुक्त अभियान की संयोजक

### कायस्थ बंधु समिति ने दिया सह सम्मान नियुक्ति-पत्र

**ब्यावरा-राजगढ़।** कायस्थ समाज का लोकप्रिय अभियान माँसाहार और दहेज मुक्त की लोकप्रियता से सर्व समाज का भी समर्थन मिल रहा है। हर समाज माँसाहार और दहेज मुक्त बने इसके लिए कायस्थ बंधु समिति नववर्ष से कायस्थ समाज के साथ-साथ अन्य समाज में सह सम्मान माँसाहार और दहेज मुक्त महाअभियान की शुरूआत करने जा रही है। महाअभियान के विस्तार के लिए कायस्थ बंधु समिति महिला संयोजक नियुक्त कर रही है।इसी उद्देश्य को लेकर सोमवार को लालघाटी ओमनगर निवासी ब्राह्मण समाज से श्रीमति अनीता-राजेंद्र शर्मा को कायस्थ बंधु के माँसाहार, दहेज मुक्त महाअभियान का संयोजक नियुक्त किया गया है। महाअभियान के प्रमुख गिरीश श्रीवास्तव ने पीला गमछा पहनाकर नियुक्ति पत्र प्रदान किया।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी कैलाश पिता श्री चतर्भुज उर्फ चतरा जी, उम्र 57 वर्ष, व्यवसाय - कृषि निवासी- ग्राम पिपल्याहामा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 409/4 रकबा 0.430 हेक्टर भूमि, ग्राम- पिपल्याहामा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से बयाना राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो। इतिः दिनांक-23/12/2025, उज्जैन

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-D-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन,**
**मोबाईल नम्बर- 94248 78460**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी राजाराम पिता श्री पूना जी, उम्र 66 वर्ष, निवासी 101, ग्राम धनडा भल्ला तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 123/2 रकबा 0.600 हेक्टर भूमि, ग्राम धनड़ा भल्ला तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से बयाना राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो। इतिः दिनांक-23/12/2025, उज्जैन

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-D-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन,**
**मोबाईल नम्बर- 94248 78460**



# कार्यालय नगर परिषद् तराना जिला उज्जैन (म.प्र.)

## Notice Inviting e-Tenders

### Government of Madhya Pradesh

**Urban Administration and Development Department**

N.I.T. No. 1965/E-tender/Tarana/2025 Dated 23-12-2025

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

| S. No. | Name of Work | District (9) | Probable Amount of Contract (Rs. in lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rupees) | Cost of Bid Document (In Rupees) | Period of Completion (in Months) | Notice Inviting |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of structure for flood mitigation 2025_UAD_467830 1 | Ujjain | 37.77 lacs | 28330/- | 5000/- | 03 MONTH | II |
| 02 | Construction of CC DRAIN WARD 10 KALU KE GHAR SE OMPRAKASH 205_UAD_468360_1 | Ujjain | 8.14 lacs | 16290/- | 2000/- | 03 MONTH | I |
| 03 | Construction of CC DRAIN WARD 11 MEER SAHAB MASJID TO NACHAN BOOR 205_UAD_468386_1 | Ujjain | 5.98 lacs | 11965/- | 2000/- | 03 MONTH | I |
| 04 | Construction of CC DRAIN WARD 11 KAJI KE GHAR SE KALASH GARDAN 205 UAD 469270 1 | Ujjain | 6.78 lacs | 13570/- | 2000/ | 03 MONTH | I |
| 05 | Construction of CC DRAIN WARD 14 205_UAD_468389_1 | Ujjain | 5.74 lacs | 11500/- | 2000/ | 03 MONTH | I |
| 06 | Construction of CC DRAIN WARD 15 205_UAD_ 468409_1 | Ujjain | 6.22 lacs | 12460/- | 2000/ | 03 MONTH | I |
| 07 | Conducting IECActivities for creating awareness at TARANA City to support Swachh Bharat Mission under Swachh Survekshan 2025-26 205 UAD 469254 1 | Ujjain | 10 lacs | 10000/- | 2000/ | 12 MONTH | II |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://mptenders.gov.in

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद् तराना, जिला उज्जैन (म.प्र.)**

न्यूज-कॉलम

## 20 दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर

**नीमच।** महर्षि प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र नीमच द्वारा शहर वासियों की सेवा करने के उद्देश्य से प्राकृतिक सुजोक, एक्यूप्रेशर एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर एवं विशाल प्राकृतिक एक्यूप्रेशर , सुजोक चिकित्सा शिविर का आयोजन बुधवार से 1 जनवरी तक सुबह 8 से दोप. 12 बजे तक एवं दोप. 3 से सायं 7 बजे तक , स्थान - मूलचंद मार्ग गार्डन स्कूल के सामने नीमच पर किया जाएगा। केंद्र के संचालक थैरेपिस्ट प्रमोद कुमावत व थैरेपिस्ट खेतपाल आलडिया ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा विगत कई वर्षों से नीमच में यह शिविर लगाया जा रहा है, जिसका पूरा-पूरा लाभ शहर वासियों को मिल रहा है। निरंतर जारी आयोजन की कड़ी में आयोजित इस शिविर में सर्वाईकल, माइग्रेन, पीठ, पसलियों और घुटनों का दर्द, हाथों में कम्पन, थायरायड सहित कई बीमारियों के उपचार के साथ ही समस्त प्राकृतिक चिकित्सा की विधाओं का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। शिविर में इलाज विधि एक्यूप्रेशर, सुजोक थैरेपी, वैक्यूम थैरेपी, चुम्बकीय थैरेपी, योग साधना व विदेशी मशीनो द्वारा उपचार किया जा रहा है।

## लोडिंग वाहन के पहिये के नीचे आने से मासूम की मौत

**मन्दसौर।** जिले के दलौदा निवासी एक मासूम बच्ची एक पानी की केनों से भरी लोडिंग वाहन के नीचे आने से उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने प्रकरण में मर्ग कायम किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा सोमवार की दोपहर करीब 12.30 बजे का है। यह हादसा तब हुआ जब मासूम बालिका पंखुड़ी पिता अभिषेक जैन निवासी दलौदा अपने घर से खेलते-खेलते सड़क पर आ गई। इसी दौरान वहां से गुजर रहे पानी की केनों से भरे लोडिंग वाहन के पहिये के नीचे वह आ गई। घटना के बाद बच्ची को उपचार हेतु मंदसौर सिविल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे वहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने मृतिका का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया।

## कृषि उपज मण्डी में तीन दिन नीलामी नहीं होगी

**मन्दसौर।** कृषि उपज मण्डी मंदसौर कार्यालय द्वारा सूचना जारी कर बताया कि 25, 27 व 28 दिसम्बर को मण्डी प्रांगण में नीलामी कार्य स्थगित रहेगा। अवकाश सूचना अनुसार 25 दिसम्बर गुरूवार को क्रिसमस-डे, 27 दिसम्बर को माह का चतुर्थ शनिवार व 28 दिसम्बर को रविवार होने से मण्डी प्रांगण में नीलामी कार्य नहीं होगा। किसान बन्धु उक्त दिनांक को अपनी कृषि उपज विक्रय हेतु नहीं लावें।

## प्रतीक सिंह मेवाड़ यूनिवर्सिटी के गोल्ड मेडलिस्ट

**नीमच।** नगर पालिका नीमच के स्वच्छता निरीक्षक भारत सिंह भारद्वाज एवं महिला पुलिस प्रधानआरक्षक श्रीमती संतोष भारद्वाज के सुपुत्र श्री प्रतीक सिंह भारद्वाज ने मेवाड़ यूनिवर्सिटी चित्तौड़ से बी. ए. की परीक्षा 8.77 सीजीपीए से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया! प्रतीक सिंह भारद्वाज तेराकी में इंटरनेशनल खिलाड़ी भी रह चुके हैं! प्रतीक ने यह उपलब्धि हासिल कर परिवार, समाज व नीमच को गौरान्वित किया है!

## मुकेश कुमार ने ग्रहण किया जनसंपर्क अधिकारी-रतलाम मंडल का पदभार

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क विभाग में जन संपर्क



अधिकारी इंदौर के रूप में श्री मुकेश कुमार ने 23 दिसंबर 2025 को पदभार ग्रहण किया। कुमार इससे पूर्व रतलाम मंडल में मंडल कार्यालय रतलाम में मुख्य जनसंपर्क निरीक्षक के रूप में पदस्थ थे। वर्तमान में पदस्थ जनसंपर्क अधिकारी इंदौर खेमराज मीना का स्थानांतरण अहमदाबाद में निर्माण विभाग में जनसंपर्क अधिकारी के रूप में हुआ है।

## सांसद खेल महोत्सव का आयोजन संपन्न

**नीमच।** नीमच में विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाडियों में प्रतियोगिता को लेकर उत्साह भी देखने को मिला। सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के साथ-साथ युवाओं में खेलों के प्रति रुचि विकसित करना है।

# 27 से श्री धुंधलेश्वर महादेव परिक्षेत्र में श्री रामकथा का आयोजन

## अगवानी पर आचार्य श्री रामानुज जी का मंदसौर से लेकर रेवास देवड़ा तक होगा भव्य स्वागत

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर




मानवता मिशन ट्रस्ट, श्री हरिकथा आयोजन समिति एवं करुणा फाउंडेशन के तत्वाधान में २७ दिसंबर से ४ जनवरी तक मंदसौर से १२ कि.मी. दूर रेवास देवड़ा महादेव मंदिर परिसर में राम कथा के मर्मज्ञ विद्वान आचार्य श्री रामानुज जी के सानिध्य में आयोजित श्री रामकथा की तैयारीयो को लेकर मंदसौर में श्री अग्रसेन मांगलिक भवन परिसर में गुरु भक्तों एवं नगर वासियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 26 दिसंबर शुक्रवार को आचार्य श्री रामानुजजी की अगवानी मंदसौर से लेकर रेवास देवड़ा गांव तक धूमधाम से की जावेगी। प्रातः 9.30 बजे आचार्य श्री रामानुजजी श्री तलाई वाले बालाजी मन्दिर पर दर्शन करेंगे , तत्पश्चात वही से गाजे बाजे के साथ 101 चार पहिया वाहनो के काफिले के साथ रेवास देवड़ा गांव हेतु रवाना होंगे।

हरिकथा आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस कथा में आसपास के 51 गांवो का समावेश होगा। 26 दिसम्बर को आयोजित शोभायात्रा में 101 चार पहिया एवं बड़ी संख्या में दो पहिया वाहन सम्मिलित होंगे। आचार्य श्री को श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर से रेवास देवड़ा गांव तक धूमधाम से ले जाया जाएगा।

कथा के सूत्रधार डॉ. शंभूसिंह कुशवाह ने बताया कि 27 दिसंबर शनिवार को प्रातः 11 बजे रेवास में भव्य कलश यात्रा निकलेगी जिसमें 1100 मातृशक्ति मस्तक पर कलश धारण कर शोभायात्रा में सम्मिलित होगी। शोभायात्रा धुंधलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी जहां पर आचार्य श्री रामानुज जी श्री राम कथा का अमृत पान सभी भक्तों को करवायेंगे। कथा २८ दिसंबर रविवार से प्रतिदिन प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगी। 4 जनवरी को कथा का विराम होगा। इस दौरान वैश्य महासम्मेलन जिलाध्यक्ष जगदीशचंद्र चौधरी, समाजसेवी दृष्टानंद नेनवानी, वरिष्ठ पत्रकार डॉ घनश्याम बटवाल, अपना घर के अध्यक्ष राव विजयसिंह, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष रमाशंकर शर्मा, पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष वासुदेव सेवानी, समिति के सचिव सुरेश सोमानी, समाजसेवी राजमल गर्ग, डॉ देवेन्द्र पुराणिक, नरेंद्र सिंह चौहान आदि ने भी सुझाव रखे। बैठक का संचालन श्री दाऊ भाई विजयवर्गीय ने किया तथा आभार एडवोकेट गौरव रत्नावत ने माना।

# रतलाम में नशे में धुत्त युवती ने चौपाटी पर किया हंगामा, पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



दो बत्ती चौपाटी पर सोमवार रात हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। यहां एक युवक और युवती ने नशे की हालत में जमकर हंगामा किया। थाने ले जाने पर युवती चिल्लाती रही - मैं क्या कर सकती हूं, बता नहीं सकती। भले ही जेल में डाल दो।

युवक-युवती ने पहले पानी-पुरी वाले और फिर बीच-बचाव करने आए पराठे वाले दंपती के साथ मारपीट की। सूचना पर पुलिस पहुंची तो युवती महिला सब-इंस्पेक्टर से भी उलझ गई। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

चौपाटी पर पराठे की दुकान लगाने वाली रीना गुप्ता (पति मयंक गुप्ता) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पास ही रमेश गुर्जर की पानी-पुरी की दुकान है। वहां आरोपी युवक-युवती आए और खाने की बात पर रमेश को गालियां देने लगे। जब रमेश ने मना किया तो वे झूमाझटकी पर उतर आए।

मैंने और मेरे पति मयंक ने जब बीच-बचाव किया, तो युवती ने मेरा गला पकड़ लिया और थप्पड़ मारे। वहीं, साथ आए युवक ने पति के साथ मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के दुकानदार जमा हो गए और किसी तरह मामला शांत कराया। हंगामे की सूचना पर स्टेशन रोड थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। महिला सब-इंस्पेक्टर ने जब युवती का हाथ पकड़कर उसे ले जाने की कोशिश की, तो वह भड़क गई। युवती ने हंगामा करते हुए कहा- मेरा हाथ क्यों पकड़ा है? युवती की हालत देख खुद सब-इंस्पेक्टर अपने साथियों से कहती नजर आईं कि यह होश में नहीं है, क्या करें दीवान जी। इसके बाद युवती फोन पर बात करते हुए वहां से जाने लगी।

पुलिस युवती और युवक को थाने लेकर पहुंची, तो वहां भी उनका ड्रामा खत्म नहीं हुआ। युवती पुलिस के सामने ही फरियादी पक्ष को बाहर निकालने और देख लेने की धमकी देती रही। पुलिसकर्मी उसे लगातार समझाते रहे। पुलिस ने आरोपियों की पहचान गौरव शर्मा (पिता संजय शर्मा) निवासी राजीव नगर और दिव्या चौहान (पिता मनोहर सिंह) निवासी टैंकर रोड के रूप में की है। सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया ने बताया कि दोनों के खिलाफ स्टेशन रोड थाने में केस दर्ज कर लिया गया है।



## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने बांग्लादेश और इस्लामी जिहाद का पुतला किया दहन

**जावरा ।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा मंगलवार को चोपाटी पर बांग्लादेश और इस्लामी जिहाद का पुतला दहन कर धरना प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्ति किया गया। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री तूफान सिंह यादव ने बताया कि बांग्लादेश में सता परिवर्तन के बाद इस्लामी जिहादी गतिविधियां निरंतर बढ़ती जा रहीं हैं और उनके निशाने पर हिंदुओं के मंदिर, व्यावसायिक केंद्र, महिलाएं, संपत्ति, शासकीय कर्मचारी, रहते हैं। हिंदू प्रताड़ना की वीभत्स घटनाएं प्रति सप्ताह होती रहती हैं। परंतु गत सप्ताह मेमनसिंह जिले के भालुका में ऐसी घटना हुई है। जिसने पूरी मानवता को लज्जित किया है। एक सामान्य हिंदू श्रमिक दीपू दास पर ईशनिंदा का झूंठा आरोप लगाया गया। एक अनौपचारिक बातचीत में दीपू दास ने ईश्वर के एक होने और उसके विभिन्न नाम होने की बात कही, जिसमें कुरान, इस्लाम या अल्लाह का कोई संदर्भ नहीं था। इसे मनमाने ढंग से ईशनिंदा का रूप देकर उसे प्रताड़ित किया गया। जिहादी तत्व यहीं नहीं रुके और एक बड़ी भीड़ ने पीट पीट कर उसकी नृशंस हत्या कर दी। आतंक फैलाने के लक्ष्य से दीपू की मृत देह को पेड़ से लटका कर जलाया और इन सब हिंसक बर्बर घटनाओं के विडियो सोशल मीडिया में तत्काल प्रसारित किए गए।

## मंदसौर में हुआ एक हजार वर्ष प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अंश का महारुद्र पूजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

जब वैदिक धर्म संस्थान एवं आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के संयुक्त तत्वावधान में एक हजार वर्ष प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दिव्य एवं अलौकिक शिवलिंग अंश की पूजा-अभिषेक एवं महा रूद्र पूजा का भव्य आयोजन पशुपतिनाथ मंदिर परिसर स्थित सभागार में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर बेंगलुरु आश्रम से पधारे स्वामी दर्शक हाथी एवं स्वामी गुरु कृपानंद जी का दिव्य सानिध्य प्राप्त हुआ। स्वामी दर्शक हाथी ने प्राचीन सोमनाथ के एक हजार वर्ष पुराने ज्योतिर्लिंग के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि लगभग एक हजार वर्ष पूर्व मोहम्मद गजनी सहित अन्य आक्रांताओं द्वारा सोमनाथ के दिव्य शिवलिंग को खंडित किया गया था, जिसके अवशेष तत्कालीन पुजारियों एवं आचार्यों ने श्रद्धापूर्वक सुरक्षित रखे। लगभग 100 वर्ष पूर्व कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य ने सोमनाथ मंदिर के पुजारी वंशजों को निर्देश दिया था कि भविष्य में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के पश्चात यह दिव्य शिवलिंग दक्षिण भारत में रविशंकर जी नाम के संत होंगे, उन्हें सौंपा जाए। इसी निर्देश के अनुसार वर्ष 2024 में सोमनाथ मंदिर के पुजारी वंशज यह दिव्य शिवलिंग बेंगलुरु आश्रम लेकर श्री श्री रविशंकरजी को सौंपने हेतु पहुंचे। कुंभ मेले में संतों के साथ विचार-विमर्श के बाद इस ज्योतिर्लिंग की भारत यात्रा का निर्णय लिया गया, जिसके क्रम में सोमवार को मंदसौर में इसका आगमन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय सांसद श्री सुधीर गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर सुमेरू संध्या के गायक योगेंद्र शर्मा एवं उनकी टीम ने भावपूर्ण शिव भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक सुरेंद्र संघवी, हरिशचंद्र रायवाल, रघुराज सिंह सिसोदिया, सुमेर सिंह देवड़ा आदि उपस्थित थे।

## 1273 मतदान केंद्रों पर 10,01,851 मतदाता दर्ज, 137 नए मतदान केंद्र बढ़े

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी एकता जायसवाल, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

फोटो युक्त मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया गया है। इसके अंतर्गत मंदसौर जिले की चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 1273 मतदान केंद्रों पर 10,01,851 मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 137 नए मतदान केंद्र बढ़ाए गए हैं। इनमें मंदसौर विधानसभा में 30, मल्हारगढ़ विधानसभा में 31, सुवासरा विधानसभा में 37 तथा गरोठ विधानसभा में 39 मतदान केंद्र शामिल हैं। नए केंद्रों के जुड़ने से अब जिले में मतदान केंद्रों की कुल संख्या 1273 हो गई है, जबकि पूर्व में यह संख्या 1136 थी। विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के दौरान बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) द्वारा गणना पत्रक भरकर बीएलओ ऐप पर अपडेट की कार्यवाही की गई। इस दौरान 51,790 मतदाताओं द्वारा गणना पत्रक जमा नहीं किए गए, जिनमें मृत मतदाता 13,283, अनुपस्थित मतदाता 8,835, स्थानांतरित मतदाता 27,171, दोहरी प्रविष्टि 2,349 एवं अन्य कारणों से 152 नाम हटाए गए हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत दिनांक 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। नोटिस जारी करने, सुनवाई, सत्यापन, गणना प्रपत्रों पर निर्णय तथा दावे एवं आपत्तियों के निपटान की प्रक्रिया ईआरओ द्वारा 23 दिसंबर 2025से 14 फरवरी 2026 तक संपन्न की जाएगी। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन दिनांक 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा।फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के दौरान 01.01.2026 को अर्हता तिथि मानते हुए नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने की सतत कार्यवाही की जाएगी।

# एस.पी. ने 42 आवेदकों की शिकायतों के निराकरण के दिए निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच



प्रदेश के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन श्री उमेश जोगा द्वारा जोन के सभी जिलों में मंगलवार को जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक लंबित सी.एम. हेल्पलाईन एवं जनता शिकायतों का निराकरण करने संबंधी निर्देश दिये गये है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन श्री उमेश जोगा द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में दिनांक 23 दिसम्बर को पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच स्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल द्वारा जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर के साथ साथ सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर का भी आयोजन किया गया।

जन सुनवाई, शिकायत निवारण शिविर एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर के दौरान आवेदकों द्वारा अपनी समस्याओं और शिकायतों को एस.पी. श्री अंकित जायसवाल के समक्ष प्रस्तुत किया। एस.पी. श्री अंकित जायसवाल द्वारा आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाकर संबंधित थाना प्रभारियों के माध्यम से शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। उक्त शिविर के दौरान सीएम हेल्पलाइन की लेवल-1, लेवल-2 एवं लेवल-३ की कुल 20 सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जाकर शिकायतें बंद करवाई गयी। जिला स्तरीय जन सुनवाई शिविर के दौरान लगभग 42 फरियादियों द्वारा एसपी श्री अंकित जायसवाल के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्याएं बताई जाने पर एसपी श्री अंकित जायसवाल द्वारा संबंधित थाना प्रभारियों को शिकायतों के शिघ्र निराकरण हेतु निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक श्री जायसवाल द्वारा राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गयें कि सभी आवेदनों का समय पर एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न प्रकार की समस्याओं जैसे भूमि विवाद, पुलिस कार्रवाई से संबंधित मुद्दों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं आदि से जुड़े प्रकरणों पर विशेष ध्यान दिया जावें।

जिला स्तरीय सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर में नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद श्री रोहित राठौर, प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनासा एवं उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा सुश्री निकीता सिंह सहित जिलें के समस्त थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी एवं संबंधित शाखाओं के प्रभारी सहित फरियादी/आवेदक उपस्थित रहें।



## जीनगर समाज का परिचय सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 11 जनवरी को

**मंदसौर।** जीनगर शिक्षा जागृति मंच एवं समाज उत्थान समिति मंदसौर द्वारा आगामी 11 जनवरी, रविवार को श्री कुशाभाऊ ऑडिटोरियम मंदसौर में प्रतिभावान सम्मान समारोह व रतलाम-मंदसौर-नीमच जिले के जीनगर समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का प्रथम निःशुल्क परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजन को लेकर दशपुर कुंज में समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें समिति अध्यक्ष अनिल सांखला ने बताया कि समारोह में समाज के 70 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा तथा शासकीय सेवा में नवनियुक्त एवं शासकीय सेवा से अर्द्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों का तथा खेल जगत में समाज का नाम रोशन करने वाले खेल प्रतिभाओं का भी सम्मान किया जाएगा। इस प्रतिभावान सम्मान समारोह के साथ जीनगर समाज मंदसौर-रतलाम-नीमच जिले का प्रथम निशुल्क विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा जिसमें परिवारों को आपस में मिलाने एवं भावी जीवनसाथी चुनने का अमूल्य अवसर प्रदान करेगा। परिचय सम्मेलन हेतु आवेदन 31 दिसम्बर तक भरकर समाज जमा कर सकते हैं। इस समारोह में प्रतिभावान छात्र- छात्राओं को लाभार्थियों द्वारा शील्ड, प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट किये जाएंगे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रदर्शनी व कार्यक्रम आयोजित

**मन्दसौर।** सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई, संजीत मार्ग में गणितज्ञ आचार्य श्रीनिवास रामानुजन की जन्म जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने गणित पर आधारित आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें गणित के विभिन्न सिद्धांतों, मॉडलों एवं प्रयोगों को सरल एवं रोचक रूप में प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंदसौर जिले के प्रथम युवा लेफ्टिनेंट प्रखर पंड्या ने विद्यार्थियों की गणित प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की। श्री पण्ड्या ने इस अवसर पर कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण से किसी भी मुकाम को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को आचार्य रामानुजन के जीवन पर आधारित एक प्रेरणादायी डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। इस अवसर पर भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सचिव अशोक पारीख, संस्था प्रबंधक व समिति के सहसचिव सुनील शर्मा, विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरोज प्रसाद, प्रधानाचार्य प्रवीण मिश्रा उपस्थित रहे।

## किसान हमारी अर्थव्यवस्था, संस्कृति और खाद्य सुरक्षा की रीढ़ है-श्री शर्मा



**पिपलिया मंडी।** भारत मे आज राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया जारहा है।हमारे देश मे 23 दिसम्बर का दिन किसानों को समर्पित किया गया है।भारत मे किसानों को अन्नदाता ओर धरती पुत्र कहा जाता है। दरअसल किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री और भारतरत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती भी होती है इसलिए यह दिन भारत किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है।किसान हमारी अर्थव्यवस्था, संस्कृति और खाद्य सुरक्षा की रीढ़ है। उक्त बात मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने मंगलवार को कृषि उपज मंडी में किसान प्रभुलाल कीर उगराण,लालसिंह रामपुरा, भरतसिंह अवना काचरिया,केशरसिंह राजपूत अवना काचरिया, ओमप्रकाश टेलर खेजड़ी,भवरसिंह चिताखेड़ी, बालाराम गुर्जर आदि का पुष्पमालाओं से सम्मान कर कही।शर्मा ने कहा कि आज खेती किसानी लगातार घाटे का धंधा साबित होती जारही है किसी भी उपज के किसानों को वाजिब दाम नही मिल रहे है,किसान कर्ज में डूबता जारहा है कई किसानों ने आत्महत्या जैसे कदम उठाए है।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने ग्राम बगोदा तहसील तराना जिला उज्जैन स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 20 में से रकबा 0.716 हेक्टर,, भूमि सर्वे क्रमांक 21 मे से 0.550 हेक्टर, भूमि सर्वे क्रमांक 22 मे से 0.325 हेक्टर कमल पिता नानूराम, सीताबाई पति सज्जनसिंह तथा भूमि सर्वे क्रमाक 24 रकबा 0.513 हेक्टर नानूराम पिता बुखार को किराये / पट्टे / लीज पर लेने का अनुबंध पत्र किया है। उपरोक्त अनुबंधकर्ता / पट्टाकर्ता की सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति, शासकीय, अर्द्धशासकीय, निजी संस्था का हक, हिस्सा, कब्जा, कर्ज, डिक्री चार्ज, मेंटेनेंस या अन्य किसी भी प्रकार का भार अथवा बोझ इत्यादी बकाया हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की अवधि मे सप्रमाण सूचित करे । अवधि के उपरांत सदर सम्पत्ति के पट्टा विलेख का पंजियन करवा कर कार्य प्रारंभ कर दिया जावेंगा व किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जावेगी । सूचित हों ।

दिनांक 23.12.2025

**दिलीप मेड़तवाल एडवोकेट**
**सदर बाजार ताल जिला रतलाम म.प्र.**
**मोबाइल नंबर 98936-09282**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने ग्राम बगोदा तहसील तराना जिला उज्जैन स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 904/2 में से रकबा 1.465 हेक्टर कैलाश पिता कन्हैयालाल व. भूमि सर्वे क्रमांक 894/2 मे से 0.532 हेक्टर कैलाश पिता बलदेव, भूमि सर्वे क्रमांक 894/3 मे से 0.150 हेक्टर बाबू पिता बलदेव को किराये/पट्टा/लीज पर लेने का अनुबंध पत्र किया है। उपरोक्त अनुबंधकर्ता / पट्टाकर्ता की सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति, शासकीय, अर्द्धशासकीय, निजी संस्था का हक, हिस्सा, कब्जा, कर्ज, डिक्री चार्ज, मेंटेनेंस या अन्य किसी भी प्रकार का भार अथवा बोझ इत्यादी बकाया हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की अवधि मे सप्रमाण सूचित करे ।अवधि के उपरांत सदर सम्पत्ति के पट्टा विलेख का पंजियन करवा कर कार्य प्रारंभ कर दिया जावेंगा व किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जावेगी । सूचित हों ।

दिनांक 23.12.2025

**दिलीप मेड़तवाल एडवोकेट**
**सदर बाजार ताल जिला रतलाम म.प्र.**
**मोबाइल नंबर 98936-09282**



## नवोदय विद्यालय में भाषण, नाटिका व क्विज से सजा रामानुजन दिवस

**सुसनेर।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में सोमवार को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती को रामानुजन दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि विकसित करना एवं वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवन एवं उनके अद्वितीय गणितीय योगदान पर प्रेरक भाषण प्रस्तुत किए। साथ ही छात्रों द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका में उनके संघर्ष, प्रतिभा और उपलब्धियों को प्रभावशाली ढंग से मंचित किया गया। जिसे उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने सराहा। इस अवसर पर विद्यालय के गणित शिक्षक मनोज कश्यप (टीजीटी-गणित) ने रामानुजन के गणितीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गणित निरंतर अभ्यास और तार्किक सोच से सरल एवं रोचक बन सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को गणित से भयमुक्त होकर सीखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य अखिलेश कुमार पाठक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीनिवास रामानुजन जैसे महान वैज्ञानिक युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी लगन, समर्पण और परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। रामानुजन दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में गणित विषय पर इंटर-हाउस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विभिन्न सदनों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता एवं गणितीय समझ को सशक्त किया गया।

## स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन




**सुसनेर।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर जी.सी. गुप्ता के निर्देशन में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में 22 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। इस अवसर पर व्याख्यान एवं पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता काशीराम प्रजापति (गणित विभाग) ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन एवं गणित के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। साथ ही वैदिक गणित की विभिन्न सरल विधियों को पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। पोस्टर प्रेजेंटेशन में दीपिका पंवार, स्तुति जैन, गुंजन जैन, वंशिका जैन, देवेंद्र माली, मानव परिहार एवं सुमित चरण ने सहभागिता की। कार्यक्रम में डॉ. आर. व्ही. गुप्ता, डॉ. आदिश कुमार जैन, आकांक्षा श्रीवास्तव, लविश जैन, श्रद्धा पांडे, डॉ. रेखा चंद्रपाल, सीमा मुवेल, मुकेश कुमार दांगी, बद्रीलाल डाबी सहित समस्त स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार रामकुमार अंजोरिया ने व्यक्त किया।

## अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत समाज महिला संगठन की जिला स्तरीय बैठक संपन्न




**सुसनेर।** अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत समाज महिला संगठन, आगर जिला की प्रथम ऐतिहासिक बैठक सुसनेर में आयोजित की गई। बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों पर गंभीर एवं सार्थक विचार-विमर्श किया गया तथा महिला संगठन को जिला स्तर से ग्राम-ग्राम तक सशक्त रूप से पहुंचाने को लेकर ठोस रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज सुधार के साथ-साथ महिला सहभागिता को जमीनी स्तर तक मजबूत करना रहा, ताकि संगठित शक्ति के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। इस दौरान महिलाओं की सक्रिय भूमिका और संगठनात्मक विस्तार पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकला सिंह चौहान, प्रदेश संगठन मंत्री रीना सिंह चौहान, प्रदेश महासचिव संजना सिंह चौहान, जिला संयोजक पिंकी सिंह सिसोदिया, जिला अध्यक्ष बलवंत सिंह बोडाना, जिला महासचिव शीला सिसोदिया, जिला महामंत्री चंद्रकला सिंह चौहान सहित सीता सिसोदिया, सपना चौहान, ममता सिंह परमार, नरेंद्र सिंह (विजयनगर) युवा जिला महासचिव, नारायण सिंह, अनीता सिसोदिया सहित समाज के कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के अंत में समाज हित एवं महिला सशक्तिकरण को लेकर निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

## अज्ञात व्यक्ति के शव की शिनाख्त नहीं हुई

**इंगोरिया।** थाना क्षेत्र के ग्राम असलावदा और मोमिनपुरा रेलवे स्टेशन के बीच 19 अगस्त को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। रेल्वे ट्रैक पोल नंबर 34-13 के पास पटरी पर मिले शव की पहचान नहीं हो पाई। जिसका हुलिया लंबा चेहरा रंग गोरा कद 6 फीट है। दुबला पतला शरीर है, उम्र करीब 25 वर्ष क्रीम कलर का शर्ट और नीला कापरी पहने हुए हैं। अज्ञात व्यक्ति का शव की सूचना पर पुलिस ने बी एन एस की धारा 194 में मर्ग पंजीबद्ध कर जांच में लिया था। साक्षियों ने पुलिस को बताया कि शायद उसकी मृत्यु ट्रेन से गिरने के कारण चोंट लगने से हो गई है। ए एस आई कनीराम डिंडोर ने बताया कि मृतक की पहचान हेतु नाम पते की कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने मृतक का पी एम करवाया जिसमें डॉक्टर ने लिखा कि श्वसन तंत्र बंद होने से मृत्यु हुई है।

आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त

# नकली पिस्टल दिखाकर हफ्ता वसूली करने वाले तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

जिले में गुण्डे बदमाश एवं हप्ता वसुली करने वाले आरोपियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु एवं आरोपियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अभिषेक रंजन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेन्द्र सिंह परमार के मार्गदर्शन मे थाना बड़नगर के थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार व टीम के द्वारा 22 दिसंबर को 03 आरोपी को गिफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त की गई।



थाना प्रभारी पाटीदार ने बताया कि 26 सितंबर को फरियादी विवेक पिता नरेन्द्र सिरसवाल उम्र 22 साल निवासी ठक्कर बाबा कालोनी बड़नगर ने रिपोर्ट किया कि दिनांक 25 सितंबर के रात करीबन 10.15 बजे की सरस्वती स्कूल के पास बदनावर रोड पर एक मोटर साईकल पर आये तीन लडके एवं अन्य दो नाबालिग लड़के निवासीगण शक्कर मील बड़नगर व्दारा रास्ते में रोक कर नकली पिस्टल दिखाकर डरा धमका कर हप्ता वसुली एवं शराब पीने के लिये पैसे की मांग की गई। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर को प्रकरण के तीन आरोपी विष्णु पिता भुवान सिंह भुरिया जाति भील उम्र 18 साल 8 माह, भारत पिता निर्भय सिंह राठोर जाति राजपुत उम्र 19 साल, रितीक पिता मदन भूरिया जाति भील उम्र 19 साल निवासीगण शक्कर मील बडनगर को कोर्ट चौराहा बड़नगर से गिरफतार किया गया एवं आरोपी भारत से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एमपी 13 जेडएफ 0287 जप्त की गई। आरोपियों को न्यायालय बडनगर पेश किया गया ।

प्रकरण के अन्य दो बाल अपचारी फरार है जिनकी तलाश जारी है जिनसे नकली पिस्टल भी जप्त किया जाना है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार, सउनि सुनिल देवके,सउनि राजेन्द्र सिंह हाडा, प्रआर. हेमराज सिंह , आरक्षक सुर्यकुमार ,आर नारायण सरा ,सै धर्मेन्द्र डाबी, अमर सिंह , गोवर्धन डाबी की सराहनीय भुमिका रही ।

भागवत कथा में मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

# भगवान कृष्ण का व्यक्तित्व व जीवन दर्शन बहुआयामी- साध्वी सुगणा बाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जगोटी

भगवान कृष्ण का व्यक्तित्व व जीवन दर्शन बहुआयामी है जिसमें संगीत, नृत्य, युद्ध कौशल, कुटनीति, विद्वता, ज्ञान, सौंदर्य, चंचलता , प्रकृति से प्रेम का समावेश है उनके जीवन का हर एक आयाम हमें सही ढंग से जीवन जीने की और अग्रसर करता है। उक्त उद्गार जगोटी से छः किमी पश्चिम में स्थित प्राचीन श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग पर साध्वी सुगणा बाई ने उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष व्यक्त किए।



आपने कहा कि भगवान की कथा हमारे आचार विचार को शुद्ध करती है। मंदिर परिसर में भगवान का जन्मोत्सव हर्ष के साथ मनाया गया। कथा स्थल पर पहुंचे पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष किशोर शर्मा, पदमसिंह पटेल, भगवतीप्रसाद जोशी, कैलाश काका गट्टानी, पूर्व मंडी डायरेक्टर रणछोड़ त्रिवेदी का सम्मान श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा किया गया। साध्वी सुगणा बाई सा का शाल, श्रीफल से सम्मान जिला पंचायत सदस्य प्रताप सिंह गुर ने करते हुए कहा कि संतों का सानिध्य व कथा का श्रवण सौभाग्य से मिलता है जो जीवन की दशा और दिशा बदल सकता है। कार्यक्रम का संचालन विजय सिंह मीण व आभार सेवा समिति अध्यक्ष भेरूसिंह आंजना ने व्यक्त किया।

## कांग्रेस ने अंबेडकर का अपमान और संविधान से खिलवाड़ किया

### भाजपा ने अंबेडकर के 'पंच तीर्थ' बनाए

**देवास।** भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष भगवान परमार ने देवास में कांग्रेस पर निशाना साधा। भाजपा कार्यालय में आयोजित अजा मोर्चा की जिला बैठक में परमार ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया और उन्हें व्यवस्था से बाहर रखने की साजिश रची। परमार ने कहा कि कांग्रेस ने अंबेडकर के जीवित रहते उनका अपमान किया और उन्हें दो बार चुनाव में हराया। उन्होंने कांग्रेस पर बाबा साहेब के संविधान के साथ खिलवाड़ करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने अंबेडकर के 'पंच तीर्थ' बनाए हैं। भाजपा सरकार ने बाबा साहेब को सम्मान देते हुए उनके स्मारक बनवाए और उनकी जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया। परमार के अनुसार, भाजपा सरकार ने बाबा साहेब को सम्मान देने के लिए कई कार्य किए हैं। परमार ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहेब को भारत रत्न, पद्म भूषण या पद्मश्री नहीं दिया, जबकि उन्हें चुनाव में हराने वाले नारायण काजरोलकर को 1970 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने बाबा साहेब की स्मृतियां बनाने के लिए कोई कदम नहीं उठाए।

## जनपद उपाध्यक्ष निजी खर्च से बनवाएंगे बाबा रामदेव का मंदिर

**सुसनेर।** जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बाबूलाल यादव द्वारा ग्राम गुराडिया में बाबा रामदेव के भव्य मंदिर का निर्माण अपने निजी खर्च से कराया जाएगा। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए उन्होंने मंदिर निर्माण की घोषणा की थी, जिसका आज विधिवत शुभारंभ किया गया। मंदिर निर्माण के लिए आज विद्वान पंडितों की उपस्थिति में विधि-विधान से भूमि पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना रहा और ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। भूमि पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।जनपद उपाध्यक्ष बाबूलाल यादव ने कहा कि बाबा रामदेव के मंदिर के निर्माण से ग्रामवासियों को धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक पवित्र स्थल प्राप्त होगा।

बंदरों के आतंक से ग्रामीण दहशत में

# पाडल्यामाता में बंदरों का आतंक बच्चों में डर का माहौल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

पाडल्यामाता गांव में बंदरों के आतंक से ग्रामीण दहशत में है। इन दिनों बंदरों का आतंक इतना बढ चुका है कि बंदर घरों में घुसकर सामान ले जा रहे हैं, छतों पर सुखाने रखे अनाज को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बंदरों के कारण आर्थिक नुकसान हो रहा है बंदर खेतों में फसलों को बर्बाद कर रहे हैं, घरों से खाने-पीने का सामान और कपडे छीनकर फाड देते हैं, यहां तक कि हाथों से मोबाइल फोन भी छीनकर ले जाते हैं। सडक क्रॉसिंग में अचानक बंदरों के आने से बहुत बार बाइक से गिरकर लोग चोटिल भी हुए हैं। कच्चे घरों की खपरैल और छतें भी बंदरों द्वारा क्षतिग्रस्त की जा रही हैं, जिससे बारिश के मौसम में समस्या और बढ जाती है। बंदर बडी संख्या में झुंड के झुंड बनाकर आते हैं जिससे बच्चों में डर का माहौल है बंदरों को भगाने पर वह दांत दिखाकर हमला कर देते हैं। बहुत बार ग्रामीण बंदरों को भगाने में चोटिल हो चुके हैं। यहां तक कि कुछ लोगों के छत से गिरकर हाथ पैर फैक्कर तक हो गए हैं। बंदरों का आतंक एक गंभीर समस्या बन गया है। ग्रामीण लोगों द्वारा बहुत बार बंदरों के आतंक से प्रशासन को अवगत कराया गया लेकिन परिणाम शून्य रहा प्रशासन की इस अनदेखी से लोग आक्रोशित हैं और स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं। ग्रामीण लोगों द्वारा वन विभाग जिला राजगढ के आला अधिकारियों को आवेदन देकर मांग हैं कि बंदरों को पकडकर आबादी वाले क्षेत्रों से दूर जंगलों में छोडा जाए जिससे ग्रामीण जान माल की हानि से सुरक्षित रहें।




सारंगपुर क्षेत्र में होने लगी पानी की कमी: , मावठा गिरने का इंतजार कर रहे किसान

# जलस्तर घटने से सिंचाई करने में आ रही परेशानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर क्षेत्र के किसान इन दिनों मावठा गिरने का इंतजार कर रहे हैं। रबी की फसलों के लिए मावठे की बारिश बेहद जरूरी है, लेकिन जल संकट और सीमित सिंचाई संसाधनों के कारण उनकी मुश्किलें बढ गई हैं। गेंहू और चना जैसी फसलों को इस समय पर्याप्त पानी की आवश्यकता है, लेकिन जलस्तर में गिरावट और मौसम की बेरुखी ने किसानों की चुनौतियों को और गंभीर बना दिया है।



### मौसम से राहत की उम्मीद

क्षेत्र में फसलों को पानी की जरूरत है। क्षेत्र के किसान मुख्यतः बोरवेल और कुओं पर निर्भर हैं, लेकिन भूजल स्तर में कमी के चलते इनसे मिलने वाला पानी भी पर्याप्त नहीं हो पा रहा। किसान बाबूलाल, मुकेश आदि ने बताया, पहले सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल जाता था, लेकिन अब बोरवेल ज्यादा देर तक पानी नहीं दे रहे। यदि जल्द मावठा नहीं गिरा, तो फसलें कमजोर हो जाएंगी।

उल्लेखनीय है कि मावठे की बारिश को किसानों के लिए प्रकृति का वरदान माना जाता है। यह न केवल फसलों को जरूरी नमी प्रदान करती है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी बढाती है। मावठे से फसलों की जडें मजबूत होती हैं और उत्पादन में सुधार होता है। साथ ही, यह डीजल और बिजली जैसे संसाधनों पर होने वाले खर्च को भी कम करता है।

### मावठे से समय और पैसे दोनों की बचत

मावठे की बारिश न केवल फसलों के लिए फायदेमंद होती है, बल्कि किसानों की मेहनत को भी सफल बनाती है। यदि मावठा गिरता है, तो फसलों को अतिरिक्त सिंचाई की जरूरत नहीं पडती, जिससे डीजल, बिजली और श्रम लागत में भारी कमी आती है। किसान संतोष धनगर ने बताया कि मावठे के पानी से जमीन में नमी आ जाती है और हमें बोरवेल चलाने की जरूरत नहीं पडती। इससे समय और पैसे दोनों की बचत होती है। किसानों के अनुसार बहुत से किसान ऐसे है जिनके खेतों में फसलों को दूसरी बार भी पानी नहीं मिल पाया है। अच्छे उत्पादन के लिए तीसरा पानी फसल को देना बहुत ही जरूरी है। अब ऐसे में मावठा गिरने से फसल को काफी फायदा होगा।

**बोले जिम्मेदार**

वर्तमान में विकासखंड में रबी फसलों की स्थिति बेहतर है। अगर मावठे की वर्षा होती है तो यह बेहतर उत्पादन के लिए लाभदायक होगी। जिन किसानों के पास पानी नहीं है उनके लिए यह वरदान साबित होगी।
**राजेश राजपूत, एसएडीओ, कृषि विभाग सारंगपुर।**

### इस बार 103 फीसद हुई गेहूं की बोवनी

सारंगपुर विकासखंड में कृषि विभाग द्वारा कुल 78035 हेक्टेयर रकबे में बोवनी प्रस्तावित की गई थी। जिसमें 60408 हेक्टेयर में गेहूं की बोवनी की जानी थी लेकिन इससे अधिक 62306 हेक्टेयर में प्रस्तावित रकबे में से 103 फीसद रकबे ही गेहूं की बोवनी इस बार की गई है। जबकि कुल रकबे में से भी 100 प्रतिशत बोवनी इस रबी सीजन में सारंगपुर ब्लॉक में हुई है।



## 8 जनवरी को विशाल हिन्दू सम्मेलन की तैयारी तेज, बैठक संपन्न

**सारंगपुर।** नगर में आगामी 18 जनवरी को आयोजित होने वाले विशाल हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। इसी क्रम में रविवार रात्रि को नगर स्थित संघ कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सकल हिन्दू समाज के वरिष्ठजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आयोजन से जुडे प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सम्मेलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर अलग-अलग दायित्व तय किए गए। मंच व्यवस्था, अनुशासन व्यवस्था, स्वच्छता, यातायात, अतिथियों के स्वागत, जलपान, सुरक्षा एवं प्रचार-प्रसार जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन मंथन किया गया। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में समाजजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए संपर्क एवं जनजागरण अभियान पर भी चर्चा हुई। वरिष्ठजनों ने सम्मेलन को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायी बनाने पर जोर दिया। बैठक में यह भी तय किया गया कि आयोजन से पूर्व पुनः समन्वय बैठकें आयोजित कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी। उपस्थित सभी सदस्यों ने एकजुट होकर सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में आयोजकों ने समाज के सभी वर्गों से 18 जनवरी को आयोजित विशाल हिन्दू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की। इस दौरान सर्व हिन्दू समाजजन मौजूद थे।

## समाजसेवी नानूराम खत्री का निधन

**सारंगपुर।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व जनपद सदस्य रोशन कुमार खत्री के पिता समाजसेवी नानूराम खत्री का सोमवार तड़के दुखद निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय खत्री हंसमुख, मिलनसार एवं धार्मिक प्रवृत्ति के सरल व्यक्ति थे। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार सुबह 11 बजे उनके उदनखेड़ी स्थित स्वनिवास से निकाली गई जो विभिन्न मार्गो से मुक्तिधाम पहुंची, जहां उनके पुत्रो अशोक कुमार खत्री, श्रवण कुमार खत्री एवं रोशन खत्री ने मुखाग्नि दी। शवयात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन एवं नागरिकगण शामिल हुए और दिवंगत को श्रद्धाजलि अर्पित की।



## विभिन्न डिग्री कोर्स का नवीन प्रवेश प्रारंभ



**तराना।** लक्ष्य इंस्टिट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज मे शिक्षा के क्षेत्र मे अग्रणी संस्थान जहाँ कंप्यूटर कोर्सेस एवं स्नानोत्तर एवं परास्नातक डिप्लोमा एवं डिग्री नियमित एवं पत्राचार पाठ्यक्रम का सफलतम संचालन किया जाता है। संस्थान पर आज से सत्र जनवरी 2026 के नवीन प्रवेश प्रारंभ हुए है। यहा पर कंप्यूटर कोर्सेज एवं समस्त विषयों में डिग्री एवं मास्टर डीग्री विद्यार्थी सुरक्षित अनुशासित पारिवारिक माहौल के मध्य अपना कोर्स पूर्ण कर रहे हैं संस्था के संचालक पटेल गजेंद्र सिंह रावल ने बताया कि हमारी संस्था का एक ही लक्ष्य पढ़ो और आगे बढ़ो और अपने लक्ष्य को पुरा करो उक्त जानकारी संस्था प्रभारी सोनू मनीष शर्मा ने दी ।

## एनसीसी कैडेट्स ने जाना जल जीवन मिशन का महत्व



**महिदपुर।** शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में प्राचार्य डॉ. आशा सक्सैना के निर्देशन तथा एनसीसी अधिकारी मेजर प्रभाकर मिश्र के नेतृत्व में जल जीवन मिशन की महत्ता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ डॉ. अनिल पड़ियार ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए पेयजल की वैश्विक स्थिति, उपलब्धता और संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. पड़ियार ने बताया कि पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल में से पीने योग्य जल की मात्रा अत्यंत सीमित है, जबकि आज भी विश्व की लगभग दो-तिहाई आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास लक्ष्यों में शामिल छठे लक्ष्य–सभी के लिए स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता–की जानकारी देते हुए इसके महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि भारत में प्रत्येक परिवार तक पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से नल जल योजना सहित विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को निर्धारित मात्रा में सुरक्षित पेयजल मिल सके। वक्ताओं ने जल ही जीवन है के संदेश को आत्मसात करने, जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने तथा उनके संरक्षण की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की बताते हुए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ, एनसीसी कैडेट्स एवं अन्य विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय परिसर में पौधों को पानी देकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

अगर आप भी नए साल की पार्टी में जलवा बिखेरना चाहती हैं तो यहां आउटफिट के कुछ लेटेस्ट विकल्प दिए जा रहे हैं।

## इन स्टाइलिश आउटफिट्स के साथ 2026 का करें धमाकेदार स्वागत

दिसंबर का महीना चल रहा है। ऐसे में ये साल बस अब खत्म ही होने जा रहा है। खुशी-खुशी साल को विदाई देने और नए साल का स्वागत करने के लिए लोग जगह-जगह पार्टियों का आयोजन करते हैं। बहुत से लोग घर में ही पार्टी करते हैं तो वहीं बहुत से लोग पार्टी के लिए क्लब जाते हैं।

अगर आप भी इस बार नए साल का जश्न कहीं बाहर मनाना चाहती हैं तो उसके लिए आपको एक परफेक्ट आउटफिट भी चाहिए होगा। परफेक्ट पार्टी आउटफिट की तलाश में अब आपको कहीं भटकने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम आपको बताएंगे कुछ ऐसे ट्रेंडी आउटफिट के बारे में जो देखने में भी कमाल के हैं और इसमें आप कंफर्टेबल भी रहेंगी। ये सभी आउटफिट्स आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे।

### शिमरी ड्रेस



आजकल इस तरह की शिमरी ड्रेस काफी ट्रेंडिंग है। ऐसा इसलिए क्योंकि सीक्विन या मेटैलिक शिमर ड्रेस पार्टी लुक को इंस्टेंट ग्लैमर देती है। इसके साथ अपने मेकअप को भी थोड़ा ड्रामाटिक ही रखें। जैसे इसके साथ स्मोकी आईमेकअप कमाल का लगेगा। बालों को ऐसी ड्रेस के साथ खुला रखा जा सकता है और इसके साथ पैरों में हील्स अवश्य कैरी करें।



### क्लासिक ब्लैक आउटफिट

बात जब किसी पार्टी की हो रही है और ब्लैक आउटफिट का जिक्र न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। नए साल की पार्टी के लिए ब्लैक गाउन, बॉडीकॉन ड्रेस या ब्लैक साड़ी हमेशा ट्रेंड में रहती है। आप चाहें तो ब्लैक साड़ी को ग्लैमरस अंदाज में कैरी करके अपना खूबसूरत अंदाज दिखा सकती हैं। ब्लैक गाउन के अलावा ब्लैक ड्रेस भी एक अच्छा विकल्प है।

### बॉस लेडी लुक



आजकल महिलाओं को बॉस लेडी लुक काफी पसंद आ रहे हैं। ऐसे में आप अपने पार्टी लुक को बॉस लेडी लुक के साथ क्लासी बना सकती हैं। इसके लिए आपको स्टाइलिश ब्लेजर और पैंट के साथ बोल्ड मेकअप करना होगा। ये कॉम्बिनेशन हमेशा महिलाओं को पावरफुल लुक देता है। इसके साथ पैरों में हाई हील्स पहनकर अपना लुक पूरा करें।

### लाल ड्रेस

नए साल की पार्टी में अपना जलवा दिखाने के लिए इस तरह की लाल ड्रेस पहनें, जिसे देखकर हर कोई बस आपका ही दीवाना हो जाए। ऐसी ड्रेस लगभग हर किसी के पास मिल जाएगी। इसे पहनकर आप अपना खूबसूरत अंदाज दिखा सकती हैं। लाल ड्रेस के साथ मेकअप थोड़ा सोच-समझ के करें, वरना ये आपका लुक खराब कर सकता है।



## ठंड से बचना है और फैशन भी चाहिए? स्वेटर के साथ पहनें इस तरह के ऊनी लोअर वियर

सर्दियां आते ही ऊनी कपड़े निकल आते हैं। स्वेटर, ब्लेजर, जैकेट आदि कई तरह के कपड़े न केवल आपको ठंड में गर्माहट देते हैं, बल्कि आपके स्टाइल और लुक को खूबसूरत बनाते हैं। हालांकि स्वेटर, वुलन टॉप, जैकेट आदि के साथ लोअर वियर में अधिकतर लोग जींस या पैंट कैरी करते हैं। इस तरह के कपड़े सर्दी से तो राहत दे सकते हैं लेकिन स्टाइल में कुछ नयापन नहीं लाते हैं। सर्दियों में ठंड के मुताबिक ही वुलन लोअप वियर को स्वेटर के साथ टीमअप करके पहनें। इससे लुक अधिक प्रभावी और फुल विंटर स्टाइल मिलता है।

वुलन लोअर वियर में कई विकल्प मिल जाते हैं, जैसे ऊनी पैंट, ट्रैक पैंट, थर्मल लोअप, वुलन स्कर्ट आदि। हालांकि आपको पता होना चाहिए कि किस तरह के अपर वियर के साथ कौन सा वुलन लोअप वियर टीमअप करना है। थोड़ी सी समझदारी से आप कंफर्ट भी पा सकते हैं और स्टाइल भी बचा सकते हैं। सर्दियों का फैशन मतलब सिर्फ गर्म रहना नहीं, बल्कि सलीके से गर्म रहना है। वूलन लोअर वियर अगर सही फिट, सही लेयरिंग और सही एक्सेसरीज के साथ पहना जाए, तो यह सर्दियों का सबसे स्मार्ट फैशन पीस बन सकता है।

### लैदर जैकेट संग वुलन स्कर्ट

शर्ट, जैकेट या पुलोवर के साथ इस तरह की वुलन स्कर्ट को टीमअप कर सकते हैं। ये आउटफिट बॉस लेडी लुक के लिए परफेक्ट है। सर्दियों में दफ्तर में जींस या पैंट से अलग कुछ ट्राई करना चाहती हैं तो इस तरह की स्कर्ट को अपनाएं, साथ में बूट्स या फॉर्मल शूज पहनें।

### विंटेज लूज कॉरडरॉय पैंट

क्रॉप टॉप, फुल स्लीव टी शर्ट या फिटेड स्वेटर के साथ इस तरह के विंटेज लूज पैंट काफी क्लासी लगते हैं। ये एकदम नया स्टाइल है, जो क्लासी और कंफर्टेबल लगता है।

### वूलन पैंट के साथ ओवरसाइज स्वेटर

सादगी में शान वाला लुक चाहिए तो ओवरसाइज स्वेटर के साथ इस तरह की वुलन पैंट को टीमअप करें। अगर आप घर से बाहर निकल रहे हैं या कैजुअल डे है, तो वूलन लोअर के साथ स्वेटर सबसे सुरक्षित और क्लासी विकल्प है। स्लिम फिट वूलन लोअर के साथ आरामदायक स्वेटर चुनें।

### वुलन मिनी स्कर्ट

क्रिसमस पार्टी हो या नए साल का जश्न, अगर आप इस मौके पर विंटर वियर आउटफिट कैरी करना चाहते हैं लेकिन ठंड से भी बचना चाहते हैं तो इस तरह के वुलन मिनी स्कर्ट को लेगिंग्स, स्टॉकिंग, थाई-हाई सॉक्स और बूट्स के साथ मैच अप कर सकती हैं। ये सर्दी भी रोकती है और स्टाइलिश लुक भी देती है।

अगर आप भी अपनी जिंदगी की खास महिला को क्रिसमस पर कुछ खास तोहफा देने चाहते हैं तो फैशन से जुड़ी चीजें एक अच्छा विकल्प साबित हो सकती हैं।

## महिलाओं को तोहफे में दे सकते हैं फैशन से जुड़ी ये पांच चीजें

क्रिसमस का त्योहार प्रेम और स्नेह का प्रतीक है, और इस दिन अपने प्रियजनों को खास महसूस कराना किसी भी व्यक्ति की प्राथमिकता होती है। यदि आप अपनी जिंदगी की खास महिला को इस क्रिसमस पर एक अनोखा और दिल छूने वाला तोहफा देना चाहते हैं, तो फैशन से जुड़ी चीजें एक बेहतरीन विकल्प हो सकती हैं।

फैशन और स्टाइल से जुड़ी उपहारों का चयन न केवल उनके व्यक्तिगत पसंद को ध्यान में रखते हुए किया जा सकता है, ताकि उन्हें आपके द्वारा दिए गए तोहफे की अहमियत का अहसास हो। महिलाओं के लिए तोहफे के कुछ विकल्प ऐसे होते हैं, जो देखने में भी कमाल के होते हैं और काफी उपयोगी भी होते हैं। तो बस इस क्रिसमस अपनी जिंदगी की खास महिला को खास तोहफा देकर खुश करें।



### हैंडबैग

एक अच्छा हैंडबैग किसी भी महिला के फैशन कलेक्शन का अभिन्न हिस्सा होता है। क्रिसमस के मौके पर आप किसी प्रसिद्ध ब्रांड का ट्रेंडी और स्पेशल डिजाइन हैंडबैग उपहार में दे सकते हैं। बैग खरीदते समय ये ध्यान रखें कि जिसे आप ये दे रहे हैं वो कैसा बैग इस्तेमाल करती हैं। हर महिला के बैग की पसंद काफी अलग होती है।



### ज्वेलरी

महिलाओं को ज्वेलरी बहुत पसंद होती है, और ये उनके व्यक्तित्व को निखारने का एक बेहतरीन तरीका है। आप उन्हें एक खूबसूरत नेकलेस, अंगूठी या इयररिंग्स गिफ्ट कर सकते हैं। अगर बजट ज्यादा नहीं है तो आप सिर्फ आर्टफिशियल झुमके भी तोहफे में दे सकते हैं, ये भी काफी अच्छा विकल्प है।



### साड़ी या ड्रेस

एक आकर्षक साड़ी या ट्रेंडी ड्रेस हमेशा पसंद की जाती है। आप उनकी पसंद के अनुसार आधुनिक या पारंपरिक डिजाइन चुन सकते हैं। अगर आप चाहें तो क्रिसमस के हिसाब से उन्हें खूबसूरत सी ड्रेस दे सकते हैं, जिसे वो नये साल की पार्टी में कैरी कर सकती हैं।



### परफ्यूम

एक बेहतरीन और महकते परफ्यूम को उपहार में देना भी एक शानदार आइडिया है। ये उन्हें हर दिन आपकी याद दिलाने का एक अद्भुत तरीका है। परफ्यूम खरीदते समय भी सामने वाली की पसंद का खास ध्यान रखें। ताकि इसका इस्तेमाल वो और खुशी से कर सकें।

### फैशन एसेसरीज

स्टाइलिश घड़ियां, चश्मे, या स्कार्फ. भी एक अच्छा विकल्प हो सकते हैं, जो फैशन और कार्यक्षमता का बेहतरीन मिश्रण होते हैं। अगर आप किसी वर्किंग महिला को तोहफा देना चाहते हैं तो ये विकल्प काफी अच्छे माने जाते हैं।

# Sport

एशेज गंवाने के बाद इंग्लैंड टीम पर सीरीज के बीच नोसा ब्रेक के दौरान हद से ज्यादा शराब पीने के आरोप लगे हैं, जिसकी ईसीबी जांच करेगी। मैनेजिंग डायरेक्टर रॉब की ने कहा कि अगर आरोप सही पाए गए तो यह अस्वीकार्य होगा।

**सीरीज हार के बाद इंग्लैंड पर मंडराया बड़ा खतरा!**

## खिलाड़ियों पर हद से ज्यादा शराब पीने का आरोप, होगी जांच



**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में एक और हार के बाद इंग्लैंड की टीम नई मुश्किल में घिरती नजर आ रही है। तीसरे टेस्ट में 82 रन से मिली हार के बाद न सिर्फ सीरीज हाथ से निकल गई, बल्कि अब इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (एउइ) को टीम के व्यवहार की जांच भी करनी पड़ रही है। आरोप है कि कप्तान बेन स्टोक्स और उनके साथी खिलाड़ियों ने सीरीज के बीच लिए गए ब्रेक के दौरान जरूरत से ज्यादा शराब का सेवन किया।

### बेथेल-ब्रूक को पहले भी मिली चेतावनी

रॉब की ने यह भी खुलासा किया कि सीरीज से पहले जैकब बेथेल और हैरी ब्रूक को टीम मैनेजमेंट ने अनौपचारिक चेतावनी दी थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे की पूर्व संध्या पर दोनों का एक बार में शराब पीते हुए वीडियो सामने आया था। रॉब की ने कहा, 'डिनर के साथ एक गिलास वाइन से मुझे कोई समस्या नहीं है। उससे ज्यादा मुझे काफी गैरजरूरी लगता है। औपचारिक चेतावनी नहीं दी गई, लेकिन अनौपचारिक रूप से यह एक वेक-अप कॉल जरूर था।'

### ईसीबी जांच के मूड में

इन आरोपों के बाद इंग्लैंड के मैनेजिंग डायरेक्टर रॉब की ने साफ किया है कि मामले की जांच की जाएगी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि शुरूआती जानकारी के मुताबिक खिलाड़ी अच्छी तरह पेश आए थे। ईएसपीएन क्रिकइनफो ने रॉब की के हवाले से लिखा, 'अगर ऐसी बातें सामने आती हैं कि हमारे खिलाड़ी बाहर जाकर जरूरत से ज्यादा शराब पी रहे थे, तो निश्चित रूप से हम इसकी जांच करेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए अत्यधिक शराब पीना किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है और अगर हम इसकी जांच नहीं करते, तो यह हमारी विफलता होगी। लेकिन अब तक जो मैंने सुना है, उसके मुताबिक खिलाड़ी बहुत अच्छे व्यवहार में थे।'

### 'स्टैग पार्टी जैसा बर्ताव अस्वीकार्य'

रॉब की ने यह भी साफ किया कि वह टीम कल्चर में शराब की मौजूदगी के पूरी तरह खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इसकी एक सीमा होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'अगर यह मामला इतना बढ़ जाता है कि भारी शराबखोरी हो और माहौल किसी बैचलर पार्टी जैसा बन जाए, तो यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। मैं खुद शराब नहीं पीता और मुझे लगता है कि किसी भी स्थिति में शराब पीने की संस्कृति किसी की मदद नहीं करती।'

रॉब की ने कहा, 'अगर नोसा ट्रिप का मतलब फोन से दूर रहना, बीच पर जाना, साथ खाना-पीना और कभी-कभार एक ड्रिंक लेना था, तो मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन अगर यह इससे आगे जाता है, तो फिर यह मेरे लिए समस्या बन जाती है।'

### नोसा ब्रेक पर उठे सवाल

तीसरे टेस्ट से पहले इंग्लैंड की टीम ने चार दिन का ब्रेक लिया और ऑस्ट्रेलिया के हॉलिडे रिसॉर्ट नोसा की यात्रा की। यह फैसला पहले ही कई ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट विशेषज्ञों की आलोचना झेल चुका था। अब मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इस दौरान कुछ खिलाड़ियों ने भारी मात्रा में शराब पी, जिससे टीम कल्चर और पेशेवर अनुशासन पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## फाइनल में हार के बाद वैभव को क्यों झेलनी पड़ी हूटिंग?

**दुबई।** अंडर-19 एशिया कप फाइनल में भारत की करारी हार के बाद भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी चर्चा में आ गए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल मुकाबले में मिली 191 रन की भारी शिकस्त के बाद, स्टेडियम से बाहर निकलते समय पाकिस्तानी दर्शकों ने 14 वर्षीय भारतीय बल्लेबाज के लिए हूटिंग की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फाइनल मुकाबले में भारत को 348 रनों का विशाल लक्ष्य मिला था, लेकिन टीम दबाव में पूरी तरह बिखर गई। भारतीय पारी 26.2 ओवर में सिर्फ 156 रनों पर सिमट गई। पाकिस्तान ने हर विभाग में भारत को मात दी और एकतरफा अंदाज में खिताब अपने नाम किया।

मैच समाप्त होने के बाद जब खिलाड़ी मैदान छोड़कर बाहर जा रहे थे, उसी दौरान पाकिस्तानी दर्शकों के कुछ हिस्सों ने वैभव सूर्यवंशी को निशाना बनाते हुए हूटिंग की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि युवा बल्लेबाज शोर-शराबे के बीच स्टेडियम से बाहर निकल रहे हैं, जबकि कुछ दर्शक आपत्तिजनक टिप्पणियां भी करते नजर आ रहे हैं। हालांकि, इससे वैभव पर कोई असर नहीं पड़ा।

## विजय हजारे ट्रॉफी की बुधवार से होगी शुरूआत, रोहित-गिल जैसे स्टार खिलाड़ियों से बढ़ी चमक



**बंगलूरू।** विजय हजारे ट्रॉफी घरेलू वनडे टूर्नामेंट की शुरूआत बुधवार से हो रही है। इस बार इस टूर्नामेंट की चमक बढ़ गई है क्योंकि इसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे भारत के शीर्ष क्रिकेटर उपस्थित होंगे। इन दिग्गज खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने और अपनी क्षमता साबित करने का मौका मिलेगा। रोहित मुंबई, जबकि कोहली दिल्ली के लिए कुछ मुकाबले खेलेंगे।

विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने वाले स्टार खिलाड़ियों की कतार में ऋषभ पंत, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा जैसे नाम भी शामिल हैं, लेकिन कोहली और रोहित जितनी सुर्खियां किसी और को नहीं मिलतीं। कोहली और रोहित को इसलिए घरेलू टूर्नामेंट में खेलना पड़ रहा है क्योंकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी भारतीय क्रिकेटरों के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम दो मैच में खेलना अनिवार्य कर दिया गया है।

कोहली 15 साल बाद इस टूर्नामेंट में खेलेंगे। उनका और रोहित का इस टूर्नामेंट में खेलने का सीधा मतलब है कि यह दोनों खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट में विकसित हो रहे शक्ति समीकरणों से अछूते नहीं हैं। यह दोनों खिलाड़ी अभी क्रिकेट जगत के स्टार हैं लेकिन क्रिकेट परिदृश्य में तेजी से बदलाव हो रहा है जिसका असर इन दोनों पर पड़ना लाजमी है। रोहित ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह मुंबई की तरफ से सिक्किम और उत्तराखंड के खिलाफ जयपुर में 24 और 26 दिसंबर को होने वाले पहले दो मैच खेलेंगे। कोहली ने मुंबई में भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ के साथ अभ्यास किया। उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह दिल्ली के लिए कौन से दो या तीन मैच खेलेंगे।

दिल्ली एलीट ग्रुप डी में अपना पहला मैच आंध्र के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद दिल्ली का सामना गुजरात से होगा। कोहली के मंगलवार रात बंगलूरू पहुंचने के बाद से ही यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि यह स्टार बल्लेबाज इन दोनों मैच में खेलेगा।

## किस गेंदबाज को बेस प्राइस पर खरीदने पर आरसीबी की हो रही तारीफ?



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 की मिनी नीलामी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (फ्छइ) ने एक ऐसा दांव खेला है, जिसकी क्रिकेट जगत में जमकर सराहना हो रही है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी को आरसीबी ने सिर्फ दो करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर खरीदा और इस साल उनके प्रदर्शन ने इस फैसले को पूरी तरह सही साबित कर दिया है।

### अश्विन ने की खुलकर तारीफ

भारतीय स्पिनर आर अश्विन ने जैकब डफी की जमकर तारीफ करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि 2025 डफी के करियर का 'कमिंग ऑफ एज' साल बन चुका है। अश्विन के मुताबिक, डफी इस समय अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ दौर में गेंदबाजी कर रहे हैं और आरसीबी के लिए यह एक किमती चोरी है।

अश्विन ने लिखा- वेस्टइंडीज के खिलाफ हालिया टेस्ट सीरीज में 15.43 की गेंदबाजी औसत से 23 विकेट और 40.3 का स्ट्राइक रेट। साथ ही प्लेयर ऑफ द सीरीज। कमाल है! उनके लिए साल 2025 शानदार रहा है। ओवरऑल टी20 में उन्होंने 18.9 की गेंदबाजी औसत से 57 विकेट लिए। साथ ही उनका इकोनॉमी रेट 7.89 का रहा। उनका डॉट गेंद प्रतिशत 53.1 फीसद रहा, जो कि बेहतरीन है। 31 साल की उम्र में वह अपना पूरा दमखम लगा रहे हैं। यह आरसीबी के लिए कीमती चोरी है और उन्होंने दो करोड़ के बेस प्राइस पर खरीदा।

### आईसीसी टी20 रैंकिंग में नंबर-दो

जैकब डफी ने इस साल टेस्ट से लेकर टी20 तक में शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं टी20 अंतरराष्ट्रीय में उनका प्रदर्शन और भी प्रभावशाली रहा है। विकेट के साथ-साथ बेहतरीन डॉट बॉल प्रतिशत के साथ गेंदबाजों में अलग पहचान बनाई। डफी इस समय आईसीसी टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज हैं। उनसे आगे केवल वरुण चक्रवर्ती हैं, जबकि राशिद खान जैसे दिग्गज उनसे पीछे हैं।

इतना ही नहीं, वह आईसीसी के फुल मेंबर नेशन के गेंदबाजों में 2025 में अब तक तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज हैं। इस सूची में उनसे आगे सिर्फ मोहम्मद नवाज और वरुण चक्रवर्ती हैं। इस साल डफी ने 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 15.08 की गेंदबाजी औसत और 7.47 के इकोनॉमी रेट से 35 विकेट झटके हैं। 14 रन देकर चार विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन रहा है। पाकिस्तान के नवाज और वरुण के नाम इस साल 36-36 विकेट हैं। उन्होंने 2025 में तीनों प्रारूप मिलाकर कुल 81 विकेट झटके।

अर्जेंटीना को अपनी कप्तानी में विश्व कप दिलाने वाले स्टार फुटबॉलर लियोन मेसी की बहन मारिया कार दुर्घटना का शिकार हो गई हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, वह अभी खतरे से बाहर हैं।

## कार दुर्घटना में घायल हुई स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी की बहन मारिया, अस्पताल में भर्ती; शादी टली



**मियामी।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी की बहन मारिया सोल मेसी मियामी में एक गंभीर कार दुर्घटना में घायल हो गईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दुर्घटना के चलते जनवरी की शुरूआत में होने वाली उनकी शादी स्थगित करनी पड़ी है। खबरों के अनुसार, 32 वर्षीय मारिया को इस दुर्घटना में रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर, जलने के निशान और एड़ी व कलाई में फ्रैक्चर सहित कई चोटें आई हैं।

अर्जेंटीना के एक टीवी पत्रकार ने अमेरिका के टीवी कार्यक्रम एलएएम पर बताया कि मेसी की मां सेलिया कुकिटिनी ने पुष्टि की है कि मारिया सोल अब खतरे से बाहर हैं, लेकिन उन्हें लंबे समय तक रिहैब की आवश्यकता होगी। पत्रकार ने परिवार के हवाले से कहा, वह ठीक है, खतरे से बाहर है, लेकिन उनकी शादी तीन जनवरी को रोसारियो में होनी थी और उसे स्थगित करना पड़ेगा। उसे चोटें आई हैं, जिनका इलाज चल रहा है और रीढ़ की हड्डी में भी चोट लगी है। उसने रोसारियो में अपना रिहैब शुरू कर दिया है।

खबरों के मुताबिक, यह हादसा मियामी में हुआ जब मारिया सोल अपनी गाड़ी पर से नियंत्रण खो बैठी और कार एक दीवार से टकरा गई। पत्रकार ने बताया कि कुकिटिनी ने उन्हें बताया कि टक्कर से कुछ ही पल पहले उनकी बेटी बेहोश हो गई थी।

## न्यूज कॉलम

### ज्वेलरी शॉप में चोरी लाखों के जेवर ले गए

**इंदौर।** इंदौर के राऊ इलाके में सोमवार को एक ज्वेलर्स की दुकान के ताले टूटे मिले। बदमाश छत के रास्ते दुकान में घुसे और लाखों रुपए के जेवरात चोरी कर ले गए। सीसीटीवी कैमरों में बदमाश चोरी करते दिखे हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। राऊ पुलिस के अनुसार, यह घटना सिलिकॉन सिटी स्थित श्री ज्वेलर्स की है, जहां देवेंद्र सोनी दुकान का संचालन करते हैं। सोमवार करीब एक बजे उन्होंने चोरी की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद एसीपी निधि सक्सेना सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने बताया कि बदमाश सोने-चांदी के लाखों रुपए के आभूषण चुराकर फरार हो गए हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और उन्हें पकड़ने के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं।

### रीवा से पहली फ्लाईट देवी अहिल्या एयरपोर्ट आई

**इंदौर।** सोमवार को देवी अहिल्या एयरपोर्ट पर विंध्य क्षेत्र के यात्रियों के साथ उपमुख्यमंत्री डॉ. राजेन्द्र शुक्ल भी पहली विमान सेवा से पहुँचे। विंध्य क्षेत्र के यात्रियों ने पहली बार रीवा से इंदौर की फ्लाइट से यात्रा कर अपनी खुशी जाहिर की। फ्लाइट में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विंध्य क्षेत्र के 70 से अधिक नागरिक आये। इंदौर एयरपोर्ट पर इंदौर में रह रहे विंध्य क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों ने ढोल बाजे की करतल ध्वनि के साथ सभी का पुष्पगुच्छ, दुपट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया। मुंह मीठा कराकर हर्ष व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक श्री गोलू शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि इस नई फ्लाइट से विंध्य क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर हवाई सुविधा मिलेगी। विंध्य का व्यक्ति इंदौर एयरपोर्ट से दिल्ली, मुंबई, बेंगलोर, चेन्नई आदि मेट्रो शहरों की हवाई यात्रा कर सकेगा। इस हवाई सेवा से विंध्य क्षेत्र का ओर तेजी से विकास होगा। साथ ही उज्जैन और ओंकारेश्वर ज्योतिलिंग पर पर्यटन बढ़ेगा। प्रधानमंत्री जी का सपना है कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई सफर कर सकेगा। रीवा से फ्लाइट से आयी भजन गायिका द्विवेदी ने कहा कि अब इंदौर आना आसान हो गया है। रीवा से इंदौर आने में ट्रेन से 14 घंटे लगते थे, अब डेढ़ घंटे में पहुँच जाएंगे। इससे समय बचेगा। सत्यमणि पांडे, रामपाल सिपला, अमर सिंह ने कहा कि व्यापार के सिलसिले में अक्सर इंदौर आना पड़ता है। ट्रेन में समय अधिक लगता था, अब फ्लाईट की सुविधा मिलने से कम समय में इंदौर आ सकेंगे।

### 53750 रुपए कीमत की अवैध शराब और वाहन जप्त

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के द्वारा दिये निर्देशानुसार इंदौर जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में सोमवार को वृत्त राजमोहल्ला प्रभारी मीना माल की टीम के द्वारा नगर निगम एम जी रोड से अवैध मदिरा परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई । कार्यवाही में एक दोपहिया वाहन जेस्ट 110 मोटरसाइकिल से अवैध मदिरा परिवहन कर ले जाई जा रही 50 पाव देशी मसाला मदिरा एक झोले में बरामद की गई। आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। मदिरा वाहन सहित जप्त कर फरार आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाजार मूल्य लगभग 53750/- रुपए है। प्रकरण में विवेचना जारी है।

### संवेदना एवं आत्मविकास से परिपूर्ण रहा कार्यक्रम का पांचवा दिन

**इंदौर।** मेरा युवा भारत, इंदौर द्वारा आयोजित 17वें युवा जनजातीय आदान-प्रदान कार्यक्रम के पांचवें दिन युवाओं के बौद्धिक, मानसिक एवं व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ सामाजिक संवेदनशीलता और समावेशी सोच को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत इंदौर पंकज गोस्वामी के मार्गदर्शन में आयोजित यह दिन विशेष रूप से प्रेरणादायी एवं भावनात्मक रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत सुप्रसिद्ध प्रेरक वक्ता हेमंत कमल द्वारा मोबाइल एडिक्शन से मुक्ति विषय पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। अपने ओजस्वी संबोधन में उन्होंने युवाओं को मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से होने वाले मानसिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने डिजिटल अनुशासन, समय प्रबंधन, डिजिटल डिटॉक्स तथा सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के व्यावहारिक उपाय साझा किए। सत्र के दौरान युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने अनुभव भी साझा किए। इसके पश्चात कार्यक्रम में डाउन सिंड्रोम से ग्रसित विशेष बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

## कोचिंग के बाहर अर्धनग्न हुआ...

# छात्राओं को टॉफी का लालच दिया

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर के परदेशीपुरा क्षेत्र में नाबालिग छात्राओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर मामला सामने आया है। एक कोचिंग संचालिका ने आरोप लगाया है कि इलाके में रहने वाला युवक कोचिंग के बाहर कपड़े उतार कर अर्धनग्न अवस्था में खड़ा होता है। छात्राओं को टॉफी का लालच देकर अपने पास बुलाने की कोशिश करता है। विरोध करने पर फायर करने की धमकी देता है।

इस पूरे घटनाक्रम से डरी कोचिंग संचालिका सोमवार को वीडियो लेकर पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के पास पहुंची और आरोपी विजय सिंह झाला के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

शिक्षिका ने बताया कि जब वे शिकायत लेकर थाने पहुंचीं तो पुलिस ने उनकी लिखित शिकायत तो रख ली, लेकिन आरोपी से केवल माफीनामा लिखवाकर उसे छोड़ दिया। आरोप है कि थाने से बाहर निकलते ही विजय झाला ने फिर से गाली-गलौज और धमकियां देना शुरू कर दिया।

शिक्षिका का कहना है क 19 दिसंबर को सुबह करीब 11 बजे भी आरोपी ने अश्लील इशारे किए, जिसके बाद डायल 112 को सूचना दी गई। पुलिस आरोपी को थाने ले गई, लेकिन माफीनामा लेकर छोड़ दिया गया। इसके बाद आरोपी ने फिर से अपशब्द कहे, जिसका वीडियो भी बनाया है। शिक्षिका का आरोप है कि उन्होंने दोबारा थाने में जाकर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की, लेकिन ड्यूटी पर मौजूद अधिकारी ने टीआई आरडी कानवा के शाम 6 बजे आने के बाद आने की बात कहकर शिकायत लेने से इनकार कर दिया। वीडियो होने के बावजूद उन्हें थाने में काफी देर तक खड़ा रखा गया। शिक्षिका ने यह भी बताया कि कुछ साल पहले आरोपी विजय झाला पर एमजी रोड थाने में आर्म्स एक्ट से जुड़ा मामला दर्ज हो चुका है।




## सैलून पार्लर में डंडा लेकर घुसा बदमाश

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर के बाणगंगा इलाके में एक सैलून पार्लर में तोड़फोड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। इलाके में रहने वाला एक बदमाश डंडा लेकर सैलून में घुस गया और जमकर उत्पात मचाया। आरोपी ने न सिर्फ दुकान में तोड़फोड़ की, बल्कि संचालक और वहां काम कर रहे कर्मचारी के साथ भी डंडे से मारपीट की। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। बाणगंगा पुलिस ने सोमवार को शिवम वर्मा निवासी डी-सेक्टर, सुखलिया की शिकायत पर रितीक उर्फ अप्पू पिता दीपक बुंदेला के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़ और धमकी देने के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक शिवम की वीरेन्द्र जेंट्स पार्लर के नाम से दुकान है। सोमवार को वह अपनी दुकान पर मौजूद थे। उनके साथ कर्मचारी वीरू और कस्टमर कमल मेवाड़ा भी दुकान में थे। इसी दौरान कॉलोनी में रहने वाला रितिक जबरदस्ती दुकान में घुस आया और अपशब्द कहने लगा। उसने दुकान के गेट पर लगा कांच डंडे से तोड़ दिया। इसके बाद दुकान के अंदर लगे शीशों पर भी डंडे मारे।

**आवश्यकता है**
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता**
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाइन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

**बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति**
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

**बिना तोड़फोड़ वास्तु समाधान**
• कर्ज बढ़ रहा है
• बच्चा नशा करता है
• पति बीमार है
• काम छूट गया है
पं. पंकज शर्मा
मैं करूंगा समाधान पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

**हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?**
जीवन की कठिन परेशानियाँ व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

**ऑपरेटर की आवश्यकता है**
समाचार पत्र में कार्य करने के लिए अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है।
7773077762

**कृषि भूमि बेचना है**
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**स्थान परिवर्तन**
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार
समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

**पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है**
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर, किचन, हेल्पर तंदूर वाला और सिक्यूरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है।
पता- हरिफटक ब्रीज इंदौर रोड, उज्जैन
7610571808
9098080060

**किराये से देना है**
माधवपुर मक्सी रोड पर 1500 स्क्वेयर फीट का गोदाम किराये से देना है।
1500 स्क्वेयर फीट की सुविधा अलग से है।
8519054456

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता है**
गेस्ट हाउस में रूम सर्विस के लिए आदमी की। दिन व रात के लिए रहने की भी व्यवस्था। आधार कार्ड साथ लावें।
पताः हिमालय गेस्ट हाउस महाकाल मंदिर के सामने, बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन।
9669890245
9074164558

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग मैनेजर पी.ए. (पर्सनल असिस्टेंट) सोशल मिडिया एग्जीक्यूटीव-पब्लिक रिलेशन ऑफिसर कम्प्यूटर ऑपरेट (डी.टी.पी. ग्राफिक्स) डिजाईनर, वीडियो एडिटर, टेलीकॉलर, ऑफिस बॉय, घरेलू नौकर।
नारायण सेवा ट्रस्ट, मप्र. बड़नगर रोड, उज्जैन
9589457724
6261309287

**प्लाट बेचना है**
खुली भूमि उत्तर से दक्षिण, पूर्व की ओर 95.8 फीट, पश्चिम की ओर 106 फीट और पूर्व पश्चिम उत्तर की ओर 102.7 फीट, दक्षिण की ओर 99 फीट कुल एरिया 10275 वर्गफीट, जिसके उत्तर में रोड के बाद माहेश्वरी का मकान, दक्षिण में सुन्दरबाई का मकान और नागूलाल का मकान, पूर्व में रामाजी जाट की गली उर्दूपुरा रोड, पश्चिम में रस्सी गली मुन्सीपल नम्बर पुराना 5/1317, नया नम्बर 12 लाल बाई फूलबाई मार्ग उर्दूपुरा उज्जैन जो कि जाधव गुवाड़ी के नाम से जाना जाता है, को विक्रय करना है।
सम्पर्क सूत्र - 9425002108
ब्रजलाल रांका

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईंट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280


**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762




मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com